बटुकभैरवसपर्या

बटुकभैरव-उपासना का साङ्गोपाङ्ग विवेचन

डॉ० रामप्रिय पाण्डेय

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला
604

⁂

बटुकभैरवसपर्या

बटुकभैरव-उपासना का साङ्गोपाङ्ग विवेचन

लेखक एवं सम्पादक

डॉ० रामप्रिय पाण्डेय

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

© सर्वाधिकार सुरक्षित। इस प्रकाशन के किसी भी अंश का किसी भी रूप में पुनर्मुद्रण या किसी भी विधि (जैसे-इलेक्ट्रोनिक, यांत्रिक, फोटो-प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग या कोई अन्य विधि) से प्रयोग या किसी ऐसे यंत्र में भंडारण, जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो, प्रकाशक की पूर्वलिखित अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।

बटुकभैरवसपर्या

पृष्ठ : 44+724
ISBN : 978-93-83721-74-0

प्रकाशक
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)
के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129, वाराणसी 221001
दूरभाष : +91 542-2335263
email : csp_naveen@yahoo.co.in
website : www.chaukhamba.co.in

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रथम संस्करण 2016 ई०
मूल्य : ₹ 850.00

अन्य प्राप्तिस्थान
चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस
4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)
गली नं. 21-ए, अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली 110002
दूरभाष : +91 11-23286537; 32996391
email : chaukhambapublishinghouse@gmail.com

●

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
38 यू. ए. बंगलो रोड, जवाहर नगर
पो. बा. नं. 2113, दिल्ली 110007

●

चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बैंक ऑफ बड़ौदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069, वाराणसी 221001

सम्पादकीय

भीरुणामभयप्रदो भवभयाक्रन्दस्य हेतुस्ततोः,
हृद्धाम्नि प्रथितश्च भीरवरुचामीशोऽन्तकस्यान्तकः।
भीरं वायति यः स्वयोगिनिवहस्तस्य प्रभूर्भैरवो,
विश्वस्तिन्मभरणादिकृद्विजयते विज्ञानरूपः परः॥

भीरुओं (मरण रूपी भय से ग्रस्त लोगों) को अभय प्रदान करनेवाले, भव(सांसारिक) भयों को आक्रान्त करनेवाले, हृद् अन्त:करण में प्रकाश विमर्शात्मक स्वरूपवाले, काल का वारण करनेवाले, योगियों में स्वस्वरूप से प्रकट होनेवाले, इस समस्त विश्वान्धकार पर विजय प्रदान करानेवाले परम विज्ञान रूप भैरव ही है।

साक्षात् परमशिव जो निष्कल स्वरूप से सर्वत्र व्याप्त हैं उनका ही सर्वरूपात्मक लघु रूप ही वटुक भैरव है अर्थात् परमशिव ही छोटे रूप में वटुकभैरव रूप है।

सर्वत्रव्यापितं ब्रह्म शिवभावेनभावितं।
तैः स्वरूपं सकलं वटुकभैरवरूपिणम्॥

इन भैरव की उपासना मुख्यत: तीन रूपों में होती है, जिसे ही भाव कहते है, इन्हीं तीनों भावों की उपासना मनुष्यों में से तीनो मलों को नष्ट करतीं हैं। ये भाव क्रमश: पशु, वीर तथा दिव्यादिभावों के रूप में कहे गये हैं। पाशविक मनुष्यों द्वारा की जानेवाली पशुभाव उपासना वीरभाव के लिए प्रेरित करती है, वीरभावाप्रवृत्ति से मनुष्य में पशुभाव की परिसमाप्ति हो जाती है तथा कार्मणमल नष्ट हो जाते हैं। वीरभावानुसरण से मनुष्य में दिव्यभावानुसरण की प्रवृत्ति बनती है तथा मायीवमल की परिसमाप्ति हो जाती है और अन्त में जब साधक क्रमिक विकाश को प्राप्त करता हुआ दिव्यभाव में प्रवृत्ति होता है तो उसमें से आणवमल परिसमाप्त हो जाते हैं और साधक अपने स्वस्वरूपत्व को प्राप्त कर लेता है तथा दिव्याभाव में विचरण करने लगता है उसे ही जीवनमुक्त कहा जाता है। उसमें शाप देने तथा अनुग्रह करने का सामर्थ्य प्राप्त हो जाता है। उसमें समस्त सिद्धियाँ आ जाती हैं और साधक स्वयं भैरवरूप हो जाता है।

साधक में से मृत्यु रूपी भय पूर्ण रूप से नष्ट हो जाये और उसे पूर्णत: सच्चिदानन्द की प्राप्ति हो जाये इसके लिए एकमात्र साधन वटुकभैरवोपासना ही है। साधक किसी भी तरह से विना वटुकभैरवोपासना किये इस संसार के जन्ममरण से कभी भी मुक्त नहीं हो

सकता है। किसी भी मनुष्य के लिए मरण का भय स्वाभाविक है, क्योंकि मनुष्य ही नहीं अपितु समस्त सृष्टि के प्राणी मात्र नित्य मरणधर्मा है, जो जन्म लेता है वह निश्चय ही मरता है और जो मरता है वह निश्चय ही पुन: जन्म लेता है।

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि॥

इस जन्म मरण की गति से एकमात्र मुक्ति दिलानेवाला उपाय श्रीमद्बटुकभैरव की उपासना ही है। इसके अतिरिक्त मुक्ति का साधन कोई भी साधना या उपसना नहीं है।

उपासना के दो भेद होते हैं अर्चना तथा जप। अर्चना के पाँच अङ्ग होते हैं, पूजन, कवच, सहस्रनाम, पटल तथा पद्धति पाठ। जप के भी पाँच अङ्ग होते हैं, जप, हवन, तर्पण, मार्जन तथा ब्राह्मण भोजन। दोनों के सङ्कलन करने पर उपासना के कुल दश अङ्ग हो जाते हैं। जो किसी भी साधना में अनिवार्य है, बिना दशाङ्ग अनुसरण किये, किसी भी उपासना का कोई फल नहीं मिलता है। प्रस्तुत ग्रन्थ में श्रीमद्बटुकभैरव की साङ्गोपासना में दशो अङ्गों का समावेश किया गया है। इस पद्धति का आश्रय ग्रहण करने पर साधक को अन्यान्य ग्रन्थों से कोई सहायता नहीं लेती पड़ती है। कोई भी साधक अपने गुरु से श्रीमद्बटुकभैरवोपासना की दीक्षा-शिक्षा ग्रहण करने के बाद साधक केवल इस पुस्तक में बतलाये हुए क्रम से, विधि-पूर्वक कार्य सम्पादन कर, पूर्ण फल की प्राप्ति कर सकता है इसमें कोई संशय नहीं है।

सन्तजनों की प्रेरणा से वटुकभैरवसपर्या ग्रन्थ का लेखन स्वयं महाभैरव की कृपा से सम्पन्न हुआ, इस उपासना पद्धति के अनुसरण करने पर मनुष्य के तीनों प्रकार के आणव, मायिक तथा कार्मिक मल एक ही बार में नष्ट हो जातें हैं, साधक में से पशुता पूर्णत: नष्ट हो जाती है तथा उसे पूर्णत: फल की प्राप्ति हो जाती है। वह पूर्णभैरव स्वरूप ही बन जाता है।

प्रस्तुत प्रबन्ध मनुष्यों की दयनीय अवस्था से रक्षा के लिए तथा उनका भला करने के लिए श्रीपितृचरण स्व० प्रोफेसर वायुनन्दन पाण्डेय जी को समर्पित है, जिसका प्रकाशन श्रीनवनीत गुप्त जी प्रकाशक, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन के द्वारा जनकल्याणार्थ किया गया, सभी जन इसके माध्यम से अपने जीवन को आपत्तिविपत्तियों से मुक्त कर शान्तिमय सुख प्राप्त करें। ग्रन्थ को सरलतम और उपयोगि बनाने में यत्र तत्र विषय विस्तारित हो गया है जो लोककल्याण की भावना से लोकोपयोगी बनाने का प्रयासमात्र है। नित्यं शुभं भवतु।

श्रावणशुक्लापञ्चमी, संवत् २०६९ वि० **रामप्रिय पाण्डेय**

श्रीगुरोः स्तुतिकुसुमाञ्जलिः

काश्यामुपेत्यविधिवत् तपसाबलेन, प्राप्तश्रियः सकलशास्त्रविचारदक्षान्।
अध्यापनेन सततं कृतशास्त्ररक्षान्, श्रीवायुनन्दनबुधान् प्रणमामि नित्यम्॥१॥
पूर्वं नमस्त्रिमुनिशास्त्रविचक्षणाय, साहित्यमर्मविदुषे कृतिने ततश्च।
मीमांसया दलितदुर्व्यसनाय पश्चात्, श्रीवायुनन्दन! महामतये नमस्ते॥२॥
शास्त्राण्यधीत्य बहवः कटुकैर्विवादैर्ग्रस्तान्तरास्तु समयं क्षपयन्ति नित्यम्।
श्रौतप्रभाविलसिता गुरवो मदीयाः श्रीविश्वनाथपदभक्तिजुषः किलासन्॥३॥
साहित्यशास्त्रसुरवृक्षविवर्धनेन, तस्यामृताभफलदानमनोहरेण।
सत्रेण भारतधरा किल यस्य भाति, तस्मै बृहस्पतिनिभाय नमो नमस्ते॥४॥
ये ब्रह्मवंशविभुताकलितान्तरङ्गा, आचारतश्च भृतभूरिविभूतिभङ्गाः।
गङ्गावगाहनशिवार्चनतत्परास्ते, श्रीवायुनन्दनबुधा गुरवो जयन्ति॥५॥
भस्मत्रिपुण्ड्रविलसच्छुभविग्रहाणां, विद्याविलासविगलन्मधुवाग्झराणाम्।
पाण्डेयवर्यविदुषां पदयोर्नतिर्नो, भूयादहर्निशममङ्गलनाशनाय॥६॥
काश्यां विपश्चिदतुलासु सभासु सभ्या, यत्सन्निधौविधृतमौननिभा अभूवन्।
तान् विश्वनाथपदपङ्कजभृङ्गभूतान्, श्रीवायुनन्दनगुरून् सततं स्मरामि॥७॥
जाज्वल्यमाननिजपावनविग्रहेण, लोकोत्तरेण महसा च तपोबलेन।
श्रीविश्वनाथपदमाशुगतं भवन्तं, ध्यात्वा पितः वयमहो कृतिनो भवामः॥८॥

परमपूज्यश्रीपितृचरणगुर्वर्पणमस्तु

⁂

श्रद्धासुमनाञ्जलीः

साहित्योदधिमज्जितोऽतिगहनान् ग्रन्थान् समालोचयन्,
शास्त्राभ्यासपरायणः प्रतिदिनं स्वाध्यायशीलः सुधीः।
शृङ्गारादिरसैः सदार्द्रहृदयो विद्वद्वरेण्याऽग्रणीः,
वन्द्यः पण्डितवायुनन्दनकविर्विश्वेश्वरोपासकः॥१॥
रामे भक्तियुतो यथाऽमितबली वायोः सुतः कीर्तिमान्,
रामाभ्यां समधीतवाननलसः शास्त्रं तथा बुद्धिमान्।
प्राप्नोद् व्याकरणे पटुत्वमचिरं विद्योतितो ज्योतिषा,
सत्संस्कारमथाग्रहीद् द्विजकुलस्याप्यत्र बाल्ये ब्रती॥२॥
विद्याम्भोधिनिमज्जनोद्धुरमना सारस्वतः साधकः,
काशीं मुक्तिकरीमुपेत्य विदुषः कालीप्रसादादसौ।
विज्ञातुं समुपस्थितः प्रमुदितः शास्त्रार्थतत्त्वं परं,
पातुं काव्यसुधारसं च रुचिरं श्रेयस्करं दुर्लभम्॥३॥
काश्यां संस्कृतशिक्षणेऽतिनिपुणोऽयं विश्वविद्यालये,
आचार्येति प्रतिष्ठिते गुरुपदे संशोभितोऽभूदहो।
आदर्शञ्च समस्तशिक्षकगणस्यादर्शयन् सुन्दरम्,
छात्राध्यापनतरः समभवद् विजयते वाणीसुतः सात्त्विकः॥४॥
श्रीवायुनन्दन-पाण्डेयं ज्ञानमार्तण्डरूपिणम्।
आचार्यप्रवरं भक्त्या भूयो भूयो नमाम्यहम्॥५॥

श्रद्धासुमनाञ्जलिः श्रीगुर्वर्णणमस्तु

भूमिका

भैरव तत्त्व जिज्ञासा—भया रवतीति भैरवः। भिया सर्वं रवयति। जिससे समस्त भय समाप्त हो जायें अथवा जो समस्त भयों को रव(समाप्त) कर दे उसे ही भैरव कहते हैं।

भैरव का स्वरूप क्या है, उनका तत्त्वात्मक स्वरूप क्या है, यह जानने के लिए समस्त शैव, वामादि शास्त्रों का ज्ञान आवश्यक है, विना इन शास्त्रों के ज्ञान के भैरव पदार्थ बोध असम्भव है। इसकी जिज्ञासा में भैरव का वास्तविक स्वरूप क्या है? क्या यह स्वरूप शब्द राशि कलात्मक ब्रह्म है? अथवा क्या नव तत्त्वात्मक है? अथवा क्या यह सच्चिदानन्दस्वरूप पूर्ण ब्रह्म भाव भूत पञ्चकृत्यं स्वभाव भूत चैतन्य तत्त्व नर शक्ति और क्या शिवात्मक रूप से त्रिशिरोभेदभिन्न रूप का है? अथवा मातृ, मान और मेय व्यापार रूप जन्य इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्ति स्वरूप है? अथवा क्या नाद स्वरूप है? अथवा अङ्गभूत अर्द्धचन्द्र निरोधात्मक व्यापार रूप है? अथवा षट् चन्द्राकार, षट् पत्रात्मक चक्रों में स्थित मातृस्वरूप है, जो कि स्वरवर्णों से रहित है? अथवा कुण्डलिनी स्वरूप है?

किं रूपं तत्त्वतो देव? शब्दराशिकलामयम्।
किं वा नवात्मभेदेन भैरवे भैरवाकृतौ॥
त्रिशिरोभेदभिन्नं वा किं वा शक्ति त्रयात्मकम्।
नादविन्दुमयं वापि किं चन्द्रार्धनिरोधिकाः॥
चक्रारूढमनच्कं वा किं वा शक्तिस्वरूपकम्।
परापरायाः सकलं अपरायाश्च वा पुनः॥
पराया यदि तद्वत् स्यात् परत्वं तद्विरुध्यते।
न हि वर्णविभेदेन देहभेदेन वा भवेत्॥
परत्वं निष्कलत्वेन सकलत्वेन न तद्भवेत्।

क्या भैरव अकार से लेकर क्षकार तथा वर्णमाला रूप है? जो कि सर्वोत्कृष्ट आनन्द की इच्छा विमर्शशक्ति के द्वारा सारे संसार को अपने भीतर समाहित करती हुई वर्णमाला के रूप में प्रकट होती है तथा विमर्श शक्ति के नाम से कही जाती है अथवा प्रकृति से लेकर शिव पर्यन्त विचार युक्त तथा त्रिशिरोभेद त्रिशिरतन्त्र के अनुसार मनुष्य शक्ति और शिव ये त्रितत्त्वात्मक है, जिसने संसार को अपने भीतर समाहित कर लिया है?

भैरव न तो नवात्मा (नवशक्तिस्वरूप) हैं, न शक्तित्रयस्वरूप हैं, न वे त्रिशिरा हैं, न नादविन्दुस्वरूप हैं, न अर्द्धचन्द्रस्वरूप हैं और न निरोधिका(स्पष्ट रेखा) हैं, न षट् चक्रात्मक हैं और न वर्णचक्रात्मक हैं और न कुण्डलिनी आदि शक्तिस्वरूप ही हैं।

तत्त्वतो न नवात्मासौ शब्दराशिर्न भैरवः।
न चासौ त्रिशिरा देवो न च शक्तित्रयात्मकः॥
नादविन्दुमयो वापि न चन्द्रार्धनिरोधिकाः।
न चक्रक्रमसम्भिन्नो न च शक्तिस्वरूपकः॥

क्रम सृजन अवस्था में स्वातन्त्र्यशक्ति, क्रमसंसिसृक्षा और क्रमात्मकता ये व्यापक परमात्मा की त्रिमूर्तियाँ हैं। ये तीनों ही शक्तियाँ त्रिदेवी हैं, अतः अपराशक्ति और परापराशक्ति का स्वरूप समान होने के कारण इन दोनों में परस्पर भेद प्रक्रिया मात्र है अर्थात् एक ही परमात्मा तत्त्व जो स्वयं प्रकाश है जैसे दर्पण में प्रतिविम्बित सम्पूर्ण संसार दर्पण से भिन्न नहीं होता उसी प्रकार आत्मा और शरीर तथा जगत् की एक्यता है, यह आत्मा शरीर में होने से शरीर से भिन्न नहीं है।

भैरव का सकल और निष्कल जैसा स्वरूप केवल विकल्पात्मक है, यह भैरव का वास्तविक स्वरूप नहीं है, भैरव के स्वरूप का भेद तो केवल काल्पनिक है। जिसका हेतु मात्र यथार्थ की योग्यता निर्मित करना मात्र है। यथार्थ योग्यता के बाद ही साधक परम भैरव के स्वरूप का साक्षात्कार करते हैं।

दिशा और काल के व्यापार से मुक्त, दूर या समीप के भेद से रहित, प्रतिपादन के अयोग्य, यह तत्त्वतः अनिर्वचनीय हैं। वास्तव में अन्तःकरण के भीतर ही भीतर अपने अनुभव मात्र से आनन्द देनेवाली और सङ्कल्प विकल्प से मुक्त होकर अनुभूत होनेवाली जो परिपूर्ण आकारवाली अवस्था है वही भैरवी शक्ति है, उस शक्ति को धारण करनेवाला तथा इस विश्व का भरण करनेवाला ही विमलरूप भैरव का है।

दिक्कालकलनोन्मुक्ता देशोद्देशाविशेषिणी।
व्यपदेष्टुमशक्यासावकथ्या परमार्थतः॥
अन्तः स्वानुभवानन्दा विकल्पोन्मुक्तगोचरा।
यावस्था भरिताकारा भैरवी भैरवात्मनः॥
तद्वपुस्तत्त्वतो ज्ञेयं विमलं विश्वपूरणम्।

भैरव की यही अवस्था परा है, जिसे पर होने के कारण परादेवी कहा जाता है, जैसे शक्ति और शक्तिमान में सदैव अभेद रहता है, उसी प्रकार परमात्मा की शक्ति उस परमात्मा के धर्म(सर्वज्ञत्वादि) से युक्त होने के कारण परमात्मस्वरूपिणि परादेवी कहलाती है।

एवं विधा भैरवस्य यावस्था परिगीयते।
सा परा पररूपेण परादेवी प्रकीर्तिता॥

शक्तिशक्तिमतोर्यद्वत् अभेदः सर्वदा स्थितः।
अतस्तद्धर्मधर्मित्वात् परा शक्तिः परात्मनः॥

जैसे वह्नि विषय बोध में वह्नि की दाहकता शक्ति वह्नि के अतिरिक्त कुछ भी नहीं होती है, उसी प्रकार यह ज्ञान की सत्ता में प्रवेश करने के लिए निमित्त मात्र है, ज्ञानसत्ता में वह्नि को जानने की इच्छा का अनुभव करने पर जो वह्नि विषयक ज्ञान की जिज्ञासा में वह्नि की दाहकता का अनुभव के पश्चात् ही निर्णय कर पाता है, कि 'यह वह्नि है'। वह्नि विषयक प्रथमोपलब्धि दाहात्मिका शक्ति ही होती है, उसके बाद ही वह्नि की अन्य क्रियाओं का बोध होता है। कहा भी गया है कि फल के भेद से जिसमें भेद आरोपित किया जाता है, ऐसे पदार्थ स्वरूप ही शक्ति का स्वरूप है।

फलभेदादारोपितभेदः पदार्थात्मा शक्तिः।

जो साधक इस पराशक्तिस्वरूप अवस्था में प्रवेश करता है, तो आगे के साधनात्मक उपायों से अणुरूप का उपदेश प्राप्त कर लेता है, तब निर्विभाग भावना दृढ़ होती है, उस बल को प्राप्त कर जीव शिवस्वरूप हो जाता है। शिव की यह पराशक्ति शिवतत्त्व में प्रवेश करने का प्रधान द्वार है अर्थात् पराशक्ति की प्राप्ति से ही शिवत्त्व प्राप्त होता है।

शक्त्यावस्थाप्रविष्टस्य निर्विभागेन भावना।
तदासौ शिवरूपी स्यात् शैवी मुखमिहोच्यते॥

जिस प्रकार प्रकाश से दीपक का और किरणों से सूर्य की दिशा का पता चल जाता है, उसी प्रकार शक्ति के द्वारा शिव का बोध होता है अर्थात् शिवत्व प्राप्त होता है।

यथालोकेन दीपस्य किरणैर्भास्करस्य च।
ज्ञायते दिग्विभागादि तद्वच्छक्त्या शिवः प्रिये॥

ऊर्ध्व गमन करनेवाला वायु ही प्राण कहा जाता है, यह प्राण वाह्य द्वादशान्त से हृदय गत होता है और जब यही वायु हृदय से वाह्य द्वादशान्त के लिए गमन करता है उसे अपान की संज्ञा से उच्चरित करते है। इन प्राण और अपान का विषयों से निरोध कर निर्विषयक स्पन्दन ही परा कहलाता है, यह अन्तः और वाह्य दोनों का उन्मेषक है, यह दोनों उन्मेष वाह्य और आभ्यान्तर स्थान, वाह्य द्वादशान्त तथा हृदय दोनों में भरने के कारण जो भरितावस्था है, यही भैरव की अभिव्यक्ति है।

यह प्राण ही जीव संज्ञक है, यह जीव ही वाह्य द्वादशान्त से हृदय पर्यन्त जब गमन करता है तो प्राण संज्ञक होता है और जब यही जीव हृदय से वाह्य द्वादशान्त पर्यन्त गमन करता है तो अपान संज्ञक होता है। यह प्राण और अपान की गमनागमन क्रिया का सूक्ष्म स्वरूप ही परा कहलाती है। यह नित्य श्वास-प्रश्वास के द्वारा अक्षरोच्चारण करती हुई विद्यमान है। यह निर्गम तथा प्रवेश रूप प्राणापान से रहित केवल स्पन्दोत्पत्ति मात्र जिसका स्वरूप है वह पराशक्ति कहलाती है।

ऊर्ध्वो प्राणो ह्यधो जीवो विसर्गात्मा परोच्चरेत्।
उत्पत्तिद्वितयस्थाने भरणाद्भरितास्थितिः॥

प्राण प्राणमय है और अपान अपानमय है। यह प्राणापान का आगमन निर्गमन ही आपूरण कहलात है। इसी को भरिता स्थिति या पराशक्ति(भैरवी) के नाम से कहा जाता है। यह प्राणापान की उत्पत्ति बाह्य-आभ्यान्तर उत्पादन से हृदय और बाह्यद्वादशान्त में भरने के कारण ही भरिता कहलाती है और नित्य उन्मीषित होने के कारण स्फुरण करती हुई भैरवीशक्ति, भरितास्थिति या भैरवताभिव्यक्ति के नाम से उच्चारित की गयी है।

सम्पूर्ण इन्द्रियों में विषयों का संचार करनेवाला प्राणप्रवाह जब हृदय से ऊर्ध्वद्वादशान्त को गमन करता है तो उसे ही ऊर्ध्व कहा जाता है तथा जब यही प्राण समस्त विषयों में प्रवेश पा लेता है तो जीव कहा जाता है और जब ऊर्ध्व द्वादशान्त से हृदय की ओर गमन करता हुआ वाह्य गमन करता है तो अपान कहलाता है। यही भीतर की ओर गमन करता हुआ वायु ही पराशक्ति कहलाता है। अत: ग्राह्य सूक्ष्म प्राणप्रवाह को ग्रहण करनेवाला स्थान हृदय तथा ग्राहक उत्पत्ति स्थान को ग्रहण करनेवाला द्वादशान्त कहलाता है तथा दोनों स्थानों में संचार करनेवाला वायु ही उन्मेष कहा जाता है।

इस प्रकार प्राण और अपान को भरने के कारण ही भरिता शक्ति कहलाती है। प्राण और अपान उन्मेष और पद नाम से कहे गये हैं। अत: समग्रवाचक वर्णों के भीतर अनुप्राणित होनेवाला अकार ऊर्ध्व कहलाता है और अन्तिम वर्ण सकार **(सान्त मातृकागत वर्णसमुदायः)** अध: कहलाता है। इस प्रकार अकार से सकार तक गमनागमनात्मिकाशक्ति, जिसके अन्त में हकार आता है तथा जो कलनात्मा नाद रूप है परा कहलाती है। वह मातृका चक्र के क्रम से वाच्य और वाचक के अन्तर्गत सम्पूर्ण जगत् में संचार करती है, जो अपने तेज से भेदक पदों को दबाकर उन्मीषित होती है। इसलिए दोनों उत्पत्ति के स्थान अकार और हकार का चिन्तन करने पर शिव और शक्ति का संघटन(हृदय और द्वादशान्त तक जो निरन्तर होता रहता है) भरिता शक्ति या पराशक्ति कहलाती है। उत्कृष्ट होने के कारण सम्पूर्ण संसार में प्राणशक्ति का संचार करने के कारण इच्छा, ज्ञान और क्रिया का प्रसार ऊर्ध्व कहलाता है तथा विमर्श शक्ति के कारण निकृष्ट अर्थात् इच्छा करने योग्य ज्ञेय रूप कार्यात्मा जीव है।

वह जीव सोम अर्थात् मन रूप होने के कारण संसार के प्राणियों की जीवित स्थिति का कारण है, वही अध: कहलाता है। इसी प्रकार शक्ति त्रयात्मा-परा-अपरा और परापरा के रूप में भगवान की तीनों शक्तियाँ ही भरिता कही जाती है। ये उत्कृष्ट होने के कारण स्फुरणा रूप से सम्पूर्ण विश्व में फैलाती हुई ईश्वर तत्त्व की उत्पत्ति के समय में उन्मेष और स्थिति के समय में पद शब्द से प्रतिपादित की गई है। इस प्रकार प्रकाश्य और प्रकाशक रूप से संघट्टात्मक स्थान(हृदय और द्वादशान्त) प्रमाण और प्रमातृ से परिपूर्ण करने के

कारण यह पराशक्ति के नाम से तुर्यावस्था के आनन्द से प्लावित होने के कारण भरितास्थिति कही गयी है।

जैसे तिल के भीतर ही तेल रहता है उसी प्रकार परापरा और अपरा त्रिशक्ति में व्याप्त करनेवाली चतुर्थ शक्ति तुर्या(जो आनन्दमय) है भरिताशक्ति है उसी को पराशक्ति कहते है और ऊर्ध्व स्थित शब्द से मायापर्यन्त चलने का मार्ग प्राण कहा जाता है। वह शुद्ध-अशुद्ध तथा अध्व में व्यापक होकर शिवशक्ति रूप से संचार करता है उसे ही ऊर्ध्व कहते है। मायिक तत्त्व समुदाय को ग्रहण कर लेने के कारण जीव नर शब्द से वाच्य होता है। प्राणवायु का प्रवेश-निर्गम हृदय और द्वादशान्त दोनों स्थानों में उत्पन्न होनेवाला शुद्धाध्व और अशुद्धाध्व दो मार्गों से व्याप्त पराशक्ति को सर्व सर्वमयत्व भावना से सामरस्य उत्पन्न करने के कारण भरितास्थिति है।

अनुत्तराकुलात्माचित्तधाम में स्वयं उन्मीषित होनेवाला हकार ऊर्ध्व है और सकार विसर्गस्वरूप युक्त अध: अर्थात् जीव स्वरूप है। यह हानोपादान रूप हँसी ही परादेवी है। **अहं सः** मै वही हूँ इस प्रकार आत्मप्रत्यभिज्ञान विमर्श समान उपलब्ध होता है क्यो कि उत्पत्ति के दोनों स्थानों में हकार और सकार के उदय होने के कारण तथा हृदय और द्वादशान्त दोनों स्थानों को भरने के कारण उन वर्णों में विमर्श के परिशीलन की युक्ति से शक्ति का बल प्राप्त होता है, वही भैरवीभाव है। 'सम्पूर्ण मैं हूँ' ऐसा सर्वव्यापक भवनात्मक शुद्धविकल्प विमर्श स्वरूप शाक्तभाव कहा जाता है।

मरुतोऽन्तर्बहिर्वापि वियद्युग्मानिवर्तनात्।
भैरव्या भैरवस्येत्थं भैरवि व्यज्यते वपुः॥

प्राण और अपान रूप वायु के भीतर-बाहर हृदयाकाश और वाह्य द्वादशान्ताकाश से आवर्तन-प्रत्यवर्तन के रूप से क्षणमात्र अन्तर्मुख होकर अवस्थित होने से जो स्थिति होती है, वह भैरव रूप भैरवी या भैरवी रूप भैरव कही जाती है। वह अन्त:करण में स्वानुभव से आनन्द मात्र स्वरूपवाली है। यह धर्मी और धर्म के रूप से शिवशक्ति या प्रकाश-विमर्श स्वरूप होते हुए भी परमार्थत: एक ही तत्त्व को प्रकट करती है। अर्थात् प्राणोत्पत्ति स्थान हृदय में स्थित जो हृदयपद्मरूप यन्त्र है उससे प्राणवायु का उदय होता है। वह प्राणवायु बाहर बारह अङ्गुलपर्यन्त आकाश में संचार करता है तब वह प्राण कहलाता है। बारह अङ्गुलपर्यन्त गमन के पश्चात् प्राण गति के क्षण मात्र के लिए अस्त हो जाने के कारण, जब तब अपान गमन उत्पन्न न हो तब तक जो अवस्था रहती है वह भैरव स्वरूप है। क्षण मात्र के बाद जब वायु अपान गमन को धारण कर भीतर जाने लगता है तब बाहर द्वादशान्त आकाश से अपान का उदय होने के बाद हृदयाकाश में पहुचने तक उसमें अपानत्व रहता है। हृदय में पहुचने पर अपानत्व शक्ति नष्ट हो जाने पर प्राणवायु की उत्पत्ति के पूर्व जो शून्याकार स्थिति रहती है वह भैरवी स्वरूप है।

इसी प्रकार जब उसमें प्राणशक्ति उत्पन्न हो जाती है और वह द्वादशान्त तक आता है और प्राणत्व नष्ट हो जाने के कारण क्षणमात्र के लिए भैरवस्थिति में रह कर फिर अपानत्व ग्रहण कर लेता है तब प्राणापान के आगमन-निर्गमन के मध्य में जो स्थिति बनती है वह भैरवीस्थिति के स्वरूप के ही समान और भैरवीस्थिति भैरवस्थिति के स्वरूप के समान होता है। इस प्रकार प्रयत्न न करने पर भी स्वत: ही प्रकृति के द्वारा ही संचालित होता है।

वाह्यानाभ्यन्तरांश्चैतान् कुम्भकादीननारतम्।
प्राणापानस्वभावान् स्वान् बुद्ध्वा भूयो न जायते॥
गच्छतस्तिष्ठतो वापि जाग्रतः स्वपतोऽपि वा।
एते न रोधमायान्ति प्रकृत्या हि चलाऽनिलः॥

स्व-स्वभाव से(प्राकृतिक रूप से) होनेवाले प्राणायाम को समझ ले तो वह स्वयं मोक्षप्रद हो जाता है। प्राणी के समस्त व्यवहार हैं उसे करते हुए इस ज्ञान के साथ चिन्तन करता हुआ कुम्भकावस्था में रह कर भी उससे मुक्त होता है, वे समस्त कर्म उसके नहीं होते हैं। प्राणापान स्वभाववाले कुम्भकों को समक्ष कर जन्म-मरण के चक्कर में नहीं पड़ते अर्थात् मुक्त हो जाते हैं।

स्वस्वभावतया बुद्धा यदि स्युस्तर्हि मोक्षदा।
यत्करोति यदश्नाति बोधेनैताननुस्मरन्॥
कुम्भकादीन्नरः सोऽन्तस्तत्र कर्ता न किञ्चन।

प्राण जब हृदय कमल से बहिर्मुख होकर स्वत: से ही प्राणवायु की गति उत्पन्न होती है वह प्राणवायु की रेचकावस्था है, हृदय से बाहर निकलते हुए प्राणवायु का प्रत्येक अङ्गों से स्पर्श होना, यह प्राणवायु की प्रथम पूरकावस्था है। बाहर के प्रदेश से बिना किसी प्रयत्न के जब वायु प्रत्यावर्तन करता है तो प्रत्येक अङ्ग का स्पर्श करता हुआ हृदयाकाश पर्यन्त जाता है, वह अपानवायु की पूरकावस्था है। जब तक प्राणवायु का उदय नहीं होता तब तक की उस अवस्था का नाम कुम्भकावस्था है इस अवस्था में योगियों के अनुभव मात्र से गम्य प्राणवायु सदा देह के बाहर और भीतर भ्रमण करता हुआ प्राणायाम में तत्पर रहता है। इसी प्रकार अपानवायु भी भीतर और बाहर अपानायाम करता रहता है। बहर के आकाश में प्राणवायु के अस्त होने पर जब तक अपान वायु का उदय नहीं होता तब तक की अवस्था अपान कुम्भक है।

अपान का अन्तर्मुख होना वाह्य रेचक है और द्वादशान्त से हृदय पर्यन्त जानेवाली गति वाह्यपूरक है। इस प्रकार प्राणायाम और अपानायाम रूप आठ प्रकार का प्राणायाम प्रकृति द्वारा स्वयं संचालित है। जो प्रत्येक चैतन्य प्राणी में नित्य प्रतिदिन होता रहता है। हृदय, कण्ठ, तालु, ललाट और द्वादशान्त ये सभी प्राण की गति के विषय है।

क्षण भर के लिए अस्तंगत प्राण अपान उदित होने के पूर्व जिन निर्विकल्प अवस्था में रहता है वह वाह्यकुम्भक है तथा क्षण भर के लिए अस्त होनेवाला अपानवायु जब तक प्राणवायु का उदय न हो उतने समय तक बिना प्रयत्न के होनवाला अन्तः कुम्भकावस्था है। ये ही प्राण की कुम्भकावस्था भैरवरूप है तथा अपान की कुम्भकावस्था भैरवीरूप है।

न व्रजेन्न विशेच्छक्तिर्मरुद्रूपा विकाशिते।
निर्विकल्पतया मध्ये तया भैरवरूपता॥

वायु शक्ति न हृदय से द्वादशान्त तक जाये और न द्वादशान्त से हृदय में प्रवेश करे बल्कि मध्य अर्थात् मध्यनाड़ी में विकल्प विहीन होकर विकशित हो जाये तो वही भैरवावस्था है।

हृदय से द्वादशान्त पर्यन्त न तो द्वादशान्त से हृदय में जाये न हृदय से द्वादशान्त में आये, इस प्रकार मध्यनाड़ी के भीतर सङ्कल्प-विकल्प से रहित अवस्था ही भैरवावस्था है।

अन्तर्लक्ष्यो बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता।
एषा वै भैरवी मुद्रा सद्यस्तत्पददायिनी॥

भैरवी अवस्था में प्रविष्ट कर जाने पर, वायु की शक्ति, प्रवेश-निर्गम रूप व्यापार से रहित होकर रहती है इसी अवस्था का नाम भैरवावस्था है। अथवा जिसमें प्राणापान क्रिया के अभाव की अभिव्यक्ति होती है, वही भैरवीरूप होकर प्रकाश में आता है। उस भैरवीरूप शक्ति से युक्त होकर ही योगी भैरवीमुद्रा सिद्ध हो जाने पर मध्यमधाम में आश्रय करने के कारण ही भैरवावस्था होता है। यही भैरवभैरवी अवस्था जिसे शान्ता शक्ति कहते है। इसे शान्ता शक्ति इसलिए कहते है क्योंकि यह शान्त परमस्वभाव और नाम रूप से अतीत है।

कुम्भिता रेचिता वापि पूरिता वा यदा भवेत्।
तदन्ते शान्तनामासौ शक्त्या शान्तः प्रकाशते॥

मूलाधार से ऊर्ध्व द्वादशान्त चक्र पर्यन्त किरण रूप में प्रकाशित होती हुई क्रमशः सूक्ष्मता को धारण करती हुई जो प्राणवायु की शक्ति है जो कि ऊर्ध्व द्वादशान्त में जाकर शान्त होती है। इस प्रकार अत्यन्त सूक्ष्म ध्येय स्वरूप ध्यान के आधिक्य से उत्थापित वह भैरवस्वरूप को अभिव्यक्ति करनेवाली है। अर्थात् मूलकन्द से ब्रह्मरन्ध्र-पर्यन्त ऊपर उठती हुई, विद्युल्लता के समान देदीप्यमान स्वरूपवाली, बढ़ती हुई प्राणवायु की चित्त(चैतन्य) शक्ति जब द्वादशान्त के अन्त में पहुँचती है तब महान प्रकाश का उदय होता है तब यह प्रकाश विमर्श ही मेरा स्वरूप है भैरवावस्था है। यह सब मेरा वैभव है इस प्रकार जानता हुआ विश्वात्मा के विकल्पों के प्रसार होने पर भी वह जीव महेश्वरता को प्राप्त हो जाता है। अकारादि द्वादश स्वरों के द्वारा, द्वादशचक्रों का भेदन करता हुआ स्थूल और सूक्ष्म परिस्थितियों को छोड़ते छोड़ते अन्त में जीव शिव स्वरूप बन जाता है। यह शिवावस्था ही भैरवावस्था है।

आमूलात्किरणाभासां सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरात्मिकाम्।
चिन्तयेत् तां द्विषट्कान्ते शम्यन्तीं भैरवोदयः॥
उद्गच्छन्तीं तडिद्रूपां प्रतिचक्रं क्रमात्क्रमम्।
ऊर्ध्वं मुष्टित्रयं यावत् तावदान्ते महोदयः॥
क्रमद्वादशकं सम्यग् द्वादशाक्षरभेदितम्।
स्थूलसूक्ष्मपरस्थित्या मुक्त्वा मुक्त्वान्ततः शिवः॥

प्राण शक्ति के द्वारा जन्मग्र, मूल, कन्द, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भूमध्य, ललाट, ब्रह्मरन्ध्र, से होते हुए ऊर्ध्व द्वादशान्त में प्रवेश कर मन को निर्विकल्प रूप करने से सर्वव्यापकता स्वरूप भैरवावस्था का उदय होता है।

तयापूर्याशु मूर्धान्तं भङ्क्त्वा भ्रूक्षेपसेतुना।
निर्विकल्पं मनः कृत्वा सर्वोर्ध्वे सर्वगोद्गमः॥

क्रमशः त्याग और ग्रहण के द्वारा गुदा, मूलाधार, जन्म, कन्द, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट, ब्रह्मरन्ध्र, शक्ति और व्यापिनी चक्र में किसी स्थान पर, अपनी आत्मा से अन्य स्थान पर, आत्मा के समानान्तर आकाशादि वाह्य स्थान में निर्मलचित्त हो कर अहर्निश साधना में लीन होकर अपने शरीर के क्रमशः सभी चक्रों का भेदन करते हुए ऊर्ध्व द्वादशान्त में स्थित होने से, स्वयं में लीन होने से जो अवस्था बनती है वह अवस्था वरप्रदा हो जाती है। वही भैरवावस्था है।

सिर में कपाल के भीतर जो तालु स्थान है उस स्थान पर प्रकाश स्वरूप चमकती हुई उत्तम ज्योति का चिन्तन करने से भैरवावस्था प्राप्त होता है और सिद्धों के दर्शन होते है।

कपालान्तर्मनो न्यस्य तिष्ठन्मीलितलोचनः।
क्रमेण मनसो दाढर्यात् लक्षयेल्लक्ष्यमुत्तमम्॥

यही कापालिक क्रिया कहलाती है, कपाल का अर्थ होता है, **कं ब्रह्मं पालतीति कपालः, कं पराशक्ति ब्रह्मस्वरूपिणी, पालः पालकः शिवस्य स्थानं, परंब्रह्मस्थानं कपालम्।** क का अर्थ होता है ब्रह्मशक्ति तथा पालक का अर्थ होता है शिव अर्थात् शिवशक्तिस्थान ही कपाल है इस स्थान की प्राप्ति अर्थात् इस स्थान पर प्रकाशविमर्श ही शिवशक्तिमय है।

कशब्देन पराशक्तिः पालकः शिवसंज्ञया।
शिवशक्तिसमायोगं कपालं परिपठ्यते॥

अन्तःकरणस्थित सुषुम्ना के भीतर, पराशक्ति का ध्यान करने से शक्ति ऊर्ध्व गमन करती है, इस विमर्श से प्रकाश का प्रादुर्भाव होता है, उस प्रकाश में परमशिव के दर्शन होते है। यही भैरवावस्था है। **भ आकाशं रवति प्रकाशयति आच्छादयति भैरवः।** भ अर्थात् ऊर्ध्व द्वादशान्त स्थित चिदाकाश को आच्छादित करने के कारण भैरवभैरवी अवस्था

होती है तथा उस अवस्था को भैरव या भैरवी नाम से कहा जाता है। उस अवस्था में शिव तत्त्व आविर्भूत होता ह, वह शिवतत्त्व ही भैरवतत्त्व है। अर्थात् आकाश तत्त्व का नित्य उदित रहना।

मध्यनाड़ी मध्यसंस्था बिससूत्राभरूपया।
ध्यातान्तर्व्योममया देव्या तया देवः प्रकाशते॥
कररुद्धदृगस्त्रेण भ्रूभेदाद् द्वाररोधनात्।
दृष्टे बिन्दौ क्रमाल्लीने तन्मध्ये परमा स्थितिः॥
धामन्तः क्षोभसम्भूतसूक्ष्माग्नितिलकाकृतिम्।
विन्दुं शिखान्ते हृदये लयान्ते ध्यायतो लयः॥
अनाहते पात्रकर्णेऽभग्नशब्दे सरिद् द्रुते।
शब्दब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति॥

प्रणवादि का उच्चारण करता हुआ तथा प्लुतोच्चारण के अन्त में शून्यभाव धारण करता हुआ, शून्यात्मिका परमशक्ति की सहायता से शून्यभाव को प्राप्त कर लेता है।

प्रणवादि में आदि शब्द प्रकार(भेद) का वाचक है। प्रणव क्रिया भेद से कई प्रकार के होते हैं यथा वेद का प्रणव ॐकार, शिव का प्रणव हूँकार, माया का प्रणव ह्रीँकार, काली का प्रणव क्रीँकार इत्यादि का निर्देश श्रीगुरु के द्वारा किये जाते हैं। इसमें क्रमशः ह्रस्व से अर्ध-मात्रा, अर्धमात्रा से विन्दु, विन्दु से नाद, नाद से शून्य, शून्य से परा और परा से परमशून्य की प्राप्ति ही परमभैरवभाव है।

प्रणव ॐकारादि के प्लुतोच्चारण में क्रमशः अकार, उकार तथा अर्धमात्रामकार में प्लुतावस्था अर्धमकार की ही होती है। यही चतुर्थावस्था या तुरीयावस्था है। क्रिया में यही तुरीय सन्ध्या कही गयी है। इस तुरीयावस्था में ही सम्पूर्ण भावों से परिपूर्ण परमेश्वर का चिन्तन करने पर भैरवभाव प्राप्त होता है।

यह चतुर्थ वर्ण अर्धमात्रा ही विद्युत् वेग से समस्त वर्णों में पुरुषदेवता के रूप में अवस्थित होता है, वही ॐकार चार अक्षर, चार पाद और चतुराक्षर मात्रा से स्थूल रूप से ह्रस्व, दीर्ध और प्लुत ॐकार का उच्चारण करके शान्तात्मा चतुर्थावस्था को प्लुत रूप से करने पर समस्त वर्ण ॐकार उच्चारण करता हुआ सूक्ष्म ध्वनियाँ उत्पन्न करता हुआ क्रमशः शून्यावस्था में लीन हो जाता है, यही भैरवावस्था है।

प्रणवादिसमुच्चारात्प्लुतान्ते शुन्यभावनात्।
शुन्यया परया शक्त्या शून्यतामेति भैरवी॥

क्रमशः नव नादों को सुनता हुआ दीर्ध काल तक अनन्यचित्त होकर चिन्तन करता है तो नाद की शून्यता में एकाकार करता हुआ अविच्छिन्न काल में क्रमशः शून्यतावस्था को प्राप्त कर परमाकाश स्वरूप की अवस्था ही भैरवावस्था है।

यस्य कस्यापि वर्णस्य पूर्वान्तावनुभावयेत्।
शून्यया शून्यभूतेऽसौ शून्याकारः पुमान्भवेत्॥
तन्त्रादिवाद्यशब्देषु दीर्घेषु क्रमसंस्थितेः।
अनन्यचेत्ताः प्रत्यन्ते परव्योमवपुर्भवेत्॥

कूटादि वर्णों को जो स्थूल हकार से छठे वर्ण तक नौ प्रकार का है उसमें विन्दु, अर्धचन्द्र और नाद तथा स्वकीय छाया के चिन्तन के समय विन्दु, अर्धचन्द्र और नाद के अन्त में समाप्त होने पर शून्य रूप होकर पुनः प्लुतोच्चारण करने पर शून्यावस्था में अपने को लय कर परमशिव भाव को प्राप्त करता है वही भैरवावस्था है।

पिण्डमन्त्रस्य सर्वस्य स्थूलवर्णक्रमेण तु।
अर्द्धेन्दुविन्दुनादान्तः शून्योच्चाराद्भवेच्छिवः॥

मूलाधार से नाभिपर्यन्त अग्निमण्डल में, नाभि से अनाहत पर्यन्त सूर्यमण्डल में, विशुद्ध से आज्ञा तक चन्द्रमण्डल में तथा तदूर्ध्व पर मण्डल में क्रमशः प्रणव की मात्रा के सोपान के आरोहण से यथा नाभी में अकार, हृदय में उकार तथा आनन में मकार, भ्रूमध्य में विन्दु, ललाट में अर्द्धचन्द्र, ललाटोर्ध्व में निरोधिनी, शिर पर नाद, ब्रह्मरन्ध्र में नादान्त, तदूर्ध्व में शक्ति, शिखामूल में व्यापिनी, शिखा में समना तथा शिखान्त में उन्मना तथा द्वादशान्त का उल्लङ्घन कर निरञ्जनावस्था शिव में अपनी आत्मा का लय करना ही परमशून्यावस्था है। इसे ही भैरवावस्था कहते है।

सा शक्तिः परमासूक्ष्मा उन्मना शिवरूपिणी।
अस्तित्वमात्रमात्मानं क्षोभ्यं क्षोभयते यदा॥
समाना सा विनिर्दिष्टा शक्तिः सर्वाध्ववर्तिनी।
क्रोडीकरोति या विश्वं संहृत्य सृजते पुनः॥
कुण्डल्याख्या महाशक्तिस्तृतीयाप्युपचर्यते।
ध्वनिरूपो यदा स्फोटस्त्वदृष्टाच्छिवविग्रहात्॥
प्रसरत्यतिवेगेन ध्वनिनापूयरयञ्जगत्।
स नादो देवदेवेशः प्रोक्तश्चैव सदाशिवः॥

वाह्यद्वादशान्त से मूलाधार और मूलाधार से ऊर्ध्वद्वादशान्त तक क्रमशः मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा, विन्दु, अर्धेन्दु, रोधिनी, नाद, नादान्त, शक्ति, व्यापिनी, समना, उन्मना में प्राण के रथ पर आरूढ़ चित्त का लय करने हुए ऊर्ध्व द्वादशान्त के भीतर निरञ्जनावस्था स्थित आकाश स्वरूप शिव में लय करने से भैरवत्त्व की प्राप्ति होती है।

प्राणारूढ़ चित्त को मन या कला कहा गया है। इसकी क्रमशः मूलाधार से ऊर्ध्व द्वादशान्त तक षोडश अवस्था ही इसकी कलायें है। इन अवस्थाओं(कलाओं) को प्राप्त

करने के कारण ही मन अर्थात् चित्त षोडश कलाओंवाला कहा जाता है। इस चित्त को प्रणव स्वरूपी नाद से संयुक्त कर महाविन्दुस्थान ऊर्ध्वद्वादशान्त में लय करने नाद, विन्दु और कला का योजन(एकीकरण) है। इस एकीकरण से ही शिवत्त्व की प्राप्ति होती है यही भैरवावस्था है।

हृद् अन्तःकरणं। हृदय का अर्थ अन्तःकरण होता है। अन्तःकरण में सोऽहं का ध्वनन निरन्तर चलता रहता है इसे ही योगीजन अजपाजप कहते है। सोऽहं की ध्वनि सकार स्थूलावस्था और हकार शून्याकाशावस्था का लय होने पर ॐकार ही अवशिष्ट रहता है। मूलाधार में स्थूलावस्था जिसका स्वरूप सकार है और ऊर्ध्व द्वादशान्तस्थित आकाश(शून्य) स्वरूप शिव के मध्य ॐकार ही व्याप्त है। अर्थात् स्थूलावस्था अर्थात् स्थूलशरीर से अतिशय सूक्ष्मावस्था शून्यस्वरूप शिव के बीच ॐकार ही अतिव्याप्त है। इस अवस्था की प्राप्ति ही भैरवावस्था है। यहाँ ॐकार से प्रणवादि नाद से तात्पर्य है।

हृदय चक्र में बिना किसी प्रेरणा या प्रयत्न के ॐकार ध्वनित होता है, जिसके गर्भ में सम्पूर्ण शब्द समुदाय व्याप्त(समाहित) है अन्तःकरण में निरन्तर ध्वनित होने के कारण ॐकार ही परमपद है, वही सत्य है, वही अक्षर है तथा वही ब्रह्म है इस प्रकार का चिन्तन का परमतेजोमय प्रकाश विन्दु में लय ही ब्रह्मावस्था है। हृदंय, कण्ठ, तालु क्रम से अपनी द्वादश मात्रा से लेकर उन्मनी पर्यन्त प्रत्येक स्थल में नाभि से लेकर शिक्षा पर्यन्त, विभागों में स्थित, ॐकार की इस स्थूल वर्णक्रम से उच्चारण की जानेवाली परम्परा नाभि, हृदय और मुख में क्रमशः अकार, उकार और मकार के रूप में उच्चारित होना ही स्थूल भावना है। विन्दु से लेकर समना पर्यन्त अर्धमात्रा और ऊसके ऊपर परमशिव का स्थान है, उसके द्वारा स्थूलाक्षर के आनुपूर्वी से उपलक्षित पिण्डमन्त्र का विन्दु, अर्धेन्दु, रोधिनी, नाद, नादान्त, शक्ति, व्यापिनी, समना, उन्मना जिसका स्वरूप शून्य है इस द्वादशमात्रा उच्चारण काल के चिन्तन से शिवस्वरूप हो जाना ही भैरवावस्था है।

अकार से समना पर्यन्त मात्राओं का शून्य रूप उच्चारण करने से शून्य विमर्श से उन्मना रूप परमशिव भाव को प्राप्त हो जाना ही भैरवावस्था है। समनान्त साधन संसार रूप होने से हेय है, केवल उन्मना रूप जो परमतत्त्व है उसमें प्रवेश करना ही उपादेय है।

सूक्ष्म पराशक्ति उन्मना शिवस्वरूप है, उसका अस्तित्व क्षोभ करते समय क्षोभ्य वस्तु के रूप में ही आत्मा में आभासित होता है उसी का नाम समना है, जो सभी मार्गो में सदा गतिशील है और सम्पूर्ण विश्व को अपने भीतर समा लेती है तथा पुनः उत्पन्न कर देती है वह कुण्डलिनी नामक महाशक्ति है जो तृतीया के रूप में व्यवहृत की जाती है उसके द्वारा शिव का शरीर ध्वनि के रूप में, स्फोट रूप से प्रादुर्भूत होता है और वह अतिवेग से सम्पूर्ण जगत् को परिपूर्ण करता हुआ, अत्यन्त वेग से नाद स्वरूप को प्राप्त करता उस अवस्था को देवाधिदेव महादेव सदाशिव कहा जाता है।

गन्तव्य मार्ग में गतिशील नाद जिसमें नादान्त शक्ति भी समाहित हो चुकी है ऐसा नाद जहाँ बिना अवरोध के विश्राम करता है अर्थात् स्थित होता है उसी शक्ति का नाम निरोधिनी है वही सभी देवताओं का निरोधन करने में समर्थ है, उस निरोधिनी शक्ति सम्पन्न महेश्वरावस्था की महिमा अवर्णनीय है। उस महेश्वर में असंख्य कोटि मन्त्रों की सत्ता है, उस शक्ति में प्रवेश करने पर उन शक्तियों को प्राप्त करता है। यही निरोधिका नामवाली शक्ति ही मन्त्र शक्ति की कला है और वही विन्दु स्वरूपी महेश्वर कहा जाता है। यही विन्दुस्वरूप महेश्वर ही अमृतस्वरूप है, यही शिवामृत मस्तक पर गिरता है तो सृष्टि का कारण बनता है, जो इससे परिप्लावित होता है वही अर्धचन्द्र कहलाता है। यही अर्धचन्द्र विन्दुपात से ऊपर उठता है तब वही संहार नाम धारण करता है। वह सभी भूतों का कारण है, वही नाद का अवरोहण सृष्टि का कारण बनता है, यहाँ मकार रुद्र है जो उत्तम वर्ण संघट्टन से उत्पन्न होता है। जब यह स्थिति को पा जाता है जो अपने अभिमुख होकर सृष्टि का कारण बन जाता है तथा जब इस स्थिति पर प्रतिष्ठित होता है तो पालन करने के कारण उकार रूप हो जाता है।

पूर्वोक्त अवस्था प्राप्त हो जाने के बाद विकल्प विहीन होकर अपने शरीर में समस्त भुवनों तथा दिशाओं में व्याप्त आकाश की एक साथ भावना करते ही समग्र आकाश प्रकाशित हो जाता है। सब साधक आगे, पीछे, ऊपर, नीचे, दायें, वायें, सर्वत्र शरीर में भी शून्य प्रकाश विमर्श का चिन्तन करता है और निर्विकल्पकता ही भैरवावस्था है।

निजदेहे सर्वदिक्कं युगपद्भावयेद्वियत्।
निर्विकल्पमनस्तस्य वियत्सर्वं प्रवर्तते॥
पृष्टशून्यं मूलशुन्यं युगपद्भावयेच्च यः।
शरीरनिरपेक्षिण्या शक्त्या शून्यमना भवेत्॥
पृष्ठशून्यं मूलशून्यं हृच्छून्यं भावयेत् स्थिरम्।
युगपन्निर्विकल्पत्वान्निर्विकल्पोदयास्ततः ॥
तनूदेशे शून्यतैव क्षणमात्रं विभावयेत्।
निर्विकल्पं निर्विकल्पो निर्विकल्पस्वरूपभाक्॥
सर्वं देहगतं द्रव्यं वियद् व्याप्तं मृगेक्षणे।
विभावयेत् ततस्तस्य भावना सा स्थिरा भवेत्॥
देहान्तरे त्वग्विभागं भित्तिभूतं विचिन्तयेत्।
न किञ्चिदन्तरे तस्य ध्यायन्नध्येयभाग्भवेत्॥
हृद्याकाशे निलीनाक्षः पद्मसम्पुटमध्यगः।
अनन्यचेताः सुभगे परं सौभाग्यमाप्नुयात्॥

अपने शरीर के सभी ओर से ऊर्ध्वद्वादशान्त में मन के लीन हो जाने से स्थिर बुद्धिवाले

योगी के स्थिर मन में परमतत्त्व प्रकाशित होता है। परमतत्त्व के प्रकाशन से ही भैरवभाव होता है। ज्यों ज्यों और जैसे जैसे मन प्रतिक्षण ऊर्ध्व द्वादशान्त चक्र में स्थिर होता है त्यों त्यों प्रतिक्षण वृत्तियाँ क्षीण होती है और कुछ दिनों में ही वैलक्षण्य (असामान्य भैरवावस्था) प्रकट हो जाती है।

सर्वतः स्वशरीरस्य द्वादशान्ते मनो लयात्।
दृढबुद्धेर्दृढीभूतं तत्त्वलक्ष्यं प्रवर्तते॥
यथा तथा यत्र यत्र द्वादशान्ते मनः क्षिपेत्।
प्रतिक्षणं क्षीणवृत्तेर्वैलक्षण्यं दिनैर्भवेत्॥

कालाग्नि रुद्र संज्ञक **'ॐ र क्ष र य ॐ'** मन्त्र का जप करते हुए तथा पैर के अङ्गुष्ठ से उठे हुए अग्नि ज्वाला से शरीर भस्म हो रहा है ऐसा चिन्तन करते हुए योगी शान्त प्रकाश को प्राप्त करता है अर्थात् वह शिवरूप हो जाता है। इस प्रकार सम्पूर्ण संसार को विकल्पों से जला हुआ समझ कर अनन्य चित्तवाले योगी परमपुरुष भाव को प्राप्त हो जाता है तथा भैरवभाव को प्राप्त करता है।

कालाग्निना कालपदादुत्थितेन स्वकं पुरम्।
प्लुष्टं विचिन्तयेदन्ते शान्ताभासस्तदा भवेत्॥
एवमेव जगत्सर्वं दग्धं ध्यात्वा विकल्पतः।
अनन्यचेतसः पुंसः पुंभाव परमो भवेत्॥
स्वदेहे जगतो वापि सुक्ष्मसूक्ष्मतराणि च।
तत्त्वानि यानि निलयं ध्यात्वान्ते व्यज्यते परा॥
पीनां च दुर्बलां शक्तिं ध्यात्वा द्वादशगोचरे।
प्रविश्य हृदये ध्यायन्मुक्तः स्वातन्त्र्यमाप्नुयात्॥

स्थूल, सूक्ष्म और कारण रूप शरीर जिसे भुवनाध्वा कहा जाता है से लेकर वर्ण, मन्त्र, पद, कला, तत्त्व और भुवन ये षडध्वा ही मार्ग है। इन छः अध्वाओं में परम सूक्ष्म, स्थूल रूप से अवस्थित जो वाचक तथा वाच्य के आभास रूप से क्रिया-शक्ति का स्पन्दन होता है, उसी के स्वरूप चिन्तन वर्ण अभेद से मन्त्र रूप बन जाने है और भेद रूप से पद बन जाते है। ये सभी पूर्व पूर्व अध्वा त्रय हैं, उत्तरोत्तर व्यापक स्थिति में आते हैं, उत्तरोत्तर पूर्व पूर्व व्यापक बनकर अन्तर्भाव होते जाते है। अतः यह सम्पूर्ण जगत् सर्वत्र व्याप्त हो जाता है। इसमें वर्ण पद में, पद कला में, कला तत्त्व में, तत्त्व भुवन में गर्भित होकर व्याप्त हो जाते हैं, इसमें क्रमशः लयत्व को प्राप्त करके शिवतत्त्वपर्यन्त लय को प्राप्त करते हैं। इस प्रकार ये षट्त्रिंशत् तत्त्व हो जाते हैं। ये समस्त षट्त्रिंशत् तत्त्व और मन्त्र, वर्ण तथा पद व्यापक होते हैं। इस प्रकार अनन्त से शिवपर्यन्त जितने भुवन हैं, उन सभी तत्त्वों की पूर्ण व्यापकता होने से छत्तीस तत्त्व, स्थूल, सूक्ष्म और कारण तीन अध्वा, तथा वर्णादि

षडध्वा के योग करने पर पचास तत्त्व है तथा नवनवात्मा वाच्यवाचक भेद से एकाशीति तत्त्व है, ये समस्त तत्त्व द्वादशान्त से लेकर पृथ्वि पर्यन्त अनन्त रूप से वाच्यवाचकभाव से प्रतिबिम्बित होते हैं। अर्थात् उसमें वाचक ग्राहक भाग में अवस्थित परम सूक्ष्म और स्थूल भेद से अभिनिविष्ट होकर कलातत्त्व और भुवनात्मक रूप से प्रतिबिम्बित होता है। अभेद के विचार का सार ही वर्ण है, जो कुछ स्थूल भेदाभेद विमर्श के रूप नादात्मक मन्त्ररूपता को धारण करता है उसमें भी जब स्थूलविमर्श उपस्थित होता है तो वह नादात्मक मन्त्र रूपता को धारण करता है तथा स्थूलता के कारण पद रूप में प्रकाशित होते है, इस प्रकार वाच्य रूप जो परमेश्वर की शक्ति है वह कलाशक्ति उत्तरोत्तर विशिष्टता को धारण करती हुई भुवनात्मकता को प्राप्त हो जाती है।

तत्त्वों का तत्त्वों में लय करने से उससे महान् शून्यता की भावना का उदय होता है, उसके साधन के प्रकारों का वर्णन यहाँ किया गया उसका संक्षेप इस प्रकार है। भुवनादि तीन तत्त्व वाच्य और पदादि तीन तत्त्व वाचक है। इस प्रकार शक्ति ही षडध्वा के रूप में प्रकट होती है। ये छ: प्रकार की शक्तियाँ जिसके भीतर हैं वह शक्तिमान होकर महेश्वर कहलाता है। इस प्रकार षडध्व शोधन की प्रक्रिया अध्वातीन होनेवाला साधक शिवस्वरूप हो जाता है।

भुवनाध्वादिरूपेण चिन्तयेत् क्रमशोऽखिलाम्।
स्थूलसूक्ष्मपरस्थितया यावदन्ते मनोलयः॥

एवञ्च—

भुवनव्यापिता तत्त्वेष्वनन्तादिशिवान्तके।
व्यापकानि च षट्त्रिंशन्मन्त्रवर्णपदात्मकाः॥
तत्त्वान्तर्भाविनः सर्वे वाच्यवाचकयोगतः।
कालान्तर्भाविनस्ते वै निवृत्याद्याश्च ताः स्मृताः॥

तथा च—

भुवनादित्रयं वाच्यं पदादिवाचकं त्रयम्।
शक्तिरेतच्चाध्वषट्कं शक्तिमांस्तु महेश्वरः॥

प्रकाश विमर्शात्मक परमेश्वर के इस शैव तत्त्व के स्वरूप का चिन्तन करने पर साधक के शरीर में प्रकाश की अभिव्यक्ति होती है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि कलात्मक भुवन तत्त्व वाच्य है, प्रकाश परमार्थ है और पदस्वरूप मन्त्र वाचक है। ये समुदाय त्रय विमर्श का शरीर है, द्वादशान्त तथा नाभिचक्र ये दोनों संसर्गात्मक अरणि है। उन्मेष और निमेष दोनों शक्तियों का एक साथ चिन्तन करना प्रकाश स्वरूप है। अत: भुवन से अध्व पर्यन्त सम्पूर्ण विश्व(शरीर) शिव के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। इसमें से जगत् रूप(पाशविक शरीर) का त्याग करके शिव रूप का चिन्तन करते हुए साधक के हृदय में ज्ञान का उदय होता

है। इस प्रकार भैरवत्त्व प्राप्त कर साधक कालजयी अर्थात् भैरवस्वरूप हो जाता है।

सम्पूर्ण शरीर को चिन्मय स्वरूप का चिन्तन करते हुए एक साथ निर्विकल्प मन से भी परमतत्त्व का उदय होता है।

सर्वं देहं चिन्मयं जगद्वा परिभावयेत्।
युगपन्निर्विकल्पेन मनसा परमोदयः॥

सम्पूर्ण शरीर को आत्मानन्द से परिपूर्ण है ऐसी युगपद् धारणा से उत्पन्न होनेवाले आत्मामृत से साधक परमानन्दमय हो जाता है। अर्थात् भैरवमय हो जाता है।

सर्वं जगत्वदेहं वा स्वानन्दभरितं स्मरेत्।
युगपत् स्वामृतेनैव परानन्दमयो भवेत्॥

सम्पूर्ण इन्द्रियों का निरोध करके प्राणशक्ति को धीरे धीरे ऊपर उठाना उस समय मूलकन्दादि स्थानों में अन्तन्त धीमी गति के समान आभास होता है तभी साधक परमसुख को प्राप्त करता है। अर्थात् भैरवत्व को प्राप्त करता है।

सर्वस्त्रोतोनिबन्धेन प्राणशक्त्योर्ध्वया शनैः।
पिपीलस्पर्शवेलायां प्रथते परमं सुखम्॥

मूलाधार स्त्री(शक्ति) के संग से संक्षुब्ध होकर द्वादशान्तस्थित शिवसंयोग से जो आनन्द के समावेश पर्यन्त सुख होता है वह ही परमात्मानन्द है।

शक्तिसङ्गमसङ्क्षुब्ध शक्त्यावेशावसानिकम्।
यत्सुखं ब्रह्मतत्त्वस्य तत्सुखं स्वाक्यमुच्यते॥

न केवल लिङ्ग(विन्दु) से आनन्द की उत्पत्ति होती है और न केवल भग(तेज) या प्रकाश से ही आनन्द उल्लसित होता है, आनन्द जो शक्ति को उद्दिप्त कर द्वादशान्तस्थित शिव के साथ संयोग से ही उत्पन्न होता है। शिव के साथ संयुक्त शक्ति ही आत्मानन्द का सृजन करती है। यही भैरवावस्था है।

न सृष्टिर्जायते लिङ्गान्न भगान्नापि रेतसः।
आनन्दोच्छलिता शक्तिः सृजत्यात्मानमात्मना॥

शिव शक्ति के सम्मिलन से देहाध्यास समाप्त हो जाने पर चिद्विमर्श की उद्दिप्ति होती है यह चिद्विमर्शोत्पत्ति ही आत्मानन्द का कारक होता है, इस लिए माया से विरक्त होकर योग युक्त माहात्मा लोग, सांसारिक माया के भोग का परित्याग करके आत्मानन्दानुभूति से संयुक्त होने पर उनमें भैरवभावोत्पत्ति होती है।

देहोऽपि विस्मृते यस्य चिद्विमर्शस्य भावनात्।
महात्मनो विरक्तस्य भोगासङ्गे न रोचते॥

शुद्ध निर्मल आकाश(ऊर्ध्व द्वादशान्त) में दृष्टि(चिन्तन) को निरन्तर स्तब्ध रूप करके

स्थिर करने से परममात्मभाव(भैरवभाव) की उत्पत्ति होती है। जिसे प्राप्त कर साधक साक्षात् भैरवत्व प्राप्त करता है।

आकाशं विमलं पश्यन् कृत्वा दृष्टिं निरन्तरम्।
स्तब्धात्मा तत्क्षणाद् देवि भैरवं वपुराप्नुयात्॥

पृथ्वि तत्त्व का जल तत्त्व में, जल तत्त्व का अग्नि तत्त्व में, अग्नि तत्त्व का वायु तत्त्व में, वायुतत्त्व का आकाश तत्त्व में तथा आकाश तत्त्व का महत् तत्त्व में, महत् तत्त्व का क्रमशः मूर्धास्थित द्वादशान्तस्थ महाकाश परमप्रकाश में संहार क्रम से चित्त का विलय करता हुआ साधक प्रकाशतत्त्व भैरवरूप में स्थित हो जाता है तो भैरवरूप होकर भैरवत्व प्राप्त कर लेता है।

लीनं मूर्ध्नि वियत् सर्वं भैरवत्वेन भावयेत्।
तत्सर्वं भैरवाकारस्तेजस्तत्त्वं समाविशेत्॥

कृष्ण पक्ष की मेघाच्छादित रात्रि में चिरकाल तक अन्धकार के स्वरूप चिन्तन से साधक भैरवत्त्व प्राप्त कर लेता है।

एवमेव दुर्निशायां कृष्णपक्षागमे चिरम्।
तैमिरं भावयन् रूपं भैरवं रूपमेष्यति॥

नेत्रों को निमीलित करके अपने सामने फैलाते हुए कृष्ण(पूर्ण) रूप प्रकाशविमर्श का चिन्तन करता हुआ और उस रूप को भैरवस्वरूप समझकर प्रकाशमय भैरव बन जाता है।

एवमेव निमील्यादौ नेत्रे कृष्णाभमग्रतः।
प्रसार्य भैरवं रूपं भावयस्तन्मयो भवेत्॥

इन्द्रियों के निग्रह पूर्वक अद्वितीय शून्य(ऊर्ध्व द्वादशान्त) में प्रवेश कर अन्तर्मुख होने पर चैतन्य तत्त्व का प्रकाश प्राप्त होता है।

यस्य कस्येन्द्रियस्यापि व्याघाताच्च निरोधतः।
प्रविष्टस्याद्वये शून्ये तत्रैवात्मा प्रकाशते॥

विन्दु तथा विसर्ग रहित केवल अकार को जपने मात्र से साधक परमेश्वर के महान् पद और उसका पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर लेता है। अर्थात् भैरवत्व प्राप्त कर लेता है।

अविन्दुमविसर्गं च अकारं जपतो महान्।
उदेति देवि सहसा ज्ञानौघः परमेश्वरः॥

विन्दु अविभक्त चिन्तन अद्वैत ज्ञान को कहते है, विसर्ग भेद प्रथा उत्पादन क्रिया को कहते है। वाह्यादि सृष्टि रूप, ककारादि सृष्टिरूप, इन दोनों तत्त्वों से रहित अकार है। वही प्रथम अक्षर है। **कारः करणं तत् नास्ति सः अकारः** कार अर्थात् करण इसमें नहीं है इसलिए अकार संज्ञा से अवबोधन करते है। समस्त करणों से रहित चिन्तनात्मक अनुत्तर

विमर्श करते हुए अनेक ज्ञानों का प्रसार करनेवाले सृष्ट परमेश्वर का प्रादुर्भाव होने पर **ऐकमेवाद्वितीयं ब्रह्म**, तथा **सर्वं खल्विदं ब्रह्म**, भावोत्पत्ति हो जाता है। इस प्रकार एकत्व चिन्तन से द्वितीय भाव अर्थात् द्वैत भाव अनुत्तर विमर्श में वाणी और मन प्रत्यक्ष होने योग्य ही नहीं रहता है। तत्पद भिन्न कुछ भी नहीं है, तो द्वितीय(द्वैत)कहाँ उत्पन्न होगा। तदवस्था होने पर न केवलत्व है, न अकेवलत्व, न शून्य है, न केवलत्व, अशून्य अद्वैतावस्था सिद्धान्तसिद्ध अनिर्वचनीय है।

नाभि से ऊपर एक बिलस्थ तथा कण्ठ के नीचे छः अङ्गुल मध्य देश में हृदय के भीतर हृदय कमल है उस कमल में स्थित सूक्ष्मकर्णिका में तीन भागों में विभक्त तीन नाड़ियाँ स्थित हैं उसके भीतर अकारादि स्वरूप से आत्मा विद्यमान है। चिन्मय का स्पन्द मात्र ही उसका लक्षण है, यह परम सूक्ष्म विन्दु विसर्ग रहित अकार ही उपास्य है।

अहङ्कारममयी भूमिर्बुद्धिभूमेः परा हि सा।
तया व्याप्तमिदं विश्वं ज्ञाता सैव विमुक्तिदा॥
संविद्रूपा पराशक्तिरभिन्ना परमेश्वरात्।
ज्ञानशक्तिः पुनः सैव मन्त्ररूपा प्रदश्र्यते॥
अहङ्कारः स्मृतो मन्त्रः शिवशक्त्यात्मरूपकः।
यदत्राद्यमवर्णाख्यं स शिवः परमेश्वरः॥
नादविन्दात्मकं यच्च सा शक्तिरैश्वरी स्मृता।
द्वयमेतत्समाख्यातं बीजभूतं चराचरे॥
अज्झलाद्याश्च ये वर्णास्तेऽनेनैव हि मुद्रिताः।
शब्दब्रह्मेति तत्प्राहुर्योगिनस्तत्त्वचिन्तकाः॥
अप्रमाणमश्वरं ध्यात्वा पश्यन्त्या निर्विभागया।
चिन्मात्रमर्शयोगेन निलीनः स्यात्परे पदे॥
तथाहि सिद्धैरादिष्टं कुचित्सिद्धान्तसङ्ग्रहे।
नाभेरूर्ध्वं वितस्तिस्तु कण्ठाधस्तात्षडङ्गुलम्॥
हृदयं मध्यदेशे तु हृन्मध्ये कमलं स्मृतम्।
पद्ममध्येस्थितासूक्ष्मा कर्णिका त्रिपथोपगा॥
तन्मध्ये संस्थितो ह्यात्मा ह्यकारादिस्वरूपधृत्।
अकारान्तः परं सूक्ष्मं चिन्मात्रस्पन्दलक्षणम्॥

आत्मा के स्थान में निराधारा द्वितीया ईश्वरीया शक्ति स्थित है, यही शरीर की प्राणशक्ति है जो हकार के रूप में सदैव विद्यमान रहती है। श्रवणेन्द्रिय के छिद्रों को बन्द कर इसे स्पष्ट देख लेना चाहिये। जो दोनों भ्रुवों के मध्य में विन्दु रूप अपने तेज से देदीप्यमान इस विश्वजननी शक्ति को योगी नित्य देखता है वह चन्द्रसूर्यात्मक वामदक्षिण नेत्र के भीतर

निराश्रय स्थित करके सनातन ब्रह्म में प्रवेश करता है वह भैरवत्व प्राप्त कर तत् स्वरूप हो जाता है।

आत्मस्थाने निराधारा द्वितीया शक्तिरैश्वरी।
बीजभूता कुण्डलिनी सार्द्धत्रिवलयान्विता॥
प्राणशक्तिरियं देहे हकाराख्या वदत्यलम्।
कर्णान्तर्विवरे योगी स्थापित्वा लक्षयेत्स्फुटम्॥
विन्दुरूपा भ्रुवोर्मध्ये संसारजननी शिवा।
लक्ष्यते योगिभिर्नित्यं भ्राजमाना स्वतेजसा॥
तस्य विन्दोस्तु चन्द्रार्कौ वामदक्षिणनेत्रयोः।
निराश्रयौ तु तौ कृत्वा विशेद् ब्रह्म सनातनम्॥

संवेद्य संस्कारों का क्षय करके, निराधार मन से ब्रह्म का चिन्तन करने पर, जिसका अनेक प्रकार की सृष्टि को उत्पन्न करने के स्वभाववाले, वर्ण, समय, वर्णसमूह, ब्राह्मी आदि शक्ति स्वरूप में वर्णन करते है, जो पशुभाव का कारण है, उस सृष्टि के उत्पादन का अन्त हो जाय तथा अन्तर्मुखी स्वभाव के विचार के आधिक्य से उसमें समाविष्ट होकर तन्मय स्वाभाव को प्राप्त हो जाय, ऐसी बुद्धि उत्पन्न होने पर निराश्रय चिन्तन सिद्ध होने पर नित्य परब्रह्मत्व उत्पन्न हो जायेगा।

वर्णस्य सविसर्गस्य विसर्गान्तं चितिं कुरु।
निराधारेण चित्तेन स्पृशेद् ब्रह्म सनातनम्॥

विसर्ग का विश्लेषण करना तथा कला(मन) के विक्षोभ से अनुत्तर अकार का उच्चारण करना ही परमभैरव स्वरूप है, यह अकुलचक्र की पराशक्ति और कौलिकीशक्ति कहलाती है, यही विसर्ग है जिससे सम्पूर्ण जगत् उत्पन्न होता है तथा जिससे धीरे धीरे क्रम नष्ट हो जाता है, इस प्रकार छः स्वरूपोंवाला विसर्गान्दोलन कहा जाता है, जिसके आगे कोई स्वभाव नहीं है, उस अनुत्तर स्वभाववाले अकार का ही सब प्रपञ्च है, वही अन्तर्प्रविष्ट नित्य प्रस्फुरणत्मक भगवान है, जो अपने ही भीतर स्थित सम्पूर्ण भावनाओं की शक्ति है। समस्त अकुलचक्र का मातृ प्रपञ्च शिव विन्दु तथा शक्ति विसर्ग नाम से सम्बोधित होते हैं। विन्दु ही शिव है तथा अनुत्तर परम स्थान जिसके आगे कुछ भी नहीं है उसी को अकुल कहा जाता है। उस विन्दु स्वरूपी शिव का विसर्ग ही कौलिकी शक्ति है। उसी कौलिकी शक्ति से अकार से क्षकार पर्यन्त वर्णों की उत्पत्ति होती है।

शरीर में सूई चुभाने पर भी जिसकी अनुभूति नहीं होती अर्थात् सूई चुभने से होनवाले कष्ट का अनुभव न होना अथवाँ कष्ट का सहन करना अथवाँ उसमें चेतन का समाविष्ट करना अर्थात् मै अछेद्य हूँ, अदाह्य हूँ, अक्लेद्य हूँ, अशोष्य हूँ इस प्रकार की जो संवेदना शक्ति है, जिसमें अहन्ता का भाव उत्पन्न होता है वही भैरव का स्वरूप है।

ज्यों ही कामनाओं का उदय हो उसकों वहीं पर शमन(शान्त) कर दे तो कामना उत्पन्न होते ही वहीं लय(नष्ट) हो जाती है। एषणा के उत्पन्न होते ही, अमूर्त अवस्था में ही चिन्मात्र माया कृत क्षोभ से उत्पन्न होनेवाली जातमात्र एषणा को देखते ही शीघ्र ही उसका शमन करना चाहिए। चिन्मात्र निराकार है तो उसमें उत्पन्न होनेवाली इच्छा भी निराकार है, तथा इष्यमाण एषणा को भी, अविद्या होने से, शान्तेच्छा हो जाना चाहिये, क्यो कि जिस अविद्या से इच्छा उत्पन्न हुई है, वह भी अविद्या ही है और उसका स्वरूप आकाशात्मक है अत: वह भी आकाश(शून्य) में लीन हो जायेगी अर्थात् नष्ट हो जायेगी। इस प्रकार उन्मेष धारण के अभ्यास से इष्यमाण विषयक दोनों एषणायें उपशान्त हो जायेगी।

झटितीच्छां समुत्पन्नामवलोक्य शमं नयेत्।
यत एव समुद्भूता ततस्तत्रैव लीयते॥

विषयों की उत्पत्ति के पश्चात् उसका उसी में लय कर, यह आत्मा का स्पन्द है इस प्रकार का चिन्तन करना चाहिए, क्यों कि उसी से परमार्थ ज्ञान की उत्पत्ति होगी। इसमें **अयात्मा ब्रह्म** या यह आत्मा ब्रह्म स्वरूप है, इस आधार पर **सर्वं खल्विदं ब्रह्म** ज्ञानोत्पत्ति हो जाती है।

इच्छायामथवा ज्ञाने जाते चित्तं निवेशयेत्।
आत्मबुद्ध्यानन्यचेतास्ततस्तत्त्वार्थदर्शनम् ॥

आधार के बिना ज्ञान निर्हेतुक होने के कारण भ्रमात्मक है ऐसा चिन्तन करने से साधक भैरवस्वरूप हो जाता है। सभी शरीरों में चैतन्य धर्मा आत्मा ही व्याप्त है, उसमें विशेष अन्य कहीं नहीं है अत: सभी इच्छा, ज्ञान और क्रिया ईश्वरमय है इस प्रकार चिन्तन करनेवाला साधक भैरववत्व प्राप्त कर संसार पर विजय प्राप्त कर लेता है।

निर्निमित्तं भवेज्ज्ञानं निराधारं भ्रमात्मकम्।
तत्त्वत: कस्यचिन्नैतदेवम्भावी शिव: प्रिये॥

समस्त शरीर धर्मियों में चैतन्य धर्मा आत्मा ही व्याप्त है, उससे विशेष अन्य कहीं नहीं है अत: ज्ञान, क्रियादि सभी ईश्वरमय है इस प्रकार चिन्तन करता हुआ योगी संसार पर विजय प्राप्त कर लेता है। अर्थात् भैरवत्व प्राप्त करता है।

चिद्धर्मा सर्वदेहेषु विशेषो नास्ति कुत्रचित्।
अतश्च तन्मयं सर्वं भावयन् भवतिज्जन:॥

अपने शरीर के प्रति आस्था का त्याग कर, एकाग्र चिन्तन के द्वारा, मैं सर्वत्र व्याप्त हूँ इत्याकाराकार वृत्ति के बलवति होने पर योगी साक्षात् शरीरधारि भैरव हो जाता है।

विहाय निजदेहास्थां सर्वत्रास्मीति भावयन्।
दृढेन मनसा दृष्ट्या नान्येक्षिण्या सुखी भवेत्॥

अपने शरीर की अपेक्षा का परित्याग करके केवल संवित् मात्र का चिन्तन करता हुआ, दूसरे के बाह्य शरीर में भी उस संवित् ज्ञान को लगाने से साधक स्वशरीर की सहायता के बिना भी दूसरे के शरीर में होनेवाले ज्ञान का अवबोध कर लेगा, ऐसी स्थिति में साधक उसी में बुद्धि लगाकर तन्निष्ठ होकर तादात्म्य की प्राप्ति कर लेगा जिससे विदेहकैवल्य की सिद्धि प्राप्त हो जायेगी अर्थात् सर्वत्र व्यापकता बन जायेगी जिससे साधक पूर्णव्याप्त ब्रह्मावस्था परमशिवत्व को प्राप्त कर कृतार्थ हो जायेगा।

स्ववदन्यशरीरेऽपि संवित्तिमनुभावयेत्।
अपेक्षां स्वशरीरस्य त्यक्त्वा व्याप्तो दिनैर्भवेत्॥

मन को निराधार(विषय विहीन) करके विकल्प भावनाओं का सर्वथा त्याग कर देने से योगी के शरीर में स्थित जीवात्मा तथा परमात्मा दोनों भैरव हो जाते है। अर्थात् योगी वाह्यान्तर मन की कल्पना करके स्थिर कर ले तब जीव और ईश्वर दोनों परमात्मा ही हो जाते है, क्यों कि संकल्प की कल्पना जीव और निर्विकल्प की कल्पना ही ईश्वर अर्थात् ब्रह्म कहलाता है। इस लिये सर्वदा योगी को विकल्प का परित्याग करना चाहिये। इस प्रकार सर्वज्ञ, सर्वकर्त्ता, व्यापक, परमेश्वर, शिवधर्मा मैं ही हूँ, यहीं मेरा स्वरूप है इस प्रकार की दृढ बोधानुभवस्थ साधक योगी साक्षात् शिवस्वरूप भैरव बन जाता है।

निराधारं मनः कृत्वा विकल्पान्न विकल्पयेत्।
तदात्मपरमात्मत्वे भैरवो मृगलोचने॥
सर्वज्ञः सर्वकर्त्ता च व्यापकः परमेश्वरः।
य एवाहं शैवधर्मा इति दार्ढ्याद्भवेच्छिवः॥

समः धीः समाधिः। चित्त की उस चिन्मयावस्थापन्नात्मा के साथ अखण्डाद्वैतभाव से स्थिरी भूत होकर अद्वैतबह्मसत्ता के रूप में प्रतीत होनेवाली अवस्था विशेष को समाधि कहते हैं। यह वाह्य और आभ्यान्तर भेद से दो प्रकार की होती है, सविकल्पक समाधि तथा निर्विकल्पक समाधि। उसमें भी सविकल्पक समाधि दृश्य पदार्थों से मिश्रित और शब्द मिश्रित दो प्रकार के हैं। उनमें से दृश्य सविकल्पक समाधि चित्त के सदृश कामना से और साक्षी चिन्मय का ध्यान करने से उनके साथ अनुबिद्ध समाधी 'सविकल्पक समाधी' कहलाती है। यह स्थूलसविकल्पक समाधी कहलाती है तथा दूसरी सूक्ष्म सविकल्पक समाधि असङ्ग सच्चिदानन्द द्वैतवर्जित स्वयं समर्थ आत्मा स्वरूप व्यापक तत्त्व मैं ही हूँ इस प्रकार शब्दमात्र से अनुबिद्ध सविकल्पकसमाधि को सूक्ष्मसविकल्पकसमाधि कहते है। इस प्रकार प्रयत्न पूर्वक दो प्रकार की समाधियों की सम्पत्तियों को प्राप्त कर लेने पर मनुष्य निर्विकल्पकसमाधि में प्रवेश करता है। निर्विकल्पकसमाधि का लक्षण है, स्वानुभूति के रसावेश में दृश्य शब्द की अपेक्षा को त्यागकर निर्वात स्थल पर स्थित दीपशिखा के समान ही निश्चल होकर स्थित होना ही निर्विकल्पकसमाधि है। सविकल्पसमाधि के दो भेद तथा

निर्विकल्पसमाधि एक भेद संकलित करने पर तीन प्रकार की समाधियाँ हुई, ये तीनो ही समाधियाँ सूर्य(प्राण), चन्द्र(मन) और आकाश(सहस्त्रार) के बाह्यालम्बनों को प्रतिपादित करती है। हृदय के समान बाह्य देश स्थित किसी वस्तु में समाधि करने से चिन्मात्रावस्था नामरूप से पृथक् होकर रहती है, वह दृश्यानुबिद्ध सविकल्पसमाधि है। चौथी समाधि शब्दानुबिद्ध बाह्यसविकल्पकसमाधि है। जो अखण्ड अविच्छिन्न चिन्तन से जो समाधि उत्पन्न होती है, वह बाह्यशब्दानुबिद्ध सविकल्प समाधि पाँचवी समाधि है। यह बाह्य संज्ञाक समाधि, समाधियों में मध्य की समाधि है। इसमें केवल ब्रह्माकार स्वरूप होने से मन को चेष्टा रहित निर्विकल्पावस्था का अनुभव होता है। इस प्रकार बाह्य पदार्थों में मन को निश्चेष्ट निर्विकल्पावस्था में होनवाली ही छठी समाधि है। मन को निश्चेष्ट स्तब्ध करके आभ्यान्तर निर्विकल्प समाधि के समान ही बाह्य पदार्थों में भी मन को विकल्प रहित बनाकर स्थिर करना बाह्य निर्विकल्प समाधि कहते है। इस प्रकार छहों समाधियों द्वारा निरन्तर आत्मतत्त्व का चिन्तन करते हुए योगियों को स्वकालयापन करने से देहाभिमान के नष्ट हो जाने तथा परमतत्त्वानुभूत होने पर, जहाँ जहाँ मन जाता है, साधक के लिए वहीं समाधि उपलब्ध होती है। अर्थात् बाह्य और अन्त: जगत् में सर्वत्र आत्मतत्त्व के अतिरिक्त अन्य किसी वस्तु का भान नहीं रहता है, इसी अवस्था का नाम सप्तम समाधि है।

देहाभिमाने गलिते विज्ञाते परमात्मनि।
यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधय:॥

वाह्य और आभ्यान्तर इन्द्रियों के द्वारा अभिव्यक्त होनेवाला पदार्थ भी चैतन्यमात्र का ही धर्म है अत: समस्त जगत् की मूल भित्ति चित्त के लय होने पर सभी परम भैरव स्वरूप हो जाते है।

यत्र यत्राक्षमार्गेण चैतन्यं व्यज्यते विभो:।
तस्य तन्मात्रधर्मित्वाच्चिल्लयाद्भरितात्माता॥

जहाँ जहाँ इन्द्रिय मार्गों के द्वारा उस परमात्मा के चैतन्य की अभिव्यक्ति होती है, उस परमात्मा के धर्मी होने के कारण चिति में विश्रान्ति के द्वारा भरितावस्था(भैरवावस्था) होती है। अर्थात् वाह्याभ्यन्तर इन्द्रियों के द्वारा अभिव्यक्त होनेवाला पदार्थ भी चैतन्यमात्र का ही धर्म है अत: समस्त जगत् की मूल भित्ति के लय होने पर सभी परम भैरवस्वरूप हो जाते है।

अल्पज्ञ पुरुष जिसे शुद्धि कहते है, वह शाम्भव दर्शन में अशुद्धि के रूप में मानी गयी है, अत: कुछ भी न पवित्र है और न अपवित्र, केवल निर्विकल्प भाव से सुखी होता है। शाम्भव दर्शन शरीर की शुद्धि मिट्टि, जल आदि के द्वारा करने पर, परमतत्त्व का साक्षात्कार करानेवाले शाम्भव दर्शन में नहीं के बराबर होने से अववित्र के तुल्य है, मिट्टि आदि से की गई शुद्धि का तत्त्वज्ञान से कोई सम्बन्ध न होने से वह शुद्धि भी अशुद्धि ही है। अर्थात् शाम्भव भाववालों में शुद्धाशुद्धि का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता है, वे सदा सर्वदा शुद्ध

ही रहते है, उसे तो साधारण मनुष्य में भी भैरवत्व ही दिखाई देता है। अर्थात् सर्वत्र ब्रह्ममयता ही दिखाई देता है।

किञ्चिज्ज्ञैर्या स्मृता शुद्धिः साऽशुद्धिः शम्भूदर्शने।
न शुचिर्ह्यशुचिस्तस्मान्निर्विकल्पः सुखी भवेत्॥
सर्वत्र भैरवो भावः सामान्यष्वपि गोचरः।
न च तद्व्यतिरेकेण परोऽस्तीतयद्वया गतिः॥

साधक को नित्य, निराश्रय, शून्य, व्यापक और सम्पूर्ण कल्पनाओं से युक्त वाह्याकाश में मन को स्थिर करके आकाश से भी परे अशून्य स्थान में प्रवेश करना चाहिये। जहाँ जहाँ मन जाता है अर्थात् जिन जिन विषयों में मन लगता है उसमें तुरन्त निर्विकल्पावस्था मन को पहुचा कर हटाना चाहिये, इस प्रकार बार बार विषयों से मन हटाने से निश्चलता को ग्रहण करता है। इस प्रकार भय का कारण, संवित् प्रकाश से संचालित करनेवाला सर्व शक्तिमान् भैरवशब्द का निन्तर उच्चारण करते हुए मनुष्य(साधक) भैरवत्व प्राप्त कर भैरव स्वरूप हो जाता है।

नित्ये निराश्रये शून्ये व्यापके कलनाज्झिते।
वाह्याकाशे मनः कृत्वा निराकाशं समाविशेत्॥
यत्र यत्र मनो याति तत्तत् तेनैव तत्क्षणम्।
परित्यज्यानवस्थितया निस्तरङ्गस्ततो भवेत्॥
भया सर्वं रवयति सर्वदो व्यापकोऽखिले।
इति भैरवशब्दस्य सन्ततोच्चारणाच्छिवः॥

भा ऐ र व इति अक्षरचतुष्कस्य अनुत्तररूपोऽकारः, इच्छारूपः इकारः, अनुत्तर-विश्रान्तिरेव आनन्दः, इच्छायां विश्रान्तिः ईशनम्, तेन एष क्रियाशक्तेः प्रारम्भः आकार ईकारश्च, भा संविद्रूपः प्रकाशः, इच्छा ईशनं च आनन्दवपुषि अनुत्तरपरधामनि च प्राग्भाविनि स्वरूपात् अप्रच्याविनि यदा अनुप्रविशति तदा अ आ इ ई इत्येतत् एकारतया सम्पद्यते। अनुत्तरानन्दायोः इच्छायां प्रसरणेन एकारोत्पत्तिः, तत्रापि पुनरनुत्तरानन्दसङ्घट्टात् ऐकारोत्पत्तिः। अत एव सन्ध्यक्षरसंज्ञा एकार-ऐकारयोः। अत एव—इत्यनेन अ आ ए—इत्येतत्, अकार-एकारयोः एकादेशेन अथवा आकार एकारयोः एकादेशेन ऐ-भावः इति संवित्प्रकाशः शबलीभूतः। सा इयं स्फुटा क्रिया-शक्तिः, स्फुटक्रियाशक्तिमत्त्वम् ऐकारार्थः। तेन भैरवपदस्य अयमर्थ—भया संवित् प्रकाशरूपया ऐकारः क्रियाशक्तिमान् महेश्वरः सर्वं रवयति विमृशति इति भैरवः इति एतदेव अभिधेयम्। यद्वा भया ज्ञानात्मिका शक्त्या ऐकारेण माहेश्वर्याव्यञ्जिकया क्रियाशक्त्या सर्वं विमृशति। यदुक्तं प्रत्यभिज्ञायाम्—

भैरवः जडभूतानां प्रतिष्ठा जीवदाश्रया।
ज्ञानं क्रिया च भूतानां जीवतां जीवनं मतम्॥

इति अर्थान्तरं तु द्वितीय पादेन आह—सर्वदो व्यापकोऽखिले इति। तया भया सर्वं शुभाशुभं राति अहर्निशमुच्चारणात् परमशिवो भवति।

भैरव नाम में भा ऐ र व चार अक्षर है, इन चारों का क्रमश: अर्थ इस प्रकार है। अकार अनुत्तर है, इकार इच्छा रूप है, अनुत्तर में विश्रान्ति होना ही आनन्द है, इच्छा में विश्रान्ति होना ही ईषणा है जिसमें '**ईषणम् एष:**' इस व्यप्तत्ति से क्रियाशक्ति का बोध होता है। अकार ईकार प्रारम्भ में भास्वररूप अर्थात् संवित् प्रकाश का अवबोधन कराते हैं और इच्छा आनन्द रूप शरीर में अनुत्तर परमधाम के पूर्वभावी स्वरूपवाली होने से कभी च्युत नहीं होनेवाली भावना है। अनका अनुप्रवेश होने पर अ, आ, इ, ई मिलकर एकाकारता को प्राप्त हो जाते है। अनुत्तरानन्द का इच्छा में प्रवेश होने से एकार की उत्पत्ति होनी है अतएव एकार और ऐकार दोनों सन्ध्यक्षर है, इससे अ, आ, और ए ये तीनों अकार और ऐकार के एकादेश से अथवा आकार और ऐकार के एकादेश से ऐकार उत्पन्न होता है, संवित् प्रकाश से शबलीभूत(मिश्रित) होकर स्फुट क्रिया शक्ति का वाचक बन जाता है, इसलिए एकाक्षरकोष में एकार का अर्थ महेश्वर कहा जाता है। अत: भैरव पद का अर्थ होता है संवित् प्रकाश रूप शक्ति एकार और क्रिया शक्तिमान महेश्वर इन सब को विमर्श रूप में प्रकट करनेवाला भैरव कहलाता है।

भया रवतीति भैरव:, भया संवित्प्रकाशरूपया ऐकार: क्रियाशक्तिमान् महेश्वर: सर्वं रवयति विमृशति इति भैरव: इति एतदेव अभिधेयम्। यद्वा ज्ञानात्मिका शक्त्या ऐकारेण माहेश्वर्यव्यञ्जिकया क्रियाशक्त्या सर्वं विमृशति।' अर्थात् जड़भूत वर्णों की जीवदात्री प्रतिष्ठा के द्वारा ज्ञान, क्रियभूत जीवन देने से इनमें जीवता मानी जाती है, इस प्रकार जीवनदात्री शक्ति से युक्त शुभाशुभ कर्मफल को देने के कारण और सबकों प्रेरित करने के कारण भैरव कहा जाता है।

निर्विकल्प अवस्था प्राप्ति के पश्चात् विश्रान्ति प्राप्त करनेवाला प्रमाता जीवन्मुक्त अवस्था को प्राप्त कर लेता है और देहपात के बाद भी परमेश्वर के स्वरूप से अभेद हो जाने के कारण विदेहमुक्त होकर ईश्वर बन जाता है।

मानसं चेतना शक्तिरात्मा चेति चतुष्टयम्।
यदा प्रिये परिक्षीणं तदा तद् भैरवं वपु:॥

जिज्ञासा रहित शुद्ध निर्विकल्प अवस्था ही परमपद है। इस प्रकार की अवस्था का नाम ही भैरव शरीर है। इसमें साधनानन्तर की अपेक्षा नहीं होती है। क्यो कि कार्मण और आणवादि सभी समाप्त हो जाते है।

जिज्ञासा रहितं शुद्धं निर्विकल्पं परं पदम्।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे॥

मल किसे कहते हैं? इस विषय में मल का लक्षण इस प्रकार किया गया है।

मलस्वरूपमाह—

अज्ञानं किल बन्धहेतुरुदितः शास्त्रे मलं तत्स्मृतम्।

तथा च—

मलमज्ञानमिच्छन्ति संसाराङ्कुरकारणम्।

एवमेव—

योग्यतामात्रमेवैतत् भावव्यच्छेदसङ्ग्रहे।

अन्ये च—

स्वात्मप्रच्छादनक्रीडामात्रमेव मलं विन्दुः।

आणव, मायीक और कार्मणमल तीन प्रकार के मल कहे गये है।

अप्रतिहतस्वातन्त्र्यरूपा इच्छाशक्तिः सङ्कुचिता सती अपूर्णम्मन्यतारूपम् आणवमलम्। ज्ञानशक्ति क्रमेण सङ्कोचाद् भेदे सर्वज्ञत्वस्य किञ्चिजज्ञत्वप्राप्तः अन्तःकरणबुद्धीन्द्रियतापत्तिपूर्वम् अत्यन्तं संकोच ग्रहणेन भिन्नवेद्यप्रथारूपं मायीवमलम्। क्रियाशक्तिः क्रमेण भेदे सर्वकर्तृत्वस्य किञ्चित्कर्तृत्वाप्तः कर्मेन्द्रियरूपसङ्कोचग्रहणपूर्वकम् अत्यन्तं परिमिततां प्राप्ता शुभाशुभमनुष्ठानमयं कार्मणमलम्।

स्वतन्त्र्य हानिरूप आणवमल विज्ञान केवल में, स्वातन्त्र्य अबोधरूप आणवमल प्रलय काल में (जिसमें कार्ममल भी रहता है और विकल्प से मायीव भी) तथा देवादि सभी संहारी प्रमाताओं में त्रिविध मल और मुख्यत: कार्मणमल होता है।

मनुष्य का शिव स्वरूप, संङ्कोच के करण समाप्त हो जाता है और वह जीव रूप हो जाता है यह सङ्कोचरूप ही आणवमल कहलाता है। साधनाओं में इस मल को नष्ट करना अत्यन्त अनिर्वाय होता है, इनके रहते साधक अपनी अवस्था नहीं प्राप्त कर सकता है।

आणवमलमाह—

सङ्कोच एव पुंसामाणवमलमित्युक्तप्रायम्।
द्विधाणवं मलमिदं स्वस्वरूपापहानितः॥

तत्रैव—

संविन्द्रूपे न भेदोऽस्ति वास्तवो यदपि ध्रुवे।
तथाप्यावृत्तिनिर्ह्लादतारतम्यात् स लक्ष्यते॥

भेद बुद्धि का होना ही मायीवमल है, यही जन्मभोगादि का कारण है।

मायीव मलमाह—

भिन्नवेद्यप्रथात्रैनं मायाख्यं जन्मभोगदम्।

अन्यत्र—

शरीरभुवनाकारा मायीव प्रकीर्तितः।

शरीर विषयक कर्मों का संस्कार ही कार्मण मल है। इस मल के प्रभाव से मनुष्य की सांसारिक प्रवृत्ति नष्ट नहीं होती जिसके कारण स्वस्वरूपत्व की प्राप्ति नहीं होती है।

कार्मणमलमाह—

देवादीनां च सर्वेषां भाविनां त्रिविधं मलम्।
तथापि कार्मनैवैकं मुख्यं संसारकारणम्॥

तथाच—

कर्मकस्तु शरीराणि विषयः करणानि च।

इन समस्त आणव, मायीव और कार्मण मलों को नष्ट करके ही साधक भैरववत्व प्राप्त कर सकता है, भैरववत्व प्राप्त करने का एकमात्र साधन वटुकभैरव की उपासना ही है बिना वटुकभैरव के उपासना किये स्वस्वरूपत्व की प्राप्ति नहीं होती है। वटुक भैरव की उपासना करके मनुष्य परमज्ञानी हो जाता है तथा उसमें शापानुग्रह की शक्ति सद्यः आ जाती है वह साक्षात् शरीर धारी भैरव हो जाता है।

अत्र चैकतमे युक्तो जायते भैरवः स्वयम्।
वाचाकरोति कर्माणि शापानुग्रहकारकः॥

वटुक भैरव की उपासना करनेवाला साधक अणिमादि आठ प्रकार की सिद्धियों के गुणों से युक्त हो जाता है और ज्ञान, क्रिया और आनन्दादि शक्ति रूप योगिनियों का प्रिय होकर सभी वर्णों का अधिपति बन जाता है तथा अजरता अमरता को पा लेता है। वह जीवित रहता हुआ भी तथा सांसारिक कर्म में प्रवृत्त होता हुआ भी जीवनमुक्त होता है। किसके लिए हवन किया जाता है, किसकी पूजा की जाती है, किसकी कथा कही जाती है, किसका जप किया जाता है, जपतपपूजापाठादि से कौन तृप्त होता है इन सबका बोध वटुक भैरवोपासना से साधक प्राप्त कर लेता है, साध्य साधक का उसे बोध हो जाता है तथा साधक पूर्ण निर्मल होकर साक्षात् ब्रह्म हो जाता है।

अजरामरतामेति सोऽणिमादिगुणान्वितः।
योगिनीनां प्रियो देवि! सर्वमेलापकाधिपः॥
जीवन्नपि विमुक्तोऽसौ कुर्वन्नपि च चेष्टितम्।
इदं यदि वपुर्देव परायाश्च महेश्वर!॥
एवमुक्तव्यवस्थायां जप्यते को जपश्च कः।
ध्यायते को महानाथ पूज्यते कश्च तृप्यति॥
हूयते कस्य वा होमो यागः कस्य च किं कथम्।
एषात्र प्रक्रिया वाह्या स्थूलेश्चैव मृगेक्षणे॥

भैरव शब्द की व्युत्पत्ति, निरुक्ति और परिभाषाऐं—तन्त्रालोक और विज्ञान भैरव में भैरव शब्द की सिद्धि भयानक **'भी'** धातु से निष्पन्न भी शब्द और **'अव'** धातु से निष्पन्न

अव शब्द के योग से उत्पत्ति **भैर्भीमादिभिः** (साधनैः) **अवतीति भैरवः** अर्थात् भीमादि भीषण साधनों से रक्षा करनेवाले भैरव है।

अन्यत्र '**भी**' धातु से औणादिक '**डैरव**' प्रत्यय लगाने से भैरव शब्द की निष्पत्ति होती है जिसका अर्थ होगा '**बिभेति क्लेशो यस्मादिति भैरवः**' अर्थात् जिससे क्लेश डरता है उन्हें भैरव कहते है। अथवा '**बिभ्यति लोकेशा यस्मादिति**' किं वा '**बिभेति लोको यस्मादिति**' अर्थात् जिससे लोक डरता है।

'**भी**' धातु से '**भी**' शब्द के साथ '**रु**' प्रत्यय का योग करने पर भीरु शब्द से स्वार्थ में अण् प्रत्यय के योग तथा आदि वृद्धि करने से भैरु शब्द से गुण तथा अवादेश कर भैरव शब्द बनता है जिसका अर्थ होगा भयंकर शब्दकारी। '**भीर्भयजनकं रौतीति भीरुः, स्वार्थेऽणि, आदिवृद्धौ गुणावादेशयोच्च। भैरवो भयङ्करशब्दकारी साधकानां सिद्धिदत्वात् तद्द्वेषिणां च भयदत्वात्**' इति व्युत्पत्तिः।

भी और रव से भी भैरव शब्द की निष्पत्ति स्वीकार की गयी है, '**भीः भयङ्करो रवो यस्य स भैरवः**'।

अन्यत्र '**भी**' और '**रव**' धातु से भेरु शब्द की निष्पत्ति की गयी जिसका अर्थ दुःख समुह कहा गया है। भेरु शब्द से **स्वादेः कन्** सूत्र से कन् प्रत्यय करके भैर शब्द बनाकर '**वा**' धातु के वकार के योग करने पर '**भैरं दुःखसमूहं वाति हिनस्तीति भैरवः**' सिद्ध होता है।

'**भिया सर्वान् रवयतीति भैरवः**' व्युत्पत्ति करने पर अर्थ होता है कि भय से सबको रुलानेवाला भैरव है।

'**भीरूणां समूहो भैरवः**' व्युत्पत्ति भी अन्यत्र प्राप्त होता है।

'**भृ**' धातु से '**डैरव**' प्रत्यय करने पर भैरव शब्द की निष्पत्ति की गयी है जिसका अर्थ है '**भरति विश्वमिति भैरवः**' अथवा '**बिभर्ति धारयति पुष्णाति रचयतीति भैरवः**' अर्थात् सृष्टिस्थितिसंहारकारी भैरव है।

'**विश्वस्य भरणात् रमणात् वमनाद् सृष्टिस्थितिसंहारकारी परशिवो भैरवः**' इस व्युत्पत्ति में भ, र, व इन तीन वर्णो के भरण, रमण तथा वमन अर्थ करते है।

भकार—

भाख्या तु श्यामला चैकवक्त्रा भद्रासने स्थिता।
उद्यद्रविनिभाधत्ते शरचापवराभयान्॥

भकारात्मिक भैरव स्वरूप भद्रासन पर विराजमान, श्यामल तथा उदयकालीन सूर्य के समान, सिन्दूर की कान्तिवाला, एक मुख तथा चार हाथ जिनमें धनुष, बाण, वर तथा अभय धारण किए हुए है।

रकार—

रेफाख्या रेचिका श्यामा सिंहस्था लोहितांशुका।
पञ्चास्याष्टकराधत्ते दक्षवामकरैस्तु सा॥
खड्गखेटाङ्कुशागदा पाशशूल वराभयान्।

रकारात्मक भैरव स्वरूप भद्रासन पर विराजमान, श्यामल वर्ण, रक्तवस्त्र धारण किए हुए, सिंहासनारूढ, पाँच मुख, आठ हाथ तथा खड्ग, खेट(मूसल), अङ्कुश, गदा, पाश, शुल, वर तथा अभय धारण किये हुए है।

वकार—

वाख्या परायणी देवी स्फटिकाभरणांशुका।
स्फुटपद्मासनाधत्ते पद्मद्वयवराभयान्॥

वकारात्मक भैरव स्वरूप का आभूषण और वस्त्र श्वेत है, लोक का परम आश्रय है, खिला हुआ कमल आसन है, चार हाथ जिनमें क्रमश: दो हाथों में कमल, वर तथा अभय धारण किए हुए है।

इस प्रकार की व्युत्पत्ति में क्रमश: सिन्दूर, श्याम और श्वेत वर्ण राजस्, तामस् और सात्विक् गुण हैं। इन तीनों प्रकार के स्वरूप का ध्यानादि भी भिन्न भिन्न हैं।

भैरव पद के वर्ण भकार, रकार और वकार का क्रमश: भरण, रमण और वमन अर्थ प्राण क्रिया में भरण अर्थात् पूरक, रमण अर्थात् कुम्भक तथा वमन अर्थात् रेचन अर्थ का द्योतक है।

'भैरवः सर्वशक्ति भरितः' अर्थ में सर्वशक्ति पद से इच्छाज्ञानक्रिया एवं वामाज्येष्ठारौद्री, का ग्रहण होता है।

'भैरवः भयङ्करः सर्वनियन्ता' अर्थ में 'भयङ्कर पद से पूर्ण व्यापकता (सम्पूर्ण विश्व की आच्छादकता) का ग्रहण होता है।

'भिया सर्वान् रवयति इति भैरवः' अर्थ में **'रव'** क्रिया का मथना अर्थ किया जाता है। मथन शब्द से नाश अर्थ करने पर भैरव की उपसना करने पर समस्त भयों का नाश हो जाना होता है। अर्थात् भैरव भक्त के समस्त भय नष्ट हो जाते हैं।

उद्यमोन्तः परिस्पन्दः पूर्णाहम्भावनामकः।
स एव सर्वशक्तिनां सामरस्याशेषतः॥
विश्वतो भरितत्वेन विकल्पानां विभेदिनाम्।
अलं कवलनेनापीत्यन्वर्थादेव भैरवः॥

वही भैरव देवगणसहित सब शक्तियों के अन्तः परिस्पन्दनात्मक उद्यम स्वरूप पूर्णाहम्भाव नामवाले हैं, विश्व का भरण एवं बुद्धि भेद के जनक विकल्पों का अशेषरूप से

कवलन करने में समर्थ होने के कारण भैरव यह अन्वर्थ नाम धारण करते हैं। इसी प्रकार अन्यान्य तन्त्र ग्रन्थों और उनकी टीका प्रटीकाओं के परिशीलन से और भी व्युत्पत्ति एवं परिभाषाएँ प्राप्त हो सकती हैं।

वटुक शब्दार्थ—

वेष्टनार्थक '**वट**' धातु से '**कटिवटिभ्याञ्च**' इस औणादिक सूत्र से '**उ**' प्रत्यय तथा स्वार्थ में '**कन्**' प्रत्यय लगाने पर वटुक शब्द बनता है।

'**वट्यते वेष्टयते सर्वं जगत् प्रलयेऽनेनेति वटुकः**' अर्थात् प्रलय काल में सम्पूर्ण जगत् को आवेष्टित करने के कारण अथवा सर्वव्यापी होने से भैरव को वटुक कहा जाता है। '**वबयोरभेदः**' व और ब में अभेद मानकर वटुक के स्थान पर बटुक कहने की पद्धति अधिक प्रचलित है। ऐसी स्थिति में इसकी व्युत्पत्ति '**बटून् ब्रह्मचारिणः कायत्युपदिशतीति बटुको गुरुरूपः**' अर्थात् ब्रह्मचारियों को उपदेश देनेवाला गुरुरूप होने से भैरव को वटुक कहा जाता है। इस नाम में वटुक को '**वटु**' और '**कै**' शब्द धातु के योग से गुरुरूप सिद्ध किया गया है। वटुक को क्षुद्रविराट कहा जाता है। विराटपुरुष का क्षुद्र(छोटा) स्वरूप को ही वटुक कहा जाता है अर्थात् सर्व व्यापी शिव का छोटा स्वरूप ही वटुक भैरव हैं।

शक्ति उपासना की पूर्णता, बिना भैरव की उपासना किए नहीं होती है। कार्य भेद से शक्ति में भेद होता है तथा शक्ति भेद से भैरव का भी भेद होता है। दोनों एक दूसरे के अविभाज्य एवं अच्छेद्य अङ्ग है। अनिष्ट निवृत्ति तथा अभीष्ट पूर्ति के लिए इन दोनों की साधना का विधान कहा गया है। दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं।

शक्तयः सर्वदा सेव्याः साधकैर्भैरवार्चिताः।
अतोऽन्यथाः न सिद्धिः स्यात् कल्पकोटिशतैरपि॥

बिना भैरव के उपासना के कोई भी मन्त्र सिद्ध नहीं होता है।

केवलं यो जपेच्छाक्तं मन्त्रं शैवं न योजयेत्।
कोटिजन्मजपेनापि न मन्त्रः सिद्धिभाग्भवेत्॥
यस्या देव्यास्तु यो देवः शिवस्तस्याः शिवो भवेत्।
तेन विद्या महादेवि कलौ सिद्ध्यति सत्वरम्॥

जिस प्रकार क्रोध भैरव के संयोग से यक्षिणियाँ शिघ्र फल प्रदायिनी होती है उसी प्रकार पुंयोग से ही समस्त शक्तियाँ, विद्यायें अथवाँ मन्त्र शिघ्र सिद्धि प्रदायिनी होती है।

क्रोधभैरव संयोगाद् यक्षिण्यः सिद्धिदा यथा।
तथा विद्याः प्रसिद्ध्यन्ति पुंयोगादेव पार्वति॥

भैरव की उपासना समस्त शक्ति की उपासना में अनिवार्य है तथा जो शिव के उपासक होते हैं उनकें लिए शिव ही भैरव रूप होने से परम उपास्य ही है।

जवा पुष्प के समान आभावाले, मदविह्वल नेत्रोंवाले, जगत् के मातापिता श्रीभैरव तथा श्रीभैरवी ही है।

जवाकुसुमसङ्काशौ मदघूर्णितलोचनौ।
जगतः पितरौ वन्दे भैरवी-भैरवात्मकौ॥

शक्ति भेद से भैरव में भी भेद व्यवहृत होते है। कालिका, तारा, सुन्दरी, छिन्ना, भुवना, धूम्रा, महालक्ष्मी, भैरवी, मातङ्गी तथा बगला ये महाशक्तियाँ महाविद्या नाम से ख्याति लब्ध हैं इनके इन्हीं भेद से भैरव भी महाकाल, अक्षोभ्य, ललितेश्वर, विकराल, महादेव, कालभैरव, नारायण, वटुक, मतङ्ग अथवा सदाशिव तथा मृत्युञ्जयभैरव हैं।

कालिकाया महाकालः सुन्दर्या ललितेश्वरः।
तारायाश्च तथाऽक्षोभ्यश्छिन्नाया विकरालकः॥
भुवनाया महादेवो धूम्रायाः कालभैरवः।
नारायणो महालक्ष्म्या भैरव्या वटुकः स्मृतः॥
मातङ्ग्यास्तु मतङ्गः स्यादथवा स्यात् सदाशिवः।
मृत्युञ्जयश्च बगलाविद्यायाः परिकीर्तितः॥

योगिनी भेद से चतुषष्टि योगिनियों के चौसठ भैरव बतलायें गये हैं। जो चराचर जगत् के संचालक हैं।

असिताङ्गो विशालाक्षो मार्तण्डो मोदकप्रियः।
स्वच्छन्दो विघ्नसन्तुष्टः खेचरः सचराचरः॥१॥
रुरुश्च क्रोधदण्डश्च तथैव च जटाधरः।
विश्वरूपो विरूपाक्षो नानारूपधरः परः॥२॥
वज्रहस्तो महाकायः चण्डश्च प्रलयान्तकः।
भूमिकम्पो नीलकण्ठो विष्णुश्च कुलपालकः॥३॥
मुण्डमालः कामपालः क्रोधो वै पिङ्गलेक्षणः।
शङ्करो भूतवेतालः त्रिनेत्रः त्रिपुरान्तकः॥४॥
वरदः पर्वतावासः कपालः शशिभूषणः।
हस्तिचर्माम्बरधरः योगीशो ब्रह्मराक्षसः॥५॥
सर्वज्ञः सर्वदेवेशः सर्वभूत हृदि स्थितः।
भीषणाख्यो भयहरः सर्वज्ञाख्यस्तथैव च॥६॥
कालाग्निश्च महारौद्रो दक्षिणमुखरोस्थिरः।
संहारश्चातिरिक्ताङ्गो प्रलयाग्निः प्रियङ्करः॥७॥
घोरनादो विशालाङ्गो योगीशो दक्षसंस्थितः।
ऐते शुभाऽशुभस्येह कर्मफ़लप्रदायकम्॥८॥

भैरव का गुण भेद से सात्त्विक, राजस और तामस स्वरूप बताया गया है, जो अलग अलग कामनाओं की पूर्ति के लिए है।

यथा कामं तथा ध्यानं कारयेत् साधकोत्तमः।

महाभैरव का सात्त्विक स्वरूप अपमृत्यु निवारक, आयु-आरोग्य का प्रदाता तथा मोक्ष फल देनेवाला है। राजस स्वरूप धर्म, अर्थ तथा काम की सिद्धि देनेवाला है। तामस स्वरूप कृत्या-भूतप्रेत-ग्रहादि तथा शत्रूओं का शमन करनेवाला है।

शान्तिके सात्त्विकं ध्यानं वश्यादौ राजसं मतम्।
मारणादौ तामसं ध्यानं तद्देवं ध्यायन्महेश्वरम्॥

महाभैरव का सात्त्विक स्वरूप—स्फटिक के समान शुभ्रवर्ण, कुण्डलों से देदीप्यमान, दिव्य मणिगण, किंकिणी और नूपुर से भूषित, तेजस्वी प्रसन्नवदन, त्रिनेत्र, शूल और दण्ड धारण किये हुए, वालक सदृश रूपवाला है।

वन्दे बालं स्फटिकसदृशं कुण्डलोद्भासिताङ्गं,
दिव्याकल्पैर्नवमणिमयैः किङ्किणी नूपुराढ्यैः।
दीप्ताकारं विशदवदनं सुप्रसन्नं त्रिनेत्रं,
हस्ताग्राभ्यां वटुकसदृशं शूलदण्डोपधानाम्॥

महाभैरव का राजस स्वरूप—उगते हुए सूर्य के समान अरुण वर्ण, त्रिनयन, लालपुष्पों की माला धारण किये हुए, प्रसन्न मुख, हाथों में वरद, कपाल, अभय और शूल धारण किये हुए, नीलग्रीव, उदारता से युक्त, चन्द्रकला से विभूषित एवं लाल वस्त्र धारण किये हुए, समस्त भयों का हरण करनेवाला है।

उद्यद्भास्करसन्निभं त्रिनयनं रक्ताङ्गरागस्रजं,
स्मेरास्यं वरदं कपालमभयं शूलं दधानं करैः।
नीलग्रीवमुदारभूषणयुतं शीतांशुखण्डो ज्वलं,
बन्धूकारुणवाससं भयहरं देवं सदा भावये॥

महाभैरव का तामस स्वरूप—नील पर्वत के समान वर्णवाले, चन्द्रकलाधर, मुण्डमालाधारी, महेश, दिगम्बर, दीपशिखा के समान रंगवाले केशों से युक्त, डमरू, अङ्कुश, खड्ग, पाश, अभय, नाग, घण्टा एवं कपालरूप आयुधों को आठ हाथों में ग्रहण किये हुए, विकराल दाढ़ोंवाले, त्रिनेत्र तथा मणिमय किंकिणी और नूपुरों से विभूषित है।

वन्दे नीलाद्रिकान्तं शशिसकलधरं मुण्डमालं महेशं,
दिग्वस्त्रं पिङ्गकेशं डमरुमथसृणिं खड्गपाशाभयानि।
नागं घण्टां कपालं करसरसिरुहैर्बिभ्रतं भीमदंष्ट्रं,
दिव्याकल्पं त्रिनेत्रं मणिमयविलसत्किङ्किणीनूपुराढ्यम्॥

महाभैरव का स्वर्णाकर्षण स्वरूप महत्पुण्य तथा सर्वैश्वर्य प्रदायक है, यह स्वरूप उपासकों के लिए चिन्तमणि तथा कल्पतरु है। स्वार्णाकर्षण भैरव की उपासना से साधक त्रिलोकी को वश में कर लेता है और अचला लक्ष्मी तथा श्री को प्राप्त कर लेता है।

चिन्तमणिमवाप्नोति धेनुं कल्पतरुं ध्रुवम्।
स्वर्णराशिमवाप्नोति शीघ्रमेव स मानवः॥
लोकत्रयं वशीकुर्यात् अचलां श्रियमाप्नुयात्।
न भयं विद्यते क्वापि विषभूतादि सम्भवम्॥

भैरव के समस्त भेदो में वटुक स्वरूप की उपासना करने पर, त्वरित सद्यः फल प्रदान करनेवाला है, दुःख में उपसना करने पर शीघ्र ही समस्त दुःख दूर हो जातें हैं, सुख में वटुक भैरव की आराधना करने पर कभी भी किसी प्रकार का कोई दुःख आता ही नहीं है। साधक भोग और मोक्ष दोनों सहजता से ही पा जाता है।

उपासना के दश अङ्ग होते है, मुख्यतः उपासना के दो अङ्ग है, जप एवं पूजन, इनमें जप के हवन, तर्पण, मार्जन तथा मार्जन और पूजन के कवच, सहस्रनाम, स्तोत्र, पटल, पद्धति अङ्ग होते हैं। दोनों का संकलन करने पर उपासना के दश अङ्ग होते है। प्रस्तुत वटुकभैरवसपर्या में उपासना के दशो अङ्गो को प्रकाशित किया गया है।

उपासना का मुख्य नियम है **देवो भूत्वा देवं यजेत्**। इसन नियम का पूर्णतः अनुपालन किया गया है। उपासना का पूर्ण फल तद्वत्ता प्राप्त करना ही होता है। तन्त्र विधि में साधक में सर्वप्रथम तद्वत्ता के लिए अनिवार्य सम्पूर्ण न्यासों का प्रकाशन किया गया है।

'उप समीपे अस् धातोः स्थिति' उप(उपसर्ग) का अर्थ समीप और **'अस्'** धातु का अर्थ स्थित होना है जिससे अर्थ निष्पन्न होता है देव के समीप में बैठना अथवा देव सान्निध्य प्राप्त करना।

ध्यान, प्रणाम, नमस्कार, पूजा, पाठ, जप, होम, भक्ति, सामीप्य, सेवा, सुश्रुषा, परिचर्या, आराधना, चिन्तन, मनन और निदिध्यासन को उपासना कहते हैं। इष्ट की कृपा प्राप्ति में एक मात्र उपासना ही साधन है।

कर्मणामनसावाचा सर्वावस्थासु सर्वदा।
समीपे सेवाविधिना उपास्तिरिती कथ्यते॥

ईश्वर ही संकोच के कारण संकुचित होकर जीव हो गया है तथा अपने कर्मो के अनुसार माया से ग्रस्त हो कर संसार सागर में भ्रमण करता है, उसे इस संसार सागर से छुटकारा दिला कर स्वस्वरूपत्व की प्राप्ति में एक मात्र साधन उपासना ही है, उपसना से अतिरिक्त कोई अन्य साधन स्वस्वरूपत्व की प्राप्ति नहीं करा सकती है।

उपासना से ही जीव में ज्ञान का विकाश होता है, उपसना से ही परमात्मतत्त्व का बोध

हो पाता है, उपासक का चित्त सांसारिक विषयों से विमुखता को प्राप्त कर परमात्मत्त्व को प्राप्त करता है।

इस ग्रन्थ के आश्रयण में अलग से किसी साधनों की कोई आवश्यकता नहीं होती, केवल दीक्षादि ग्रहण करने के पश्चात् उपासना विधि की शिक्षा प्राप्त कर कोई भी साधक इस ग्रन्थ में बतलाये हुए विधियों का अनुसरण करते हुए समस्त कार्य का सम्पादन करता जला जाये तो उस निश्चयेन पूर्ण फल प्राप्ति हो जाती है। इसकी पूर्णरूप से सत्यता का प्रतिपादन भगवान शङ्कर ने रुद्रयामलादि ग्रन्थों में स्वयं किया है, इसमें अन्यान्य किसी प्रमाण की कोई आवश्यकता ही नहीं है।

साधकों को त्रिविध तापों तथा समस्त आपत्तियों-विपत्तियों से रक्षा करनेवाले श्रीमद्बटुकभैरव ही हैं जिनके स्मरणानुष्ठानादि करने से प्राणियों के शारीरिक, मानसिक, व्यावहारिक समस्त दु:खों के कारणों की आत्यन्तिक परिसमाप्ति हो जाती है। इनके उपासना के लिए सरल तथा पूर्ण समर्चाविधि अनुपलब्ध होने तथा विद्वानों की आग्रह स्वरूप ही प्रस्तुत प्रबन्धनिबन्धन लिपिबद्ध हुआ। यह ग्रन्थ मुख्यत: साधकों के लिए सहायक है, जो स्वात्मकल्याण की कामना से उपासना करतें है, विधिवत् गुरु से श्रीमद्बटुकभैरव की दीक्षा लेकर पुरश्चरण करके समस्त जीवन को आनन्दमय बनाया जा सकता है इस दीक्षा तथा शिक्षा के लिए साधक सम्पर्क कर सकते है तथा नि:शङ्क होकर मानव जन इस विधि से अपना कल्याण कर सकते हैं। यह सर्वथा सरल और सुगम विधि है। श्रीकाशीविश्वनाथस्वरूप मेरे जनक परमपुण्यमय श्रीसद्गुरुस्वरूप ब्रह्मलीन प्रो० वायुनन्दनपाण्डेय जी को जनकल्याणार्थ समर्पित है। यह प्रबन्धग्रन्थ जनकल्याणकारी हो, जनसामान्य तथा साधक गण इस विधि का अनुसरण करके अपना तथा लोक का भला करें।

विद्वच्चरणचञ्चरीक,
रामप्रिय पाण्डेय

विषय-सूची:

मङ्गलाचरणम् १
सपर्या में आवश्यक कृत्य १
गुरु-पूजनम् १
श्रीगुरुपादुका २
यज्ञभूमिपूजनम् ४
तत्त्वशोधनम् ४
प्राणायामम् ५
तिलकम् ६
शिखावन्धनम् ६
समान्यार्घ्य-स्थापनम् ६
द्वारदेवतापूजनम् ७
यज्ञभूमिसंस्कारम् ८
देहरक्षान्यास: १०
भूतशुद्धि-विधि: १२
बुद्धिशोधनम् १३
अभिमन्त्रणम् १५
अघोरकरम् १५
श्रीगुरुतर्पणम् १५
इष्टदेवतातर्पणम् १५
संवित्स्तवनम् १५
भूतशुद्धि: १५
स्वशरीरे इष्टदेवताप्रतिष्ठाविधि: १६
त्वगादिन्यास: १८
प्राणशक्तिपीठदेवतान्यास: १८
स्वशरीरे इष्टयन्त्रविन्यासम् २२
प्रथमावरणम् २३
दिव्यौघादिगुरुणां विन्यासम् २४
सिद्धौघादिगुरुणां विन्यासम् २४
मानवौघादिगुरुणां विन्यासम् २५
त्रिकोणे त्रिदेवानां विन्यासम् २६
पञ्चकोणे ईशानादिविन्यासम् २६
अन्त:पञ्चकोणे पञ्चवक्त्रानां विन्यासम् २६
षड्पत्रोपरि षड्नाथानां विन्यासम् २७
अन्त:षड्पत्रोपरि षड्पुत्रानां विन्यासम् २७
अष्टकोणोंपरि डाकिन्यादिपुत्राणांविन्यासम् २८
अन्तरष्टकोणोंपरि ब्राह्म्यादिपुत्राणांविन्यासम् २९
अष्टपत्रोपर्यष्टभैरवाणां विन्यासम् ३०
षोडशपत्रोपरि कलानां विन्यासम् ३१
षोडशपत्रोपरि कलानां विन्यासम् ३२
षोडशपत्रोपरि कलानां विन्यासम् ३३
भूपुरे हेतुकादि विन्यासम् ३४
भूपुरे लकुलेशादि विन्यासम् ३५
भूपुरे दशदिग्पालानां विन्यासम् ३६
भूपुरे दशदिग्पालास्त्राणां विन्यासम् ३७
मध्यविन्दौ इष्टदेवताप्राणप्रतिष्ठा ३७
मातृकान्यासम् ३८
चक्रन्यासम् ३९
अन्तर्मातृकान्यासम् ३९
चक्रस्थमातृकान्यासम् ४०
बहिर्मातृकान्यासम् ४१
श्रीमातृकाऋषिन्यासम् ४३
श्रीमातृकाछन्दादिन्यासम् ४४
श्रीमातृकाबीजवर्णस्वरूपवाहनन्यासम् ४६
पञ्चब्रह्मन्यासम् ४९
पञ्चवक्त्रध्यानम् ५१
काममातृकान्यासम् ५२
प्रेतबीजन्यासं प्रथमम् ५५
सिंहबीजन्यासं द्वितीयम् ५९
क्वाणबीजन्यासं तृतीयम् ६२
सत्याबीजन्यासं चतुर्थम् ६५
श्रीबीजन्यासं पञ्चमम् ६८
प्राणबीजन्यासं षष्ठम् ७२

घन्टाबीजन्यासं सप्तमम् ७५
ख्यातिर्बीजन्यासं अष्टमम् ७८
मूलन्यासं नवमम् ८१
ग्रामरीर्बीजन्यासं दशमम् ८७
आकूतिबीजन्यासं ९१
कालबीजन्यासं ९५
विमार्वीजन्यासम् ९९
महापरा ख्यार्वीजन्यासम् १०३
महा[illegible]न्यासम् १०७
कलामातृकान्यासम् ११२
पीठन्यासः ११५
आसनन्यासः ११८
अन्तःपूजनम् ११९
कुण्डलिनी ध्यानम् ११९
शिवशिवाध्यानम् १२०
कुण्डलिनीस्तुतिः १२१
अक्षमाला स्तुतिः १२५
अक्षमालाजपविधिः १२७
विशुद्धचक्र के पत्रोंपर अःप्रत्याहार के वर्ण १२८
अनाहतचक्रके पत्रोंपर कठप्रत्याहारके वर्ण १२९
मणिपूरचक्रके पत्रोंपर डफप्रत्याहारके वर्ण १३०
स्वाधिष्ठानचक्रके पत्रोंपर बलप्रत्याहारके वर्ण १३१
मूलाधारचक्रके पत्रोंपर वसप्रत्याहारकेवर्ण १३१
मूलाधार की कर्णिका में लँ बीज १३२
स्वाधिष्ठान की कर्णिका में वँ बीज १३२
मणिपूर की कर्णिका में रँ बीज १३२
अनाहत की कर्णिका में यँ बीज १३३
विशुद्ध की कर्णिका में हँ बीज १३३
आज्ञाचक्र के पत्र पर हकार वर्ण १३३
पुनः आज्ञाचक्र के पत्र पर हकार वर्ण १३४
विशुद्ध की कर्णिका में हँ बीज १३४
अनाहत की कर्णिका में यँ बीज १३४
मणिपूर की कर्णिका में रँ बीज १३५
स्वाधिष्ठान की कर्णिका में वँ बीज १३५
मूलाधार की कर्णिका में लँ बीज १३५
पुनः मूलाधारचक्रके पत्रोंपर वसप्रत्याहारके वर्ण १३६
पुनः स्वाधिष्टानचक्रके पत्रोंपर बलप्रत्याहारके वर्ण १३६
पुनः मणिपूरचक्रके पत्रोंपर डफप्रत्याहारके वर्ण १३७
पुनः अनाहतचक्रके पत्रोंपर कठप्रत्याहारके वर्ण १३७
वटुकभैरवान्तर्यागविशेषः १३९
पात्रासादनम् १४३
वर्धनीकलशाधारचक्रम् १४३
वर्धनीकलशस्थापनम् १४३
गङ्गाद्यावाहनम् १४५
वर्धनीकलशपूजनम् १४६
श्रीपात्रादिसंस्कारम् १५६
शुक्रशापविमोचनम् १५६
कलशे दशदोषनिवारणम् १५७
आनन्दभैरवध्यानम् १५९
आनन्दभैरवीध्यानम् १५९
शक्तिचक्रम् १६०
अग्निमण्डलपूजनम् १६१
अग्निकलानांपूजनम् १६१
अर्कमण्डलपूजनम् १६२
अर्ककलानांपूजनम् १६२
सोममण्डलपूजनम् १६३
सोमकलानांपूजनम् १६३
अङ्कुशमुद्रालक्षणम् १६५
गालिनी मुद्रालक्षणम् १६५
धेनुमुद्रालक्षणम् १६५
शङ्खमुद्रालक्षणम् १६६
कवचमुद्रालक्षणम् १६७
अस्त्रमुद्रालक्षणम् १६७
मत्स्यमुद्रालक्षणम् १६८
योनिमुद्रालक्षणम् १६८
धेनुमुद्रालक्षणम् १६८
श्रीपात्रविशेषः १६८
पाद्यपात्रस्थापनम् १८३
आचमनीयपात्रस्थापनम् १८४
गुरुपात्रस्थापनम् १८४
वीरपात्र स्थापनम् १८५
क्षेत्रकीलनम् १८६
क्षेत्रकीलनाङ्गवलिदानम् १८७
वटुकवलिः १८७

योगिनीबलिः १८८
गणेशबलिः १९०
क्षेत्रपालबलिः १९२
राजराजेश्वरबलिः १९३
कालबलिदानम् १९५
मृत्युबलिदानम् १९७
दिग्पालादिबलिदानम् १९८
भूतादिबलिः २००
दिग्रक्षणम् २०२
पञ्चगव्यकरणम् २०४
आवाहर्नीमुद्रालक्षणम् २०५
अपगमनमुद्रालक्षणम् २०५
मांसमीनमद्यमुद्राकुण्डगोलादिशोधनम् २०६
बाह्यपूजनम् २१३
प्रधानकलशस्थापनम् २१३
कलशपूजनम् २२४
कलशप्रार्थना २२९
पीठदेवतास्थापनंपूजनञ्च २३०
पीठशक्तिनां पूजनम् २३२
श्रीवटुकभैरवपूजनम् २३४
श्रीष्टवटुकभैरवध्यानम् २३४
आवाहनम् २३५
आवाहर्नीमुद्रालक्षणम् २३५
आसनम् २३५
पद्ममुद्रालक्षणम् २३६
स्थापनम् २३६
स्थापनीमुद्रालक्षणम् २३६
प्रतिष्ठा २३६
सन्निधानम् २३७
सन्निधानमुद्रालक्षणम् २३७
सन्निरोधनम् २३७
सन्निरोधनमुद्रालक्षणम् २३८
सम्मुखीकरणम् २३८
सम्मुखीकरणमुद्रालक्षणम् २३८
अवगुंठनम् २३८
अवगुंठन(भ्रामित)मुद्रालक्षणम् २३९
सकलीकरणम् २३९
सकलीकरणमुद्रालक्षणम् २३९
अमृतीकरणम् २४०
धेनुमुद्रालक्षणम् २४०
परमीकरणम् २४०
परमीकरणमुद्रालक्षणम् २४०
स्वागतम् २४१
सुस्वागतम् २४१
प्राणस्थापनम् २४१
लेलिहानमुद्रालक्षणम् २४२
अष्टमुद्राप्रदर्शनम् २४२
योनिमुद्रालक्षणम् २४२
महायोनिमुद्रालक्षणम् २४२
खड्गमुद्रालक्षणम् २४३
मुण्डमुद्रालक्षणम् २४३
डमरुमुद्रालक्षणम् २४३
त्रिशूलमुद्रालक्षणम् २४३
वरमुद्रालक्षणम् २४४
अभयमुद्रालक्षणम् २४४
वटुकभैरवगायत्रीमन्त्रम् २४४
अङ्गपुष्पाञ्जलिम् २४४
पाद्यम् २४५
अर्घ्यम् २४५
आचमनम् २४५
मधुपर्कम् २४६
स्नानीयजलम् २४६
स्नानाङ्गाचमनीयजलम् २४६
पुनरर्घ्यम् २४६
उद्वर्तनम् २४७
शुद्धस्नानीयजलम् २४७
वस्त्रम् २४७
यज्ञोपवीतम् २४७
उत्तरीयम् २४८
पुष्पसारम् २४८
आभूषणम् २४८
विन्यासम् २४८
चन्दनम् २५०
अक्षतम् २५०

पुष्पम् २५१
पुष्पमालाम् २५१
दूर्वाम् २५१
विल्वपत्रम् २५१
नानापरिमलद्रव्यम् २५२
सिन्दूरम् २५२
कुङ्कुमम् २५२
धूपसंस्कारम् २५३
धूपाभिमन्त्रणम् २५३
घण्टापूजनम् २५३
धूपदानम् २५३
दीपदानम् २५४
दीपसमर्पणम् २५४
नैवेद्यसंस्कारम् २५४
नैवेद्यसमर्पणम् २५५
पानीयंजलम् २५५
उद्वर्तनम् २५६
ताम्बूलसंस्कारम् २५६
ताम्बूलसमर्पणम् २५६
ऋतुफलम् २५६
नीराजनम् २५७
तत्त्वमुद्रालक्षणम् २५७
पुष्पाञ्जलिम् २५७
अञ्जलिमुद्रालक्षणम् २५८
पूजनसमपर्णम् २५८
आवरणपूजनम् २५९
परिवार्चनादेशः २५९
प्रथमावरणं विन्दौगुरुपंक्तिसहितवटुकभैरवपूजनम् २५९
दिव्यौघादिगुरुणां पूजनम् २५९
सिद्धौघादिगुरुणां पूजनम् २६०
मानवौघादिगुरुणां पूजनम् २६१
द्वितीयावरणं त्रिकोणे त्रिदेवपूजनम् २६३
तृतीयावरणं पञ्चकोणे ऐशान्यादिपूजनम् २६३
अन्तः पञ्चकोणे पञ्चवक्त्रपूजनम् २६४
चतुर्थावरणं षडदले आनन्दनाथादिपूजनम् २६५
अन्तः षडदले उमादिपुत्राणां पूजनम् २६६
पञ्चमावरणंअष्टकोणेडाकिन्यापुत्राणांपूजनम् २६७
अन्तःअष्टकोणे ब्राह्म्यादिपुत्राणां पूजनम् २६८
षष्ठावरणं द्वितीय अष्टदले भैरवादिपूजनम् २६९
सप्तमावरणं षोडशकोणे कलानां पूजनम् २७०
अन्तः षोडशकोणे कलानां पूजनम् २७२
बहिर्षोडशपत्रे कलानां पूजनम् २७४
अष्टमावरणं प्रथमभूपुरे हेतुकादिपूजनम् २७६
नवमावरणं द्वितीयभूपुरेलकुलीशादिपूजनम् २७७
दशमावरणं तृतीयभूपुरेदिग्पालादिपूजनम् २७८
एकादशावरणं तत्रैव दिग्पालास्त्रपूजनम् २८०
दैनिकबलिदानम् २८२
मूलमन्त्रजपम् २९४
मन्त्रवर्णन्यासम् २९५
मन्त्रपदन्यासम् २९६
महाभैरवध्यानम् २९६
वटुकभैरवसात्त्विकध्यानम् २९७
वटुकभैरवराजसध्यानम् २९७
वटुकभैरवतामसध्यानम् २९७
शापविमोचनम् २९८
मूलमन्त्रप्राणायामम् २९८
मन्त्रकुल्लुका २९८
मन्त्रसेतु २९८
मन्त्रमहासेतु २९८
मन्त्रनिर्वाणम् २९८
मुखशोधनम् २९८
प्राणयोगम् २९८
उद्दीपनम् २९८
मूलमन्त्रम् २९९
मूलमन्त्रार्थम् २९९
मालाप्रार्थना २९९
सहस्रनामार्चनम् ३०१
श्रीवटुकभैरवअष्टोत्तरशतनामार्चनम् ३४१
महाभैरवमातृकान्यासम् ३४१
नित्यपठनीयस्तोत्रम् ३५७
अथभैरवतन्त्रेदेवीरहस्योक्त श्रीमद्वटुकभैरवकवचम् ३५७
अथरुद्रयामलोक्तश्रीमद्वटुकभैरवब्रह्मकवचंद्वितीयम्३६०
अथ श्रीमद्वटुकभैरवकवचंतृतीयम् ३६२
शक्तिरहस्योक्तश्रीमद्वटुकभैरवपञ्जरकवचंचतुर्थम् ३६४

रुद्रयामलोक्त श्रीमद्वटुकभैरवहृदयस्तोत्रम् ३६७
कालसङ्कर्षणतन्त्रोक्त श्रीमद्वटुकभैरवस्तोत्रम् ३७९
श्रीवटुकभैरववकारादिसहस्रनामस्तोत्रम्प्रथमम् ३८४
श्रीवटुकभैरवसहस्रनामस्तोत्रम् द्वितीयम् ४०३
अथ तृतीयं श्रीवटुकभैरवसहस्रनामस्तोत्रम् ४१५
अथ चतुर्थं श्रीवटुकभैरवसहस्रानामस्तोत्रम् ४३२
श्रीमद्वटुकभैरवपटलम् ४४३
श्रीमद्वटुकभैरवपद्धतिस्तोत्रम् ५१६
कालभैरवाष्टकम् ५५४
अथापराधक्षमापनम् ५५५
होमार्थतान्त्रिकाग्निस्थापनम् ५५८
स्थण्डिलयन्त्रम् ५५८
अग्नेर्प्रार्थना ५६०
अग्निजिह्वान्यासः ५६०
सात्त्विक न्यासः ५६०
राजस न्यासः ५६१
तामस न्यासः ५६१
अग्न्यधिष्ठाता न्यासः ५६१
मूर्तिन्यासः ५६२
पीठन्यासः ५६३
इष्टशक्तिन्यासः ५६३
पीठदेवताविन्यासः ५६५
पीठशक्तिनांपूजनम् ५७०
अग्नेर्प्राणप्रतिष्ठा ५७२
अग्न्यावरणार्चनम् ५७२
प्रथमावरणपूजनम् ५७२
द्वितीयावरणपूजनम् ५७२
तृतीयावरणपूजनम् ५७३
चतुर्थावरणपूजा ५७३
पञ्चमावरणपूजनम् ५७३
कुशकण्डिकापात्रासादनञ्च ५७५
ब्रह्मा-वरणम् ५७५
सप्तजिह्वाहुतिः ५७८
षडङ्गाहुतिः ५७८
अग्निमूर्त्याहुतिः ५७९
दिक्पालाहुतिः ५७९
दिक्पालास्त्राहुतिः ५७९
पीठदेवतायहवनम् ५८०
पीठशक्तयेहवनम् ५८२
श्रीष्टदेवताय हवनम् ५८२
प्रथमावरणं गुरुणांहवनम् ५८२
दिव्यौघादिगुरुणां हवनम् ५८२
सिद्धौघादिगुरुणां हवनम् ५८२
मानवौघादिगुरुणां हवनम् ५८३
द्वितीयावरणं त्रिदेवायहवनम् ५८३
तृतीयावरणं ऐशान्यादिहवनम् ५८३
पञ्चवक्त्रहवनम् ५८४
चतुर्थावरणं आनन्दनाथादिहवनम् ५८४
उमादिपुत्राणांहवनम् ५८४
पञ्चमावरणं डाकिन्यापुत्राणांहवनम् ५८४
ब्राह्म्यादिपुत्राणांहवनम् ५८४
षष्ठावरणं भैरवादिहवनम् ५८४
सप्तमावरणं कलानांहवनम् ५८४
अष्टमावरणं हेतुकादिहवनम् ५८७
नवमावरणं लकुलीशादिहवनम् ५८८
दशमावरणं दिग्पालादिहवनम् ५८८
एकादशावरणं दिग्पालास्त्रहवनम् ५८८
मूलमन्त्रहवनम् ५८९
क्षमाप्रार्थना ६२६
कुमारी-सुवासिनीपूजनम् ६२९
कुमारीस्तोत्रम् ६३४
पूजनविधिः ६३५
शुभाशुभफलम् ६३५
छागादिबलिदानम् ६४०
पार्श्वपूजनम् ६४०
अङ्गपूजनम् ६४१
बलिगायत्री ६४२
खड्ग-प्रार्थना ६४२
नीराजनविधिः ६४३
दीपज्योतिपूजनम् ६४३
महाभैरवध्यानम् ६४४
श्रीमद्वटुकभैरवयन्त्रस्थापनम् ६४६
यन्त्रप्रतिष्ठा ६४७
यन्त्रेश्रीमद्वटुकभैरवप्राणप्रतिष्ठा ६४७

प्रथमावरणंविन्दौगुरुपंक्तिसहितवटुकभैरवआवाहनम् ६४८
दिव्यौघादिगुरुणां आवाहनम् ६४८
सिद्धौघादिगुरुणां आवाहनम् ६४९
मानवौघादिगुरुणां आवाहनम् ६५०
द्वितीयावरणं त्रिकोणे त्रिदेवआवाहनम् ६५१
तृतीयावरणं पञ्चकोणे ऐशान्यादिआवाहनम् ६५२
अन्त: पञ्चकोणे पञ्चवक्त्रआवाहनम् ६५२
चतुर्थावरणं षडदलेआनन्दनाथादिआवाहनम् ६५३
अन्त: षडदले रुद्रादिपुत्राणां आवाहनम् ६५४
पञ्चमावरणं अष्टकोणेडाकिन्यापुत्राणांआवाहनम् ६५४
अन्त:अष्टकोणे ब्राह्म्यादिपुत्राणां आवाहनम् ६५५
षष्ठावरणं द्वितीय अष्टदलेभैरवादिआवाहनम् ६५६
सप्तमावरणं षोडशकोणेकलानां आवाहनम् ६५९
अन्त: षोडशकोणे कलानां आवाहनम् ६५९
बहिर्षोडशपत्रे कलानां आवाहनम् ६६१
अष्टमावरणंप्रथमभूपुरेहेतुकादिवटुकानावाहनम् ६६३
नवमावरणंद्वितीयभूपुरेलकुलीशादिआवाहनम् ६६४
दशमावरणं तृतीयभूपुरेदिग्पालादिआवाहनम् ६६५
एकादशावरणं तत्रैव दिग्पालास्त्रआवाहनम् ६६६
जपमालासंस्कारम् ६६९
पञ्चगव्यसंस्कारम् ६६९
मातृकाविन्यासम् ६७०
मन्त्रसंस्कारम् ६८०
शापोद्धारम् ६८०
उत्कीलनम् ६८०
चेतनीम् ६८०
आह्लादनीम् ६८१
तेजोद्दीपनम् ६८१
मन्त्राभ्यजननम् ६८१
सूतकनिवारणम् ६८१
उभयसूतकत्यागम् ६८१
मन्त्रप्रत्यक्षम् ६८१
प्राणस्थापनम् ६८२
मन्त्रस्पन्दनम् ६८२
मन्त्रदीपनम् ६८२
मन्त्रताडनम् ६८२
मन्त्रनिबोधनम् ६८२
मन्त्राभिषेचनम् ६८२
मन्त्रदाहनम् ६८२
मन्त्रविमलीकरणम् ६८३
मन्त्रपुनर्जीवनम् ६८३
मन्त्रप्रोक्षणम् ६८३
मन्त्र आप्यायनम् ६८३
तर्पणम् ६८३
पुनर्दीपनम् ६८४
गोपनम् ६८४
शिवागमतन्त्रोक्त श्रीमद्बटुकभैरवदीपदानम् ६८५
अथ दीपदानपद्धति: ६९९
दीपदानकाल: ६९९
दीपदानसम्भारा: ६९९
अथ वीरसाधनम् ७१४
पूजनोपयोगीसामग्री ७२०

।।श्रीः।।

वटुकभैरवसपर्या

मङ्गलाचरणम्

शिवोत्सङ्गे समासीनां लालयन्तीं विनायकम्।
विद्याकल्पलताबीजं वन्दे सर्वार्थदां शिवाम्॥

शिव के साथ दिव्यासन पर बैठी हुई, अपने पुत्र गणेश का लालन(दुलार) करती हुई, विद्याकल्पलता के बीजरूप शिवा भगवती पार्वती की सभी प्रकार से अर्थबोध के लिए वन्दना करता हूँ।

सपर्या में आवश्यक कृत्य

गुरु-पूजनम्

प्रातः नित्यस्नानादिकृत्य से निवृत्त होकर गुरु-इष्टदेवता तथा दिक्पालों को नमन कर सन्ध्यावन्दनादि से निवृत्त होकर दीक्षाप्रदायी स्वगुरु का मानसोपचार पूजन करे।

श्रीनाथादि गुरुत्रयं गणपतिं पीठत्रयं भैरवम्,
सिद्धौघं बटुकत्रयं पदयुगं दूतीक्रमं मण्डलम्।
वीरानद्व्यष्टचतुष्कषष्टिनवकं वीरावलीपञ्चकम्,
श्रीमन्मालिनिमन्त्रराजसहितं वन्दे गुरोर्मण्डलम्॥१॥

श्रीनाथादि तीनों गुरुओं, गणपति, तीनों पीठों के अधिपति भैरवों, मानवौघदिव्यौघ-सिद्धौघों, तीनों वटुकों, दूतीक्रम मण्डलों के समस्त गुरुओं के दोनों चरणों का वन्दन करता हूँ। बयासी, चौसठ तथा नवों प्रकार के वीरों तथा पाँच प्रकार के वीरावलियों के साथ मालिनी मन्त्रराज के सहित समस्त गुरुओं के साथ गुरुमण्डल की वन्दना करता हूँ॥१॥

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परंब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥२॥

गुरु ही ब्रह्मा हैं, गुरु ही विष्णु हैं, गुरु ही महादेव महेश्वर शिव हैं, गुरु ही साक्षात् ब्रह्म हैं, इसलिए श्रीगुरु को नमस्कार है॥२॥

मानसोपचारपूजनम्—**श्री गुरुदेवाय नमः ध्यायामि।** स्वगुरु का नाम पूर्वक ध्यान करे जैसे—**श्रीविश्वनाथाय गुरुदेवाय नमः ध्यायामि।**

ॐ लँ पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि नमः।
ॐ हँ आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि नमः।
ॐ यँ वायवात्मकं धूपं समर्पयामि नमः।
ॐ रँ वह्न्यात्मकं दीपं समर्पयामि नमः।
ॐ वँ अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि नमः।
ॐ सँ सर्वात्मकं मन्त्रपुष्पं समर्पयामि नमः।

श्रीगुरुपादुका का पाठ करे—

श्रीगुरुपादुका

ब्रह्मरध्रसरसीरुहोदरे नित्यलग्नमवदातमद्भुतम्।
कुण्डलीविवरकाण्डमण्डितं द्वादशार्णसरसीरुहं भजे॥१॥

ब्रह्मरन्ध्र सरोवर से उदर तक कुण्डलीविवर सुषुम्ना में मण्डित द्वादशार्ण सरस में अद्भुत रूप में प्रगट होनेवाली का उह कर नित्य भजन करता हूँ॥१॥

तस्यकन्दलितकर्णिकापुटे क्लृप्तरेखमकथादिरेखया।
कोणलक्षितहलक्षमण्डलीं भावलक्ष्यमबलालयं भजे॥२॥

कमल के कर्णिका पुट में अकथादि रेखा से आक्लृप्त त्रिकोण त्रय से आलक्षित हकार से युक्त लकार क्षकार तक मण्डलों में व्याप्त अबलालय में ध्यान तथा भजन करता हूँ॥२॥

तत्पुटे पटुतड़ित्कडारिमस्पर्द्धमानमणिपाटलप्रभम्।
चिन्तयामि हृदि चिन्मयं वपुर्नादबिन्दुमणिपीठमुज्ज्वलम्॥३॥

कमल की कर्णिका में तडित विद्युत तेज के सदृश, मणियों की कान्ति से स्पर्द्धमान अपने हृदय में चिन्मय रूप से कल्पित शरीर, नाद, विन्दु से युक्त तथा उज्वल मणिपीठ पर चिन्तन करता हूँ॥३॥

ऊर्ध्वमस्य हुतभुक्शिखात्रयं तद्विलासपरिबृंहणास्पदम्।
विश्वघस्मरमहोच्चिदोत्कटं व्यामृशामि युगमादिहंसयोः॥४॥

इसके ऊर्ध्व में हवनीय पदार्थों का भोग करनेवली तीन शिखायें तथा उसके के ऊपर उनके विलास का स्थान, विश्वघ, स्मर, महा उत्कट, चित्त में युगल हंस परम गुरु स्वरूप शिव शक्ति का ध्यान करता हूँ॥४॥

तत्र नाथचरणारविन्दयोः कुङ्कुमासवपरीमरन्दयोः।
द्वन्द्वबिन्दूमकरन्दशीतलं मानसं स्मरति मङ्गलास्पदम्॥५॥

हृद् कमल में श्रीनाथ के कुङ्कुमासव से अनुलिप्त दोनों चरणारविन्द, विन्दू द्वय के शीतल मङ्गलता प्रदान करनेवाले मकरन्द का मानस में ध्यान करता हूँ॥५॥

निषक्तमणिपादुका नियमितौघकोलाहलम्।
स्फुरत्किसलयारुणं नखसमुल्लसच्चन्द्रकम्॥६॥

मणियों से निर्मित पादुका औघ गुरुओं के रूप में संयुक्त कोलाहल से युक्त, अरुण वर्ण के खिले हुए कमल पुष्प, चन्द्र कलाओं से उल्लसित गुरु पादुका को अपने मानस में ध्यान पूर्वक नमस्कार करता हूँ॥६॥

परामृतसरोवरोदितसरोजसद्रोचिषं ।
भजामि शिरसि स्थितं गुरुपादारविन्दद्वयम्॥७॥

पर मण्डल से द्रवीभूत अमृत सरोवर में खिले हुए रक्त आभा से प्रकाशमान कमल के ऊपर स्थित गुरु के दोनों पादारविन्दो का शिर पर ध्यान करते हुए भजन करता हूँ॥७॥

नमस्ते नाथ भगवन् शिवाय गुरुरूपिणे।
विद्यावऽतारसंसिद्ध्यै स्वीकृतानेकविग्रहः॥८॥

हमारे नाथ(स्वामी) गुरु रूप में विद्यमान भगवान शिव को नमस्कार है, विद्या की संसिद्धि के लिए अवतार रूपी अनेक विग्रह को स्वीकार करते हैं, उन्हें शिर पर मानस ध्यान पूर्वक नमन करता हूँ॥८॥

नवाय नवरूपाय परमार्थस्वरूपिणे।
सर्वज्ञानतमोभेदभानवे चिद्घनाय ते॥९॥

नव रूपों में विभक्त, नव स्वरूप को ग्रहण करनेवाले, परमार्थ स्वरूपी, समस्त ज्ञान राशी स्वरूपवाले सर्वज्ञ, तम गुण से अभिन्नभासमान, प्रकाशमान, चिद् रूपी शिव स्वरूपी गुरु का अपने मानस में ध्यान पूर्वक नमस्कार करता हूँ॥९॥

स्वतन्त्राय दयाक्लृप्तविग्रहाय शिवात्मने।
परतन्त्राय भक्तानां भव्यानां भव्यरूपिणे॥१०॥

सर्व तन्त्र स्वतन्त्र, दया के सागर, आत्म रूपी शिव विग्रह, भव्यों में भव्यरूप, पर मण्डल के भेद के लिए चिद् रूपी शिव स्वरूपी गुरु का अपने मानस में ध्यान पूर्वक नमस्कार करता हूँ॥१०॥

विवेकिनां विवेकाय विमर्शाय विमर्शिनाम्।
प्रकाशानां प्रकाशाय ज्ञानिनां ज्ञानरूपिणे॥११॥

विवेकियों में विवेक के लिए, विमर्श करनेवालों में विमर्श के लिए, प्रकाश जाननेवालों में प्रकाश जानने के लिए, ज्ञानियों में ज्ञानस्वरूप चिद् रूपी शिव स्वरूपी गुरु का अपने मानस में ध्यान पूर्वक नमस्कार करता हूँ॥११॥

पुरस्तात् पार्श्वयोः पृष्ठे नामस्कुर्यामुपर्यधः।
सदामच्चित्तरूपेण विधेहि भवदासनम्॥१२॥

अपने आगे, पीछे, दोनों पार्श्व, ऊपर और अध: सदा चित्तरूपी आसन पर विराजमान चिद् रूपी शिव स्वरूपी गुरु का अपने मानस में ध्यान पूर्वक नमस्कार करता हूँ।।१२।।

इत्येवं पञ्चभिश्लोकैः स्तुवीत यतमानसः।
प्रातः प्रबोधसमये जपात् सुदिवसं भवेत्॥१३॥

इन पाँच श्लोकों से जो साधक अपने मानस से युक्त होकर प्रात: काल ब्रह्म मुहूर्त में जो पाठ करता है, जप करता है, उसका सुदिवस हो जाता हैं।।१३।।

अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥१४॥

अज्ञान रूपी अन्धकार के निवृत्ति के लिए, ज्ञान रूपी अञ्जन की शलाका से, चक्षु को खोलनेवाले चिद् रूपी शिव स्वरूपी श्रीगुरु का अपने मानस में ध्यान पूर्वक नमस्कार करता हूँ।।१४।।

ॐ ह्रीँ वँ गुरुभ्यो नमः, परमगुरुभ्यो नमः, परात्परगुरुभ्यो नमः, परमेष्टिगुरुभ्यो नमः, मानवौघगुरुभ्यो नमः, सिद्धौघगुरुभ्यो नमः, दिव्यौघगुरुभ्यो नमः सर्वेभ्योगुरुभ्यो नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

यज्ञभूमिपूजनम्

कुशादि निर्मित पवित्री धारण कर पुरश्चरण स्थान पर जाकर द्वार के चौखट पर गन्धाक्षातपुष्प से अभ्यर्चन करे—

ॐ ह्रीँ वँ भद्रकाल्यै नमः गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। दाहिनी चौखट पर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ भैरवाय नमः गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। बायें चौखट पर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ लम्बोदराय नमः गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। ऊपरी चौखट पर पूजन करे।

साधक सर्वप्रथम पाँच वर्ण के रंगे हुए अत्यन्त शुद्ध स्थान में बैठकर पूजा वेदी के बाहर अपने गुरु, इष्ट, देवता तथा दिक्पालों को प्रणाम कर पवित्री धारण करे और आचमन प्राणायाम करने के उपरान्त हाथ में कुशा-निर्मित मोटक लेकर मौन होकर पापशान्ति के लिए महाकाली से प्रार्थना करे।

तत्त्वशोधनम्

ॐ ह्रीँ वँ वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीँ आत्मतत्त्वं शोधयामि स्वाहा।

ॐ ह्रीँ वँ वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीँ विद्यातत्त्वं शोधयामि स्वाहा।

ॐ ह्रीँ वँ वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीँ शिवतत्त्वं शोधयामि स्वाहा।

ॐ ह्रीँ वँ वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीँ सर्वतत्त्वं शोधयामि स्वाहा।

ॐ ह्रीँ वँ वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीँ। मूल मन्त्र से तीन बार आचमन करे।

ऊपरिलिखित मन्त्रों से आचमन करने के बाद मूल मन्त्र से तीन बार पुनः आचमन करे, फिर प्राणायाम में एक बार मन्त्र का मानस जप करते हुए जो नासिका उस समय चल रही हो, उससे वायु को मन्त्र जपकाल तक धीरे-धीरे फेफड़े में भरे तथा चार बार जप करते हुए वायु को रोक कर फिर धीरे-धीरे दो बार जप करते हुए बाहर निकाल दे यथा एक बार मूलमन्त्र जप कर पूरक, चार बार जप कर कुम्भक, दो बार जप करके रेचन करे। सर्वत्र इसी विधि से प्राणायाम करे। तदनन्तर पापनिवृत्ति के लिए देवी से प्रार्थना करे।

ॐ देवि! त्वत्प्रकृतं चित्तं पापाक्रान्तक भून्मम।
तन्निस्सरन्तु चित्तान्मे पापं हूँ फट् च ते नमः॥१॥

हे चिद्रूपिणी महादेवि! मैं पाप से आक्रान्त हो गया हूँ, हमारे चित्त में प्रकट होकर समस्त पाप जो हमारे चित्त में समाहित हो गये हैं, उन पापों को निकाल दो, हे हूँ फट् स्वरूपिणि! आपको नमस्कार है॥१॥

सूर्यः सोमो यमः कालो महाभूतानि पञ्च च।
एते शुभाऽशुभस्येह कर्मणो नवसाक्षिणः॥२॥

सूर्य-सोम-यम-काल तथा पञ्चमहाभूत पृथ्वि-जल-अग्नि-वायु-आकाश कर्म के नव साक्षी देवताओं को नमस्कार है॥२॥

प्राणायामम्

ॐ ह्रीँ वँ वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीँ। मूल मन्त्र को एक बार पढ़ कर पूरक करे, चार बार पढ़ कर कुम्भक करे, दो बार पढ़ कर रेचन करे, इस प्रकार तीन बार प्राणायाम अवश्य करे।

ॐ ह्रीँ वँ वज्रोदके हूँ फट् स्वाहा। मन्त्र जपते हुए जल नदी कूपादि से ग्रहण करे।

ॐ ह्रीँ वँ हूँ स्वाहा। मन्त्र जपते हुए जल को पूजन गृह में लाये।

ॐ ह्रीँ वँ विशुद्ध सर्वपापानि शमयाशेष विकल्पमपनय हूँ फट् स्वाहा। जल शोधन करे।

आचमनम्—**ॐ ह्रीँ वँ वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीँ।** मूल मन्त्र से तीन बार आचमन करके—

ॐ ह्रीँ वँ वज्रोदके हूँ फट् स्वाहा। पात्र में जल ग्रहण करे।

ॐ ह्रीँ वँ हूँ फट् स्वाहा। हाथ में जल ग्रहण करे।

ॐ ह्रीँ वँ विशुद्धं सर्वपापानिशमयाशेषविकल्पमपनय हूँ फट् स्वाहा। मन्त्र से पाद प्रक्षालन करे।

ॐ ह्रीँ वँ स्वाहा। पुनः आचमन करने के पश्चात् अपने ऊपर तिलकादि लगाये।

तिलकम्

देव्यास्त्रं विलिखेद्भाले कालीबीजं ततो हृदि।
शक्तिं मध्यगतां कृत्वा कूर्चबीजं न्यसेत्सुधी॥

ललाट पर देवी का अस्त्र(त्रिशूल) लिखे, हृदय पर **क्रीँ** बीज लिखे, नाभि पर शक्ति बीज **ह्रीँ** लिखे तथा नाभि के नीचे **हूँ** बीज बुद्धिमान साधक को लिखना चाहिये।

रक्त चन्दन से ललाट, उदर, हृदय, कण्ठ, दक्ष पार्श्व, वाम पार्श्व, दोनों अंस, दोनों पृष्ठ, ककुद, दोनों भुजा, मूर्धा इत्यादि चतुर्दश स्थानों में तिलक करे।

शिखाबन्धनम्

ॐ मणिधरिणि वज्रिणि शिखरिणि सर्वलोकवशंकरि हूँ फट् स्वाहा।

ॐ उर्ध्वकेशे विरूपाक्षि मांसशोणितभोजने।
तिष्ठ देवि! शिखामध्ये चामुण्डे चाऽपराजिते॥१॥

ऊपर की तरफ उठी हुए केशोंवाली (ऊर्ध्व स्थित शिखा के केशों में रहनेवाली) विरूपाक्षी विरूप नेत्रों (विशेष तृतीय नेत्र)वाली, मांस-रक्त का भोजन करनेवाली, अपराजिता (कभी किसी से पराजित न होनेवाली), चामुण्डा (काली) देवी हमारे शिखा में निवास कर हमें तेजोवान् बनायें॥१॥

ॐ चिद्रूपिणि महामाये दिव्यतेजःसमन्विते।
तिष्ठ देवि! शिखामध्ये तेजोवृद्धिं कुरुष्व मे॥२॥

दिव्य तेज से युक्त चिद् स्वरूपिणी महामाया हमारी शिखा में स्थित होकर हमारे तेज की वृद्धि करें॥२॥

समान्यार्घ्य-स्थापनम्



मूल मन्त्र से तीन बार पुनः आचमन करके अपने बाँयें तरफ निर्दिष्ट मण्डल बनाये, फिर अधोलिखित पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ आधारशक्तये नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। पुष्पाक्षतादि से पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ हुं फट्। प्रक्षालित शङ्खपात्र को मण्डल पर स्थापित करे।

ॐ ह्रीँ वँ नमः। शङ्खपात्र में जल भरे।

अङ्कुशमुद्रा द्वारा अन्तरिक्षस्थ सूर्यमण्डल से तीर्थसहित नदियों का आवाहन करे।

ॐ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु॥

इस जल में गङ्गा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिन्धु और कावेरी आदि नदियाँ आकर हमें सान्निध्य प्रदान करें।

ॐ ह्रीँ वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीँ नमः। शङ्खपात्र स्थित जल में गन्धपुष्पाक्षतादि छोड़ कर, धेनुमुद्रा प्रदर्शित कर, मत्स्यमुद्रा से आच्छादित कर, प्रणव से अट्ठारह बार अभिमन्त्रित करे।

द्वारदेवतापूजनम्

ॐ ह्रीँ वँ गणपतये नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के ऊपर चौखट पर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ वटुकाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के बाँयें चौखट पर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ क्षेत्रपालाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के दक्षिण चौखट पर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ योगिनीभ्यो नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के नीचे चौखट पर पूजन करे।

चारों दिशाओं में—

ॐ ह्रीँ वँ गंगायै नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के दक्षिण शाखा पर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ यमुनायै नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के वाम शाखा पर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ लक्ष्म्यै नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के ऊपरी शाखा पर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ सरस्वत्यै नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के नीचली शाखा पर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ अँ कँ चँ टँ तँ पँ यँ शँ ब्रह्माण्याद्यष्टमातृभ्यो नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

देहली पर पूजन के बाद दाहिने पैर् को आगे करके बाँयें पैर से किसी भी शाखा को स्पर्श न करते हुए पूजन गृह में प्रवेश करे।

यज्ञभूमिसंस्कारम्



ॐ ह्रीँ वँ रक्ष रक्ष हूँ फट् स्वाहा। पूजास्थान पर जल छिड़के।

ॐ ह्रीँ वँ पवित्र वज्रभूमे हूँ फट् स्वाहा। भूमि का स्पर्श करते हुए अभिमन्त्रित करे, जहाँ आसन बिछाना हो वहाँ भूमि पर पूजन करके त्रिकोण बनाये।

ॐ ह्रीँ वँ आसुरेखे वज्ररेखे हूँ फट् स्वाहा। त्रिकोण के बाहर चौकोर मण्डल बना कर त्रिकोण के मध्य प्रेत बीज लिख कर गन्धाक्षतपुष्प से पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ ह्सौः प्रेतासनाय नमः गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। आसन के नीचे त्रिकोण के मध्य प्रेत बीज लिख कर गन्धाक्षतपुष्प समर्पित करे।

ॐ ह्रीँ वँ ह्रीँ आधारशक्तिकमलासनाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। आसन पर गन्धाक्षतपुष्प समर्पित करे।

ॐ ह्रीँ वँ अनन्ताय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

ॐ ह्रीँ वँ विमलासनाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

ॐ ह्रीँ वँ पद्मासनाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

सर्वप्रथम कुशासन बिछाये अथवा पच्चीस कुशाओं से निर्मित मोटक को शवरूप मानकर बिछाकर उसके ऊपर कम्बलासन बिछा कर पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ ह्सौः स्हौः महाप्रेतपद्मासनाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। पुनः आसन का अर्चन करे।

ॐ पृथ्वीत्वयाधृतालोका देवि त्वं विष्णुनाधृता।
त्वञ्च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरुचासनम्॥

हे पृथ्वि! तुमने समस्त लोकों को धारण किया है तथा तुम्हें विष्णुभगवान् ने धारण किया है, तुम हमें धारण करो और आसन को पवित्र करो।

ॐ ह्रीँ वँ भूम्यै नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। सिद्धासन से बैठ कर आसन पर जल छिड़के।

ॐ ह्रीँ वँ वास्तुपुरुषाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। नैर्ऋत्य कोण में वास्तुपुरुष का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ ब्रह्मणे नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। पूर्व दिशा में ब्रह्मा का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ धर्माय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। दक्षिण दिशा में धर्म का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ ज्ञानाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। पश्चिम दिशा में ज्ञान का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ वैराज्ञाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। उत्तर दिशा में वैराज्ञ का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ ऐश्वर्याय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। ईशान दिशा में ऐश्वर्य का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ अधर्माय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। अग्नि दिशा में अधर्म का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ अज्ञानाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। नैर्ऋत्य कोण में अज्ञान का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ अवैराज्ञाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। वायव्य कोण में अवैराज्ञ का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ अनैश्वर्याय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। ईशान कोण में अनैश्वर्य पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ ह्रीँ स्वाहा शरीरं शोधयामि। जल से शरीर का मार्जन करे।

ॐ ह्रीँ वँ ह्रीँ स्वाहा वाणीं शोधयामि। आचमन करे।

ॐ ह्रौँ वँ ह्रौँ स्वाहा चित्तं शोधयामि। आचमन करे।

ॐ ह्रौँ वँ ह्रौँ रक्ष रक्ष हूँ फट् स्वाहा। पुष्प से हृदय पर स्पर्श करे।

देहरक्षान्यासः—मूल मन्त्र से तीन बार व्यापक न्यास के बाद देह रक्षा न्यास करे—

ॐ ह्रौँ वँ गुरुभ्यो नमः दक्षबाहौ न्यस्यामि। दाहिनी भुजा को स्पर्श करे।

ॐ ह्रौँ वँ गणपतये नमः वामबाहौ न्यस्यामि। वाम भुजा को स्पर्श करे।

ॐ ह्रौँ वँ दुर्गायै नमः दक्षोरौ न्यस्यामि। दक्षोरु को स्पर्श करे।

ॐ ह्रौँ वँ वटुकाय नमः वामोरौ न्यस्यामि। वामोरु को स्पर्श करे।

ॐ ह्रौँ वँ योगिनीभ्यो नमः पादयोः न्यस्यामि। दोनों पैर को स्पर्श करे।

ॐ ह्रौँ वँ क्षेत्रपालाय नमः नाभौ न्यस्यामि। नाभि को स्पर्श करे।

ॐ ह्रौँ वँ परमात्मने नमः हृदये न्यस्यामि। हृदय को स्पर्श करे।

नीलं हयं समधिरुह्य पुरः प्रयाति नीलांशुकाभरणमाल्यविलेपनम्।
निद्रापुटेन भुवनानि तिरोदधाना खड्गायुधा भगवती परिपातुभक्तान्॥

नील प्रकाशमान सागर के समान शरीर में व्याप्त रहनेवाली, नील आभावाली मालाओं की अभूषण धारण कर नील पदार्थ का अनुलेपन की हुई, निद्रा से युक्त होकर समस्त भुवन को आवृत की हुई भगवती अपने खड्गादि आयुधों से भक्तों की रक्षा करें।

ॐ ह्रौँ वँ क्लीँ ऐँ ग्लौँ नमो भगवति तिरस्करिणि महामाये महानिद्रे सकलपशुजन-मनश्चक्षुश्रोत्रतिरस्करणं कुरु कुरु हूँ फट् स्वाहा।

ॐ ह्रौँ वँ हसन्ति हसितालापे मातङ्गिपरिचारिके मम भयविघ्नापदां नाशं कुरु कुरु ठः ठः ठः हूँ फट् स्वाहा।

ॐ ह्रौँ वँ नमो भगवति ज्वालामालिनी देवी सर्वभूतसंहारकारिके जातवेदसि ज्वलन्ति ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल ह्राँ ह्रीँ ह्रूँ ह्रैँ ह्रौँ ह्रः रँ रँ रँ रँ रँ रँ रँ हूँ फट् स्वाहा। अपने चारों ओर अग्नि की भावना करे।

ॐ ह्रौँ वँ। चारों ओर चुटकी बजा कर दिग्बन्धन करे।

ॐ ह्रौँ वँ शताभिषेके शताभिषेके पदे हूँ फट् स्वाहा। पुष्प पवित्र करे।

ॐ ह्रौँ वँ पुष्पकेतुराजार्हत् पुष्पे पुष्पे महापुष्पे सुपुष्पे पुष्पसम्भवे पुष्पचयावकीर्णे हूँ फट् स्वाहा। जल से पुष्पाभिमन्त्रण करे।

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोऽपि वा।
यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स वाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥

पवित्र हो या अपवित्र हो(किसी भी अवस्था में) सभी अवस्था में जो पुण्डरीकाक्ष(भगवान विष्णु) का स्मरण करता है वह बाहर और भीतर से पवित्र हो जाता है।

सामान्यार्घ्योदक जल से सभी पूजन सामग्रियों का मार्जन करे, पुष्पों के ऊपर धेनुमुद्रा तथा मत्स्यमुद्रा बना कर पुष्प शुद्ध हो गये हैं ऐसी भावना करे।

ॐ ह्रीँ वँ। अपने चारों तरफ जल छिड़के।

ॐ ह्रीँ वँ हुं फट् स्वाहा। अपने चारों तरफ क्रोधमयी दृष्टि से देख कर विघ्नों का निस्सारण करे।

ॐ ह्रीँ वँ सर्वविघ्नानुत्सारयोत्सारय हूँ फट् स्वाहा।

ऊपर देख कर अन्तरिक्ष में रहनेवाले, चारों ओर जल छिड़क कर दिशाओं में रहनेवाले तथा बाँयें पैर की एड़ी से तीन बार पृथ्वी पर घात कर भूमि में रहनेवाले भूतप्रेतपिशाचादि तथा विघ्न करनेवालों के साथ समस्त विघ्नों का निस्सारण करे। लावा, रक्त चन्दन, पीला सरसों, तिल, दही, दूर्वा एवं अक्षतादि मे से कोई एक पदार्थ लेकर चारों दिशाओं विदिशाओं तथा ऊपर नीचे प्रच्छेप कर रक्षण करे। विशेषतया पिली सरसों से रक्षाकरण करे।

पूर्वे—पूर्व दिशा में—

ॐ यदत्र संस्थितं भूतं स्थानमाश्रित्य सर्वदा।
स्थानं त्यक्त्वा तु तत्सर्वं यत्रस्थं तत्र गच्छतु॥

इस स्थान के आश्रित होकर यहाँ सर्वदा निवास बनाये हुए सभी भूत इस स्थान को त्याग करके जहाँ कहीं अन्यत्र चले जायें॥१॥

दक्षिणे—दक्षिण दिशा में—

ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमिसंस्थिता।
ये चाऽत्र विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया॥

जो भूतादि इस भूमि में स्थित हैं, वे सभी यहाँ से चले जायें और जो विघ्न करनेवाले हैं, वे सभी शिव की आज्ञा से नष्ट हो जायें।

पश्चिमे—पश्चिम दिशा में—

ॐ अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतोदिशम्।
सर्वेषामविरोधेन पूजाकर्म समारभे॥

सभी दिशाओं में जो भूतपिशाचादि हैं, वे सभी यहाँ से बिना किसी प्रकार का हमसे विरोध किये चले जायें, हमारा सभी से कोई विरोध नही है, सभी हमसे कोई विरोध न करें, हम किसी से विरोध किये बिना पूजाकर्म प्रारम्भ कर रहे है।

उत्तरे—उत्तर दिशा में—

ॐ भूतानि राक्षसा वाऽपि येऽत्र तिष्ठन्ति केचन।
ते सर्वेऽप्यपगच्छन्तु यावत्कर्म करोम्यहम्॥

जो यहाँ स्थित होकर भूतादि एवं राक्षसादि हैं, वे जबतक हम पुरश्चरणकर्म कर रहे हैं तब तक यहाँ से अन्यत्र कहीं चले जायें।

ऊपर तथा चारों तरफ पीला सरसों छिड़क कर अपने बाँयें तरफ ध्यान करते हुए अपने गुर्वादि का पूजन करे।

ॐ ह्रीँ वँ गुरुभ्यो नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

ॐ ह्रीँ वँ परमगुरुभ्यो नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

ॐ ह्रीँ वँ परात्परगुरुभ्यो नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

ॐ ह्रीँ वँ परमेष्ठिगुरुभ्यो नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

अपने दाहिने तरफ गणेशादि देवताओं का गन्धाक्षतपुष्प से पूजन करे—

ॐ ह्रीँ वँ गणेशाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

ॐ ह्रीँ वँ भैरवाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। प्रणाम करके करशुद्धि करे।

ॐ ह्रीँ वँ हूँ। चन्दनयुक्त पुष्प ग्रहण करे।

ॐ ह्रीँ वँ ह्रीँ। पुष्प से पूरे हाथ का मर्दन(पूरे हाथ में मले) करे।

ॐ ह्रीँ वँ क्लीँ। दक्षिण हाथ में मल कर।

ॐ ह्रीँ वँ तत्सत्। बाँयें हाथ से सूंघ कर।

ॐ ह्रीँ वँ ह्रीँ। अपने सिर के चारों ओर घुमा कर ईशान कोण में पुष्प को फेंक दे।

ॐ ते सर्वे विलयं यान्तु ये मां हिंसतिहिंसकाः।
मृत्यु-रोग-भय-क्रोधाः पतन्तु रिपुमस्तके॥

जो हिंसक मेरी हिंसा कर सकते हैं, वे सभी विलय को प्राप्त हो जायें और मृत्यु, रोग, भय, क्रोध आदि सभी हमारे शत्रुओं के मस्तक पर चले जायें।

नाराच मुद्रा से मस्तक के ऊपर चारों ओर घुमाकर फेक कर भूतशुद्धि करे—

भूतशुद्धि-विधिः

शुक्लवस्त्रपरीधानं श्वेतमालानुलेपनम्॥३८॥

शुक्ल वर्ण का यज्ञोपवीत धारण किये हुए, शुक्ल वस्त्र का कौपीन धारण करनेवाले शुक्ल वस्त्र पहने हुए, श्वेत माला को पहने हुए ध्यान करना चाहिए॥३८॥

त्रिनेत्रं नीलकण्ठञ्च मुक्ताभरणभूषितम्।
विद्याकामोमुक्तिकामो ध्यायेच्चैव विशेषतः॥३९॥

तीन नेत्रोंवाले, नीले कण्ठवाले, मुक्तामणि के आभूषणों से सुसज्जित श्रीमद्वटुकभैरव का विद्या तथा मुक्ति की कामना के लिए विशेष रूप से ध्यान करना चाहिए॥३९॥

वर्णेन नीलमेवाभं मुक्तकेशं त्रिनेत्रकम्।
दिगम्बरञ्च रौद्रञ्च शिरोमालाविभूषितम्॥४०॥

नील वर्ण की आभावाले, खुले हुए केशवाले, तीन नेत्रवाले, दिगम्बर(समस्त दिशाओं में व्याप्त), रौद्र(विकराल) मूर्ति, शिर पर मालाओं को धारण किये हुए श्रीमद्वटुकभैरव का ध्यान करना चाहिए॥४०॥

किङ्कणीमालया युक्तं भीमरुपं भयापहम्।
नागं पाशञ्च घण्टाञ्च वरदं वामहस्तके॥४१॥

किङ्किणी और मालाओं से युक्त, विकराल रूपवाले, भक्तों के भय को समाप्त करनेवाले, वायें हाथ में नाग, पाश, घण्टा तथा वरमुद्रा धारण किये हुए ध्यान करना चाहिए॥४१॥

खड्गं त्रिशुलडमरूमभयं दक्षिणे करे।
सुशब्दं भीमनादं च सर्वपुष्पैरलङ्कृतम्॥४२॥

दाहिने हाथ में खड्ग, त्रिशूल, डमरू तथा अभय मुद्रा धारण किये हुए, सुस्पष्ट सुन्दर शब्दों से विशाल नाद करनेवाले, विभिन्न प्रकार के पुष्पों से अलङ्कृत रूप का ध्यान करना चाहिए॥४२॥

सर्वाभरणकर्त्तारं सर्वव्याधिविनाशनम्।
अन्ये वै ध्यानभेदाश्च स्तवराजे प्रकीर्तिताः॥४३॥

समस्त भक्तों का भरण करनेवाले, समस्त व्याधियों का विनाश करनेवाले, श्रीमद्वटुकभैरव का अन्य ध्यान स्तवराज में प्रकाशित है॥४३॥

पूर्वोक्तस्य च मन्त्रस्य बृहदारण्यको ऋषिः।
अनुष्टुपछन्दइत्युक्तं भैरवो देवता शिवे!॥४४॥

पूर्व में कहे गये मन्त्र का बृहदारण्यक ऋषि है, अनुष्टुप्छन्द है, हे शिवे! इस मन्त्र के भैरव देवता हैं॥४४॥

शक्तिबीजञ्च शक्तिश्च आकीलकमुदाहृतम्।
आद्यक्षरयुगं देवि पञ्चह्रस्वान्वितं कुरु॥४५॥

इस महामन्त्र के शक्ति तथा बीज के लिए शक्ति से कीलक तक प्रसन्नता पूर्वक बताता हूँ, हे देवि! आद्य अक्षर के योग से पञ्च ह्रस्व से समन्वित कर॥४५॥

सत्वादिप्रातिलोम्येन नपुंसकविवर्जितम्।
एतद्बीजद्वयाद्यास्तु न्यस्तव्याः पञ्चमूर्त्तयः॥४६॥

पञ्च ह्रस्व का आरम्भ के लोम प्रतिलोम नपुंसक विवर्जित वर्णों को बीज के साथ योजित कर दोनों बीजों से पञ्चमूर्ति का न्यास करना चाहिए॥४६॥

अङ्गुष्ठादिष्वङ्गुलीषु मूर्द्धस्य हृदयेषु च।
सगुह्यचरणेष्वेवमूर्द्धास्ये दक्षकर्णके॥४७॥

अङ्गुष्ठादि अङ्गुलियों, मूर्द्धा, हृदय, गुह्य स्थान, दानों चरणों, ऊपर, मुख और दाहिने कान में न्यास करना चाहिए॥४७॥

वामकर्णे च चूडाधस्तूर्ध्वपूर्वातकोपमः।
पश्चिमेऽपि च वक्त्रेषु मूर्तयस्ता महेश्वरि!॥४८॥

वाये कान, चूडाधः(शिखा स्थान के नीचे) ऊपर, आगे, पीछे, दहिने, बायें पञ्चवक्त्र मूर्ति का न्यास करना चाहिए॥४८॥

ईशानाख्यस्तत्पुरूषोऽघोरो देवि! तृतीयकः।
वामदेवश्चतुर्थः स्यात्सद्योजातस्तु पञ्चमः॥४९॥

हे देवि! ईशान प्रथम, तत्पुरुष द्वितीय, अघोर तृतीय, वामदेव चतुर्थ, सद्योजात पाँचवीं मूर्ति हैं॥४९॥

पुनराद्यर्णयुगलं षड्दीर्घस्वरभेदितम्।
कृत्वा तैस्तु षडङ्गानि जातियुक्तानिकल्पयेत्॥५०॥

पुनः आद्य युगल षड्दीर्घ स्वर से युक्त कर षडङ्गों में न्यास करना चाहिए॥५०॥

देव्युवाच

देवदेव जगन्नाथ शम्भो त्रैलोक्यनायक।
भैरवस्य विधिर्भूयो ममाचक्ष्व महामते॥५१॥

देवि कहती है, हे देव देव जगन्नाथ!, शम्भु!, त्रिलोक के नायक!, महामति! भैरव की आराधना विधि हमें बतायें॥५१॥

येन कार्याणि सिद्ध्यन्ति साधकानां निरन्तरम्।
सुगोप्यमपि देवेश विधिं प्रब्रूहि शङ्कर॥५२॥

जिससे साधकों के कार्य निरन्तर सिद्ध होते हैं वे कार्य यदि गोप्य भी हो तो हे देवेश शङ्कर! उन विधियों को बतायें॥५२॥

यतोऽहं ते प्रिया देव सदावर्ते निरन्तरम्।
ततः कृपां समाधाय विधिं कथय शोभनम्॥५३॥

यदि हम आपकी प्रिया है और सदा आपकी प्रसन्नता के लिए निरन्तर व्रत किया हो तो हे देव! कृपाकर उन शोभायमान विधियों को हमें बतायें॥५३॥

शिव उवाच

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि वटुकस्य महात्मनः।
विधानं परमं गोप्यं ब्रह्मादीनां सुदुर्लभम्॥५४॥

शिव ने कहा। हे देवि! हम ब्रह्मादि देवताओं के लिए भी दुर्लभ महात्मा श्रीमद्वटुकभैरव के परम गोप्य विधान कहता हूँ॥५४॥

मन्त्रेणैव सुसङ्क्षेपात्कथयिष्यामि वल्लभे।
येन विज्ञानमात्रेण त्रैलोक्यं साधयेत्सुधीः॥५५॥

हे वल्लभे! सङ्क्षेप में सुन्दर विधि को कहता हूँ जिसके ज्ञान मात्र से त्रैलोक्य में बुद्धिमान साधक संसार में अपने कामनाओं को पूरा कर लेता है॥५५॥

एकदा देवदेवेशि तपसे मन्दराचलम्।
गतोऽहं परमानन्दान्मूलप्रकृतिमीश्वरीम्॥५६॥

हे देव देवेशि! एक बार हम मन्दराचल पर परमानन्द मूल प्रकृति ईश्वरी की तपस्या में प्रवृत्त था॥५६॥

चक्रे परमसन्तुष्टां तपसा भवितात्मना।
साकाशरूपिणी देवि! प्रोवाच वचनं मुदा॥५७॥

हमरे तप से परम सन्तुष्ट होकर आकाश रूपिणी परमात्म देवी ने हमसे प्रसन्नता पूर्वक कहीं॥५७॥

तुष्टाहं शङ्कर प्रीता वरं वरय दुर्लभम्।

शिव उवाच

वटुकस्य विधानं मे परमं भक्तितो वरम्॥ ५८॥

हे शिव शङ्कर हम अपके तप से प्रसन्न हैं आप दुर्लभ वर को हमसे कहें। तब शिव ने कहा। हे देवि! परम भक्तिमान महात्मा श्रीमद्वटुकभैरव के उपसना का विधान कहें॥५८॥

परमाशय मन्त्रस्य येन सिद्धयति सर्वथा।
मनोरमाणि मन्त्रस्य सर्वकार्याणि साम्प्रतम्॥५९॥

हे देवि! जिनसे सर्वदा समस्त कार्य सिद्ध होतें हैं, उस मनोरम मन्त्र का परम आशय कहें॥५९॥

इति वाक्यञ्च मे श्रुत्वा मूलभूतासनातनी।
उवाच यादृशं देवि विधानं शृणु वल्लभे॥६०॥

हमारे वाक्य को सुन कर महादेवि ने हमसे जैसा विधान कहा उसको हे वल्लभे! वैसा ही विधान कहता हूँ॥६०॥

वटुकाख्यस्य देवस्य भैरवस्य महात्मनः।
ब्रह्मविष्णुमहेशाद्यैर्वन्दितस्य दयानिधेः॥६१॥

हे दयानिधे! ब्रह्म, विष्णु तथा महेश द्वारा वन्दित महात्मा श्रीमद्वटुकभैरव नाम से ख्यातिलब्ध देवता का आख्यान कहते हैं॥६१॥

न्यासा एकादश प्रोक्ता वटुकाराधने शिवे।
यान्विना नैव सिद्धिः स्याद्वर्षाणामयुतैरपि॥६२॥

श्रीमद्वटुकभैरव के आराधना के लिए एकादश न्यास कहे गये हैं जिनकें बिना मन्त्र की सिद्धि नहीं होती जिनके बिना अयुत वर्ष तक साधना करने से भी सिद्धि नहीं होती है॥६२॥

प्रथमः प्रेतबीजेन सिंहबीजेन चापरः।
क्वाणबीजेन सत्यायाः श्रीबीजेन ततः परम्॥६३॥

प्रथम प्रेतबीज न्यास, द्वितीय सिंहबीज न्यास तृतीय क्वाणवीज न्यास चतुर्थ सत्याबीज न्यास तथा पञ्चम श्रीबीज न्यास कहा गया है॥६३॥

प्राणबीजेन वै न्यासान्कुर्यात्तत्र विचक्षणः।
घण्टाबीजेन च न्यासं विधाय ख्यातिबीजतः॥६४॥

षष्ठ प्राणबीज न्यास, सप्तम घण्टाबीज न्यास, अष्टम ख्यातिबीज न्यास का विधान किया गया है॥६४॥

मूलबीजेन पश्चाच्च न्यास कृत्वा महामतिः।
भ्रामरीबीजतो न्यासं विदध्यात्प्रीतिसम्युतः॥६५॥

नवम मूलबीज न्यास, दशम भ्रामरीबीज न्यास का बुद्धिमान साधक को प्रीति पूर्वक न्यास करना चाहिए॥६५॥

एवं न्यासान्दशादौ तु न करोति नरो यदा।
वाञ्छयेऽहं वरारोहे तावन्मन्त्रो न सिद्धयति॥६६॥

हे वरारोहे! इन दश न्यासों को साधक जबतक नहीं करता है तबतक मन्त्र की सिद्धि नहीं होती है॥६६॥

श्रीदेव्युवाच

देवदेव जगन्नाथ शम्भो संसारतारक।
कृपां कृत्वा न्यासविधिं ब्रूहि येन सुखं भवेत्॥६७॥

श्रीदेवि ने कहा, हे देव देव जगन्नाथ संसार को तारनेवाले शम्भु! कृपाकर न्यास की विधि को कहे जिससे सुख की प्राप्ति होती है॥६७॥

कालेनेह यथाल्पेन साधकः सिद्धिमाप्नुयात्।
गोपनीयो न मन्त्रोऽयं बटुकाख्यो जगद्गुरो॥६८॥

देवि ने कहा, काल के संयोग वश यदि महात्मा श्रीमद्वटुकभैरव के गोपनीय मन्त्र की प्राप्ति हो जाये तो हे जगद्गुरु! साधक को सिद्धि कैसे हो आप बतायें॥६८॥

तथा निरूपय विभो बालकोऽपि यथा लभेत्।

शिव उवाच

शृणु देवि जगत्पूज्ये न्यासबीजानि शोभने॥६९॥

हे विभु! बालक भी सरलता से प्राप्त कर ले उस विधि का निरूपण करें। शिव कहते हैं, हे जगत्पूज्य देवि! न्यास के बीजों को सुनें॥६९॥

प्रकटानि यथा शाश्वत्कथयामि हिताय ते।
स्थानेषु येषु बीजानि न्यस्तव्यानि महात्मभिः॥७०॥

भक्तों के हितार्थ न्यास के समस्त बीजों को जैसे का तैसा शाश्वत् रूप से प्रकटरूप से कहता हूँ। हे महात्मनि! उन बीजों को तत्तद् स्थानों पर न्यास करना चाहिए॥७०॥

तथात्र प्रवदिष्यामि शृणु मत्प्राणवल्लभे।
शिवचन्द्राशिवैः शङ्करवरोपेतैः सबिन्दुभिः॥७१॥

हे प्राण वल्लभे! उन बीज न्यासों को कहता हूँ जो शिव, चन्द्र तथा शिवा का विन्दु सहित शङ्कर का युक्त स्वरूप है॥७१॥

प्रेतबीजं समाख्यातं तेनाङ्गानि न्यसेज्जुषद्।
हृच्छिरश्च शिखानेत्रकवचास्त्रेषु सुन्दरि॥७२॥

जो प्रेत बीज कहे गये है उनको तत्तदङ्गों में न्यास कर स्थापित करना चाहिए, हृदय, शिर, शिखा, नेत्र, कवच, तथा अस्त्रादि स्थानों पर न्यास करना चाहिए।।७२।।

शिवो हः।। चन्द्रः सः।। शक्रस्वर आ।। ह स ह् रैं तथा।।

शिव का अर्थ हकार, चन्द्र का अर्थ सकार, शक्रस्वर का अर्थ आकार सबके संयोग करने पर ह्+स+ह्+रैं=ह्सहैं बीज होगा।

शिवश्चन्द्रौ ससंवर्त्तौ वामनेत्राविभूषितौ।
बिन्दुनादयुतौ देवि न्यासं सान्निध्यकारकम्।।७३।।

शिव, चन्द्र, संवर्त्त को वामनेत्र से विभूषित कर विन्दु नाद से युक्त कर हे देवि! न्यास करना देव सानिध्य करानेवाला होता है।।७३।।

सिंहबीजमिदं देवि विन्यसेत्सुरसुन्दरि।
मूर्ध्नि बाह्वोश्च लिङ्गे च नाभौ हस्ताङ्गुलीषु च।।७४।।

हे देवि सुरसुन्दरि! यह सिंहबीज है जिसका मूर्ध्नि, बाहु, लिङ्ग, नाभि, हाथ तथा अङ्गुलियों में न्यास करना चाहिये।।७४।।

संवर्त्तः क्षः।। तेन हसर्क्षम्।।

सवर्त्त का अर्थ क्षकार के साथ हकार, सकार संयुक्त करने पर ह्स्क्षैं बीज बनेगा।

पादाङ्गुलीषु देवेशि! विन्यसेत्परमेश्वरि।
अजेशोऽग्निसमारूढः शक्रस्वरशशीयुतः।।७५।।

हे देवेशि परमेश्वरि! ह्स्क्षैं बीज का पैर तक अङ्गुलियों न्यास करना चाहिए। अजेश का अग्नि से समायोग कर शक्र स्वर को शशी से योग करके जो बीज बनेगा वह क्वाणबीज कहलाता है।।७५।।

क्काणबीजमिदं प्रोक्तं विन्यसेत्परमेश्वरि।
ब्रह्मरन्ध्रे मुखे नेत्रयुग्मे ग्रीवानसोराप।।७६।।

हे देवेशि परमेश्वरि! इसे ही क्वाणबीज कहते है इसका ब्रह्मरन्ध्र से प्रारम्भ कर मुख, नेत्रयुग्म, ग्रीवादि स्थानों पर न्यास करना चाहिए।।७६।।

अजेशः झकारः।। अग्नी रेफः।। शशी बिन्दुः।। तेन झ्रौं।।

अजेश का अर्थ झकार, अग्नि का अर्थ रेफ, शशी का अर्थ विन्दु सबके संयोग करने पर झ्रौं बीज बनेगा।

कपोलयोश्च चिबुके ब्रह्मरन्धे पुनर्न्यसेत्।
कालः शक्रः शिवः सद्यो बिन्दुनादविभूषिता।।७७।।

दोनों कपोल चिबुक, ब्रह्मरन्ध्र में न्यास करना चाहिए। काल, शक्र, शिव, सद्योविन्दु नाद से विभूषित करने से सत्याबीज होता है।।७७।।

सत्याबीजं महेशनि विन्यसेदङ्कके बुधः।
पादयोर्हस्तयोश्चैव वदने करयोस्तथा॥७८॥

हे महेशानि! बुद्धिमान साधक को सत्याबीज का पैर, हाथ और वदनादि पर न्यास करना चाहिए॥७८॥

कालः मः॥ शक्रः लः॥ शिवः हः॥ सद्यः ओ॥ बिन्दुनादविभूषिता तेन मल हों॥

काल का अर्थ मकार, शक्र का अर्थ लकार, शिव का अर्थ हकार, सद्य का अर्थ ओकार सबकों सङ्कलित कर विन्दुनाद से युक्त करने से मलहों बीज होगा।

नेत्रयोः श्रोत्रयोः कुक्ष्योर्मेढ्रे चैव प्रविन्यसेत्।
अस्थ्याग्निवामकर्णेन्दुनादैर्देवि समीरितम्॥७९॥

मलहोंबीज का नेत्र, श्रोत्र, कुक्षी, मेढ्रादि, में न्यास करना चाहिए। हे देवि! अस्थि, अग्नि, वामकर्ण, इन्दु और नाद युक्त करने पर श्रीबीज निर्मित होगा॥७९॥

महाश्रीबीजमीशनि चिबुकादिषु विन्यसेत्।
चिबुके पादयोश्चैव कर्ण योर्त्हृदये तथा॥८०॥

महाश्रीबीज का चिबुकादि स्थानों दोनों पाद, दोनों कर्ण और हृदय पर न्यास करना चाहिए॥८०॥

अस्थि शः॥ अग्नि रः॥ वामकर्ण ऊ॥ इन्दुनादौ पूर्ववत्॥ तेन श्रूं॥

अस्थि का अर्थ शकार, अग्नि का अर्थ रकार, वामकर्ण का अर्थ ऊकार, इन्दु नाद से युक्त करने पर निर्मित प्राणबीज का न्यास करना चाहिए।

वदने च तथा कर्णद्वये नाभौ च पादयोः।
लोहिताग्न्यासनो वामकर्णेदुभिरथद्रिजे॥८१॥

प्राणबीज का वदन, दोनों कान, नाभि तथा दोनों पैर पर न्यास करना चाहिए। लोहित, अग्नि, आस, वामकर्ण इन्दु और नादविन्दु के योजन से प्राणबीज बनाता है॥८१॥

प्राणबीजीमति ख्यातं हृदिषु प्रविन्यसेत्।
ललाटे च मुखे देवि हृदये नाभिमण्डले॥८२॥

इस बीज को प्राणबीज कहते है जिसका ललाट, मुखदि स्थानों हृदय से नाभिमण्डल पर न्यास करना चाहिए॥८२॥

लोहितः यः ॥ अग्नि रः ॥ आसनः ॥ वामकर्णः ऊ ॥ इन्दु तेन यूं ॥

लोहित का अर्थ यकार, अग्नि का अर्थ रकार, आस नकार, वामकर्ण ऊकार का इन्दु नाद से युक्त करने पर बीज निर्मित होगा।

हृदये पादयोर्देवि हृदये सव्यकुक्षिके।
हृदये वामकुक्षौ च हृदये दक्षपत्तले॥८३॥

हृदय से दोनों पैर तक, हृदय से दाहिने कुक्षि तक, हृदय से वामकुक्षि तक हृदय से वाम पृष्ठ भाग तक तथा हृदय से दक्ष पृष्ठ भाग तक न्यास करना चाहिए॥८३॥

हृदये वामपादे च हृदये विन्यसेत्प्रिये।
कर्तुरीयोग्निमारूढो वामकर्णेन्दुनादवान्॥८४॥

हृदय से वाम पाद, हृदय से चतुर्दिक न्यास करना चाहिए। कर्तुरीय, अग्नि, आरूढ, वामकर्ण को इन्दु नाद से युक्त करने पर घण्टाबीज बनेगा॥८४॥

घण्टाबीजं महादेवि विन्यसेत्पमेश्वरि।
घण्टिकायां च नाभौ च घण्टिकायां हृदिं न्यसेत्॥८५॥

हे महादेवि परमेश्वरि! घण्टाबीज का घण्टिका से हृदय तथा हृदय से घण्टिका तक न्यास करना चाहिए॥८५॥

कर्तुरीयः घः॥ अन्यत् प्राग्वत्॥ तेन घ्रुं॥

कर्तुरीय का अर्थ घकार, अन्य पूर्व के समान है जिसके संयोग करने पर घ्रुं बीज बनेगा।

चण्डेशो वायुवह्नाढ्यो वामकर्णेन्दुनादवान्।
ख्यातिबीजमिति प्रोक्तं विन्यसेद्देवि साधकः॥८६॥

चण्डेश तथा वायु, वह्नि, वामकर्ण को इन्दु नाद से युक्त करने पर ख्यातिबीज कहा जाता है, हे देवि! इस बीज का साधक को न्यास करना चाहिये॥८६॥

चण्डेशः खः वायुर्यः वह्नयादि प्राग्वत् तेन रख्व्यूं।
मस्तके पादयोश्चैव ग्रीवायां नाभिमण्डले॥८७॥

चण्डेश का अर्थ खकार, वायु का अर्थ यकार, वह्नि का अर्थ पूर्व के समान रकार को विन्दु नाद से युक्त करने पर रख्व्यूं बीज बनता है जिसका मस्तक, दोनों पाद, ग्रीवा तथा नाभि मण्डल पर न्यास करना चाहिए॥८७॥

गले च हृदि देवेशि जङ्घयोर्नेत्रयोस्तथा।
कर्णयोर्बाहुयुग्मे च स्तनयोश्च न्यसेत् प्रिये॥८८॥

हे देवेशि! गला, हृदय, दोनों जङ्घा, नेत्र, कर्ण, दोनों बाहु, दोनो स्तन पर न्यास करना चाहिए॥८८॥

प्रणवो मूलबीजं हृद्वदने पादयोः प्रिये।
हस्तयोः कर्णयोर्नासायुग्मे चैव प्रविन्यसेत्॥८९॥

प्रणव का मूलबीज के साथ योजन कर हृदय, वदन, दोनों पाद, दोनों हस्त, दोनों कान, दोनों नासिका पर न्यास करना चाहिए॥८९॥

द्विरण्डरेवतीशक्रचन्द्रहंसत्रिमूर्तिभिः ।
सबिन्दुनादैर्देवेशि भ्रामरीबीजमीरितम्॥९०॥

द्विरण्ड, रेवती, शक्र, चन्द्र, हंस, त्रिमूर्ति के वर्णों कों विन्दु नाद से युक्त करने पर जो बीज निर्मित होता है उसे विद्वान लोग भ्रमरीबीज कहते हैं॥९०॥

द्विरण्डः भः॥ रेवती रः॥ शक्रः लः॥ चन्द्रः सः॥ हंसः ह्रः॥ त्रिमूर्तिः ई॥ बिन्दुनादौ॥ प्राग्वत्॥ तेन। भ र ल स हीं॥

द्विरण्ड का अर्थ भकार, रेवती का अर्थ रकार, शक्र का अर्थ लकार, चन्द्र का अर्थ सकार, हंस का अर्थ हकार, त्रिमूर्ति का अर्थ दीर्घ ईकार का संकलन करने पर विन्दु नाद से युक्त कर भरलसहीं बीज बनेगा।

मुखे नेत्रद्वये कर्णद्वये चैव कपोलयोः।
गण्डयोः कण्ठदेशे च स्तनयोर्हृदि पादयोः॥९१॥

भ्रामरीबीज का मुख, दोनों नेत्र, दोनों कर्ण, दोनों कपोल, गण्डस्थल, कण्ठप्रदेश, दोनों स्तन, हृदय और दोनों पाद के स्थानों पर न्यास करना चाहिए॥९१॥

चिबुके मस्तके बाह्वोः स्कन्धयोर्दंतलेखयोः।
ब्रह्मरन्ध्रे तथाऽऽधारे भ्रूमध्ये च न्यसेत्प्रिये॥९२॥

चिबुक, मस्तक, बाहु, दोनों स्कन्ध, ब्रह्मरन्ध्र तथा मूलाधार, भ्रूमध्य के स्थानों पर न्यास करना चाहिए॥९२॥

इति न्यासान्समाधाय पुरश्चरणकारकः।
यथोक्तन्यासकारी च यदिनोवरमाप्नुयात्॥९३॥

इन न्यासों को पुरश्चरण करनेवाले साधक को अवश्य करना चाहिए, यदि उक्त न्यासों को नहीं करता है तो न्यासादि न करनेवाले साधक को वर की प्राप्ति नहीं होती है॥९३॥

तदाकन्यादूषणोत्थं मम पापंप्रजायताम्।
न्यासैरेतत्र्वरारोहे ब्रह्महत्याविनश्यति॥९४॥

हे वरारोहे! कन्यादूषणादि पापों को करनेवाला साधक भी यदि इन समस्त न्यासों को करता है तो ब्रह्महत्यादि पापों को भी विनष्ट कर देता है॥९४॥

का कथाऽन्यस्य पापस्य सत्यं सत्यं वदामि ते।
मम न्यासानथो वक्ष्ये त्रीन्देवस्य महात्मनः॥९५॥

पापों के समाप्ति की क्या कथा, सत्य-सत्य कहता हूँ, हमारे द्वारा कहे गये इन न्यासों को करने से तीन देवताओं के समान महात्मा हो जाता है॥९५॥

यानिवधाय नरो विन्देत्सिद्धिं लोकेषु दुर्लभाम्।
आकूतबीजं विन्यस्येन्मस्तके गण्डयोर्मुखे॥९६॥

जो साधक इन न्यासों को विधान पूर्वक करता है वह लोक में वन्दित होता है तथा दुर्लभ सिद्धि प्राप्त करता है, आकूत बीज का मस्तक, गण्डस्थल तथा मुख पर न्यास करना चाहिए।।९६।।

कालबीजं चक्षुषोश्च कर्णयोरपि विन्यसेत्।
नाभौ लिङ्गे गुदे वापि विद्याबीजं कपोलयोः।।९७।।

कालबीज का चक्षु,कर्णादि स्थानों पर न्यास करना चाहिए, नाभि, लिङ्ग, गुदादि स्थानों पर विद्याबीज का न्यास करना चाहिए।।९७।।

ब्रह्मरन्ध्रे दन्तपंक्तौ विन्यसेत्साधकोत्तमः।

श्रीदेव्युवाच

भगवन्करूणासिन्धो दीनबन्धोजगद्गुरो।।९८।।

बुद्धिमान साधक को दन्तपक्ति इत्यादि स्थानों पर न्यास करना चाहिए। श्री देवि कहीं, हे भगवान्! हे करुणासिन्धु! हे दीनबन्धु! हे जगद्गुरु! कृपा करें।।९८।।

कृपांकुरु समाख्याहि सूत्रैरेव पृथक् पृथक्।
साधकस्तु यथा सिद्धिमचिरेणैव विन्दति।।९९।।

हे दीनबन्धु! साधक को जल्दी सिद्धि किस प्रकार प्राप्त होती है उन सूत्रों को पृथक् पृथक् हमसे व्याख्यान करें।।९९।।

श्रीमहादेव उवाच

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि न्यासत्रयविधिं पृथक्।।
दीर्घाकालाग्निशक्राणामधः कालानलान्त्यकाः।।१००।।

श्रीमहादेव ने कहा क्षिप्र सिद्धि प्रदान करनेवाले तीन न्यासों की विधि अलग अलग कहता हूँ। दीर्घ, काल, अग्नि, शक्र, काल, अनल, अन्त्यक, वर्णों के समयोजन करने के बाद।।१००।।

वह्न्यस्थिवह्निगगनं चन्द्रो वामाक्षिमण्डितः।
विन्दुनादसमाक्रन्तं बीजमाकूतमुद्धृतम्।।१०१।।

वह्नि, अस्थि, वह्नि, गगन, चन्द्र, वामाक्षि का योजन कर विन्दु नाद से समाक्रान्त करने पर आकूत बीज उधृत होता है।।१०१।।

दीर्घा नः।। कालः मः।। अग्निः रः।। शक्रः लः।। कालो मः।। अग्नि रः।। शक्रः लः।। कालो मः।। अनलो रः।। अन्त्यः क्षः।। अस्थि शः।। वह्निः रः।। गगनं हः।। चन्द्रः सः।। वामाक्षि ईः।। बिन्दुनादौ प्राग्वत्।। तेन।। न म र ल म र क्ष श र हसीं इति जातम्।।

दीर्घा का अर्थ नकार, काल का अर्थ मकार, अग्नि का अर्थ रकार, शक्र का अर्थ लकार, काल का अर्थ मकार, अग्नि का अर्थ रकार, शक्र का अर्थ लकार, काल का अर्थ मकार, अनल का अर्थ रकार, अन्त्य का अर्थ क्षकार, अस्थि का अर्थ शकार।। वह्नि का अर्थ रकार, गगनं का अर्थ हकार, चन्द्र का अर्थ सकार वामाक्षि का अर्थ ईकार, बिन्दुनाद का योजन करने पर नमरलमरक्षशरहसीं आकूतबीज होगा।

शिरसि गण्डयोर्वक्त्रे वेदबीज प्रविन्यसेत्।
ब्रह्मग्नीन्द्रेद्धग्निकालवह्निवामाक्षिभिः प्रिये।।१०२।।

शिर, गण्ड, वक्त्रादि स्थानों पर वेदबीज का न्यास करना चाहिए, ब्रह्म, अग्नि, इन्द्र, अग्नि, काल, वह्नि, वामाक्षि वर्णों का योजन कर।।१०२।।

सबिन्दुनादैर्देवेशि कालबीजमितीरितम्।
नेत्रयोः कर्णयोर्नाभिलिङ्गगुदेषु विन्यसेत्।।१०३।।

नाद विन्दु से योजन करने पर कालबीज बनता है जिसका नेत्र, कर्ण, नाभि, लिङ्ग, गुदादि स्थानों पर न्यास करना चाहिए।।१०३।।

ब्रह्म कः।। अग्नी रः।। इन्दुः सः।। अग्निः रः।। कालः मः।। वह्निः रः।। वामाक्षि ई।। बिन्दुनादौ प्राग्वत्।। तेन।। क र ल स र म रीं इति जातम्।।

ब्रह्मा का अर्थ ककार, अग्नी का अर्थ रकार, इन्दु का अर्थ सकार, अग्नि का अर्थ रकार, काल का अर्थ मकार, वह्नि का अर्थ रकार, वामाक्षि का अर्थ ईकार, बिन्दुनाद के योजन करने पर करलसरमरीं बीज बनेगा।

सम्वर्त्तानलचन्द्राग्निशिवचन्द्रत्रिमूर्तिभिः ।
सबिन्दुनादैर्देवेशि विद्याबीजं समुद्धृतम्।।१०४।।

हे देवेशि! सम्वर्त्त, अनल, चन्द्र, अग्नि, शिव, चन्द्र, त्रिमूर्ति, ईकार को बिन्दु नाद से युक्त करने पर विद्याबीज बनता है।।।१०४।।

सम्वर्त्तः क्षः।। अनलः रः।। चन्द्रः सः।। अग्नि रः।। शिवो हः।। चन्द्रः सः।। त्रिमूर्तिः ई।। बिन्द्वादि प्राग्वत् ।। तेन।। क्ष र स र ह सीं इति जातम्।।

सम्वर्त्त का अर्थ क्षकार, अनल का अर्थ रकार, चन्द्र का अर्थ सकार, अग्नि का अर्थ रकार, शिव का अर्थ हकार, चन्द्र का अर्थ सकार, त्रिमूर्ति का अर्थ ईकार, बिन्दु नाद के योजन करने पर क्षरसरहसीं विद्याबीज बनता है।

कपोलयोर्ब्रह्मरन्ध्रे दन्तपंक्त्योश्च विन्यसेत्।
एतन्न्यासत्रयं प्रोक्तं साधकाभीष्टसिद्धिम्।।१०५।।

दोनों कपोल, ब्रह्मरन्ध्र, दोनों दन्तपक्ति इत्यादि स्थानों पर इस न्यास को करना चाहिए, हमारे द्वारा कहे गये ये तीनों न्यास साधको को अभीष्ट की सिद्धि प्रदान करनेवाले है।।१०५।।

यस्य प्रसादमासाद्य साधकः शीघ्रसिद्धिदः।
शृणु देवि प्रवक्ष्यामि शृङ्खलान्यासमुत्तमम॥१०६॥

इन न्यासों के प्रसाद से साधक शिघ्र ही सिद्धि प्राप्त करता है, हे देवि! उत्तम शृंखला न्यास बताते हैं।।१०६।।

यस्य प्रसादाच्च शिवे वटुकः सिद्धिदो भवेत्।
मस्तके दक्षनेत्रे च वामनेत्रे तथैव च॥१०७॥

हे शिवे! जिसके प्रसाद से वटुक सिद्धि प्रदान करनेवाले होते हैं, मस्तक, दक्ष नेत्र, वाम नेत्रादि स्थानों पर न्यास करना चाहिए।।१०७।।

दक्षकर्णे वामकर्णे कपोले दक्षिणे तथा।
वामे कपोले दक्षे च गण्डके वामके पुनः॥१०८॥

दक्ष कर्ण, वाम कर्ण, दक्षिण तथा वाम कपोल, दक्षिण तथा वाम गण्ड स्थलों पर न्यास करना चाहिए।।१०८।।

चिबुकेऽथ गले स्कन्धे दक्षिणे वामके तथा।
स्तने दक्षेऽथ वामे च हृदये दक्षकुक्षिके॥१०९॥

चिबुक, गला, दक्षिण तथा वाम स्कन्ध, दक्षिण तथा वाम स्तन, हृदय तथा कुक्षि के स्थानों पर न्यास करना चाहिए।।१०९।।

वामकुक्षौ च नाभौ च वक्षोजङ्के च वामके।
लिङ्गे मेढ्रे दक्षिणे च वामे च वरवर्णिनि॥११०॥

वाम तथा दक्षिण कुक्ष, नाभि, वक्ष स्थल, दोनों जङ्घा, लिङ्ग, दक्षिण तथा वाम मेढ्र पर न्यास करना चाहिए।।११०।।

मेढ्रशब्दो वृषणवाची दक्षवामनिर्देशात् लिङ्गस्योक्तत्वाच्चेति॥

मेढ्र शब्द का अर्थ वृषण होता है, दक्ष तथा वाम का निर्देश लिङ्ग के अनुसार ग्रहण किया जाता है।

मूलाधारे दक्षगुल्फे वामगुल्फे तथैव च।
दक्षपादे च वामे च दक्षपादाङ्गुलीषु च॥१११॥

मूलाधर, दक्षिण गुल्फ, वाम गुल्फ, दक्ष पाद, वाम पाद, दक्षिण पैर की अङ्गुलियों पर न्यास करना चाहिए।।१११।।

वामपादाङ्गुलीष्वेवं ब्रह्मरन्ध्रे तथैव च।
मूलाधारे पुनश्चैव पुनर्वै ब्रह्मरन्धके॥११२॥

वायें पैर की अङ्गुलियों, ब्रह्मरन्ध्र से मूलाधार तक पुनः मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक न्यास करना चाहिए।।११२।।

महापराख्यं बीजं च विन्यसेत्साधकोत्तमः।
चन्द्रसूर्यौ पुनस्तौ च मही ब्रह्मा मही प्रिये॥११३॥

हे प्रिये! महापराख्यबीज का उत्तम साधक को न्यास करना चाहिए, चन्द्र, सूर्य, पृथिवी, ब्रह्मा, पुनः पृथिवी का योजन कर॥११३॥

त्रिमूर्तिरस्थि वह्न्यम्बु वह्न्यम्बुधरणीजलम्।
षष्ठस्वरत्रिमूर्त्तिविन्दुनादभूषितमस्तकम् ॥११४॥

त्रिमूर्ति, अस्थि, वह्नि, अम्बु, पुनः वह्नि, अम्बु, धरणी, जल, षष्ठस्वर, त्रिमूर्ति, को नादविन्दु से विभूषित कर न्यास करना चाहिए॥११४॥

महापराख्यबीजं ते कथितं सुरवन्दिते।
न्यासेनानेन सुश्रोणि साक्षाच्छिवसमो भवेत्॥११५॥

हे सुरवन्दिते! महापराख्यबीज को हमने कहा, इसके न्यास से साधक साक्षात् शिव के समान हो जाता है॥११५॥

चन्द्रसूर्यौ स हौ॥ पुनस्तौ स हौ॥ मही लः॥ ब्रह्म कः॥ मही लः॥ त्रिमूर्तिः ई॥ अस्थि शः॥ वह्निः रः॥ अम्बु वः॥ वह्निः रः॥ अम्बु वः॥ धरणी लः॥ जलं वः॥ षष्ठस्वरः ऊ॥ त्रिमूर्ति ई॥ बिन्दुनादौ प्राग्वत्॥ तेन॥ स ह स ह ल क ल ई शरवरलवऊईँ॥

चन्द्र का अर्थ सकार, सूर्यौ का अर्थ हौ, पुनः दोनों सकार हौ, मही का अर्थ लकार, ब्रह्माका अर्थ ककार, मही का अर्थ लकार, त्रिमूर्ति का अर्थ ईकार, अस्थि का अर्थ शकार, वह्नि का अर्थ रकार, अम्बु का अर्थ वकार, वह्नि का अर्थ रकार, अम्बु का अर्थ वकार, धरणी का अर्थ लकार, जल का अर्थ वकार, षष्ठस्वर का अर्थ ऊकार, त्रिमूर्ति का अर्थ ईकार वर्णों को बिन्दुनाद से युक्त करने पर सहसहलकलईशरवरलवऊईँ महापराख्यबीज बनता है।

वटुकस्याथ वक्ष्यामि मातृकान्यासमुत्तमम्।
कृतेन येन वटुकः साधकस्य करे भवेत्॥११६॥

श्रीमद्वटुकभैरव के उत्तम न्यासों को हमने कहा जिसके करने से वटुकभैरव न्यास कर्ता पर प्रसन्न हो जातें हैं॥११६॥

श्रीबीजैः पञ्चभिर्यच्च मातृणां मण्डलं भवेत्।
प्रोक्तमादौ तथा चान्ते ठान्ते फान्ते लसान्तके॥११७॥

श्रीबीज के साथ पाँच बीज सभी मातृका स्थानों पर न्यास करना चाहिए, पाँच बीजों में पहले चान्त, ठान्त, फान्त और लसान्त हैं ॥११७॥

वटुकस्य परं पूज्यं मातृकान्यासमुत्तमम्।
विज्ञाय साधयेत्प्राज्ञः स सद्यः शिवतां व्रजेत्॥११८॥

परम पूज्य वटुक का मातृका न्यास युक्त समस्त न्यासों को जो बुद्धिमान साधक जानता एवं स्वयं करता है वह सद्य: शिवत्व प्राप्त कर लेता है॥११८॥

विनेमं मातृकान्यासं योऽन्येन न्यासमाचरेत्।
वटुकस्तस्य कुपितः सद्यः शापं प्रयच्छति॥११९॥

बिना इन मातृकादि युक्त न्यासों को जो साधक न्यास करता है उस पर वटुक कुपित होकर शाप देते हैं अत: साधकों को अपने हित के लिए समस्त बीजों को मातृकाओं से युक्त कर उनके स्थानों पर न्यास करना चाहिए॥११९॥

तस्य न्यासः प्रकर्त्तव्यः साधकेन विपश्चिता।
सर्वेषु मातृस्थानेषु वपुःपावनहेतवे॥१२०॥

उत्तम साधक को समस्त न्यासों को मातृका से योजन कर मातृका स्थानों पर शरीर की पवित्रता के लिए करना चाहिए॥१२०॥

मातृकान्यासमेनं हि त्यक्त्वाऽन्यं न्यासमाचरेत्।
वर्षकोटिप्रयत्नेन स सिद्धिं नैव विन्दति॥१२१॥

मातृका से अयोजित जो साधक न्यास करता है वह कोटि वर्ष तक प्रयत्न पूर्वक पुरश्चरण करता है तो भी उसे सिद्धि नहीं मिलती है॥१२१॥

ङ्कारमादौ संयोज्य सर्वे पूर्ववदाचरेत्।
अयमन्तर्मातृकाख्यो न्यासः स्यात्पूर्वसिद्धिः॥१२२॥

ङ्कार का आदि में योजन कर समस्त न्यासों को पूर्ववत् न्यास करना चाहिए, अन्तर्मातृका नामक न्यास पूर्व में ही सिद्धि कारक होता है॥१२२॥

ॐकारमादिमं कृत्वा न्यासोऽयं वरवर्णिनि।
नाम्ना बहिर्मातृकाख्यो न्यासश्चूडामणिर्भवेत्॥१२३॥

ॐकार आदि में करके समस्त न्यासों को करने से, न्यास वर प्रदान करनेवाले होते हैं बहिर्मातृका नाम का न्यास करने से साधक चूणामणि के सदृश हो जाता है॥१२३॥

ध्यानानि पूर्ववद्देवि कथितानि महामते।
अथान्यं न्यासमाख्यास्ये शृणुष्व वरवार्णिनि॥१२४॥

हे महामते! ध्यानों को पूर्ववत् कहे गये विधि के अनुसार करना चाहिए, हे वरवर्णिनी! अन्य न्यासों को कहता हूँ ध्यान पूर्वक सुनें॥१२४॥

सरस्वतीमातृकाख्यं सद्यः सिद्धिप्रदायकम्।
न्यसेन्महामते बीजं मातृकास्थानकेषु च॥१२५॥

सरस्वतीमातृका नामक न्यास सिद्धि प्रदान करनेवाले हैं, हे महामते! समस्त न्यासों को मातृका से योजित कर मातृका स्थानों पर करना चाहिए॥१२५॥

महासरस्वती देवी सद्यः सिद्धिप्रदायिका।
क्रोधीशोऽथ पिनाकीशो दारकेशभुजङ्गकौ॥१२६॥

महासरस्वती देवी का न्यास निश्चय ही सिद्धि प्रदान करनेवाली है, क्रोधीश, पिनाकी, दारकेश और भुजङ्ग से युक्त मातृका वर्णों को योजन करने से महासरस्वती न्यास होता है॥१२६॥

भृग्वीशनकुलीशौ च भुजङ्गो नकुलीशकः।
सम्वर्त्तबकरेत्यस्त्रिमूर्तिविन्दुविभूषिताः ॥१२७॥

भृग्वीश, कुलीश, भुजङ्ग, नकुलीश, सम्वर्त्त, बकार, ककार, त्रिमूर्त्ति संज्ञक वर्णों को विन्दुनाद से विभूषित करने से महासरस्वती न्यास बनाता है॥१२७॥

महासरस्वती बीजं कथितं देवदुर्लभम्॥
इमे न्यासाः समाख्याता बटुकाराधने शिवे॥१२८॥

हे शिवे! महासरस्वती बीजों को हमने कहा जो देवताओं को भी दुर्लभ है, ये समस्त न्यास श्रीमद्वटुकभैरव की आराधना में आवश्यक होता है॥१२८॥

क्रोधीशः कः॥ पिनाकीशः लः॥ दारकेशो डः॥ भुजगंः रः॥ भृग्वीशः सः॥ नकुलीशो हः॥ भुजङ्गः रः॥ नकुलीशो हः॥ सम्वर्त्तः क्षः॥ बकः शः॥ रेवती रः॥ त्रिमूर्तिः ई॥ बिन्दुः॥ तेन॥ क ल ड र स ह र क्ष श र ईँ॥ इति जातम्॥

क्रोधीश का अर्थ ककार, पिनाकीश का अर्थ लकार, दारकेश का अर्थ डकार, भुजङ्ग का अर्थ रकार, भृग्वीश का अर्थ सकार, नकुलीश का अर्थ हकार, भुजङ्ग का अर्थ रकार, नकुलीश का अर्थ हकार, सम्वर्त्त का अर्थ क्षकार, बक का अर्थ शकार, रेवती का अर्थ रकार, त्रिमूर्ति का अर्थ ईकार आदि समस्त वर्णों को बिन्दुनाद से योजन करने पर कलडरसहरक्षशरईँ महासरस्वतीबीज बनता है।

सद्यः सिद्धि करा देवि भाग्यलक्ष्म्या न संशयः।
न्यूनन्यासस्य कर्त्ता यः सद्यो हानिमवाप्नुयात्॥१२९॥

महासरस्वती न्यास निश्चय ही सिद्धि प्रदान करनेवाला होता है, यह न्यास साधक को भाग्यलक्ष्मी प्रदान करता है॥१२९॥

एतस्मादधिकन्यासा न्यस्तव्याजन्मनि तथा।
एवं न्यस्ततनुर्देवि ध्यायेद्वटुकभैरवम्॥१३०॥

हे देवि! हमारे द्वारा कहे गये समस्त न्यासों को विधिपूर्वक बुद्धिमान समस्त साधक करके वटुकभैरव का ध्यान करे॥१३०॥

शुद्ध स्फटिकसङ्काशं द्विनेत्रोत्पलशोभितम्।
कुटिलालकसम्वीतं चारूस्मेरमुखाम्बुजम्॥१३१॥

शुद्ध स्वच्छ स्फटिक के सदृश भासमान, कमल के समान सुन्दर नेत्रवाले, कुटिल पलकोंवाले, मधुर मधुर मुस्कानवाले।।।१३१।।

नानारत्नमयैः कल्पैः किङ्किणीजालानूपुरैः।
दीप्तं शुच्यम्बरावीतं द्विभुजं दक्षिणे करे।।१३२।।

नाना रत्न निर्मित किङ्किणी तथा रत्न जटित नूपुर, चमकदार पवित्र वस्त्र धरण किये हुए द्विभुज भैरव का ध्यान करना चहिए।।१३२।।

त्रिशिखं सव्यहस्ते च दधानं दण्डमद्भुतम्।
वटुवेषधरं शम्भुं सात्त्विकं साधकः स्मरेत्।।१३३।।

तीन शिखाओंवाले, सव्य हस्त में दण्ड और कमण्डलु धारण किये हुए, बालक भेष धारी शम्भु का सात्त्विक रूप में साधक को ध्यान करना चाहिए।।१३३।।

कपालं वामहस्ते तु सूक्ष्म दण्डं कमण्डलुम्।
एवं ध्यात्वा यजेद्देवं शैवे पीठे सुरेश्वरि।।१३४।।

हे सुरेश्वरि! वायें हाथ में कपाल तथा छोटा दण्ड और कमण्डलु धारण किये हुए शम्भु का शैव पीठ पर ध्यान करना चाहिए।।१३५।।

अष्टपत्रे महादेवि! कर्णिकाकेसरोज्ज्वलम्।
पद्मं विरच्य तन्मध्ये कर्णिकायां सुरेश्वरि।।१३५।।

हे महादेवि! अष्ट पत्र का चिन्तन कर उसकी कर्णिका में उज्ज्वल केशरों के मध्य कर्णिका के बीच हे सुरेश्वरि!।।१३६।।

कृत्वा षट्कोणमस्यान्तस्त्रिकोणं परिकल्पयेत्।
तन्मध्ये पद्मकं कुर्याद्व्योमपत्रविराजितम्।।१३६।।

षट्कोण का चिन्तन कर उसके भीतर त्रिकोण की कल्पना कर उसके मध्य विन्दु चिन्तन के बाद उस पद्म के बाहर व्योमपत्र का चिन्तन करे।।१३६।।

कर्णिकाकेसरैर्युक्तं तन्मध्ये वटुकं यजेत्।
मूर्तिं मूलेन सङ्कल्प्य तस्यामावाहयेत्प्रभुम्।।१३७।।

त्रिकोण, षट्कोण तथा अष्टदल के बाहर द्वादश पत्र युक्त चक्र का चिन्तन कर उसके मध्य की कर्णिका में वटुक का ध्यान कर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर सङ्कल्प पूर्वक वटुक का आवाहन करे।।१३७।।

सद्योजातेन मन्त्रेण मूलाद्येन महेश्वरि।
स्थापयेद्वामदेवेन मूलाद्येन च सुव्रते।।१३८।।

हे महेश्वरि! सद्योजात मन्त्र के पूर्व मूल मन्त्र योजित कर हे सुव्रते! मूल मन्त्र को आदि में योजित कर वामदेव मन्त्र से स्थापना करे।।१३८।।

सन्निधाप्यथ मूलेन केवलेन स्वमुद्रया।
अघोरान्तेन मूलेन सन्निरोधनमाचरेत्॥१३९॥

मूल मन्त्र के साथ अघोर मन्त्र से सन्निधापन मुद्रा के द्वारा सन्निधापन कर सन्निरोधन मुद्रा से सन्निरोधन करे॥१३९॥

मूलेन सम्मुखीकुर्यादवगुठ्याथ मूलतः।
षडङ्गैः शकलीकृत्यामृतीकत्य च मूलतः॥१४०॥

मूल मन्त्र से सम्मुखीकरण मुद्रा के द्वारा सम्मुखीकरण कर, मूल मन्त्र से अवगुण्ठन मुद्रा के द्वारा अवगुण्ठन कर, मूल मन्त्र षडङ्गों में सकलीकरण मुद्रा के द्वारा सकलीकरण करे॥१४०॥

परमीकरणं चैव स्वस्वमुद्राभिरर्चयेत्।
एतत्सर्वं विधातव्यं ततो ध्यानं समाहितः॥१४१॥

मूल मन्त्र से परमीकरण कर, अपने अपने मुद्राओं से अर्चन करे, इन सबका विधान करने के बाद ध्यान करे॥१४१॥

कृत्वा सुस्थापनं तस्य मुद्राः सन्दर्शयेदथ।
लिङ्गाद्या पूर्वमुद्दिष्टा योनिमुद्रा तथान्तिमा॥१४२॥

सुस्थापन मुद्रा के द्वारा मूल मन्त्र से सुस्थापन कर, लिङ्ग तथा योनि मुद्रा प्रदर्शित करे॥१४२॥

तां दर्शयेत्तत्पुरूषमूल्याभ्यां च महेश्वरि।
आसनाद्यैश्च पुष्पान्तैरूपचारैस्ततोऽर्चयेत्॥१४३॥

हे महेश्वरि! मुद्राओं के प्रदर्शन के बाद आसन, पुष्पादि उपचारों से अर्चन करे॥१४३॥

ततो देवाज्ञया सम्यग्यजेदावृत्तिदेवताम्।
न्यासस्थानेषु देवस्य देहेऽङ्गानि समर्चयेत्॥१४४॥

देवता का सम्यग रूप से पूजन करने के बाद, आवरण के देवताओं का अर्चन कर, न्यास के स्थानों पर मूल मन्त्र से देवता के देह में देवता के अङ्गों का अर्चन करे॥१४४॥

देवस्य देहे देवेशि पञ्चमूर्तीर्यजेत्क्रमात्।
अङ्गुलीदेहवक्त्रेषु त्रिविधन्यासमार्गतः॥१४५॥

हे देवेशि! देवता के अङ्गों का पूजन करने के बाद पञ्चमूर्ति का क्रम से अर्चन कर, अङ्गुली, देह, वक्त्रादि स्थानों पर त्रिविध न्यास विधि पूर्वक करे॥१४५॥

कर्णिकायां यजेत्पश्चात्पूर्वदक्षोत्तरेषु च।
पश्चिमे देवमूर्तौ च व्योमपद्मदलेष्वथ॥१४६॥

देवता के अङ्गों में न्यास करने के बाद पूर्व, दक्ष, उत्तर पश्चिम और ऊर्ध्व में देवता की मूर्ति परिकल्पित कर अर्चन करे॥१४६॥

असिताङ्गं रुरुं चण्डं क्रोधमुन्मत्तभैरवम्।
कपालिनं भीषणं च संहारं च समर्ययेत्॥१४७॥

पश्चात् असिताङ्ग, रुरु, चण्ड, क्रोध, उन्मत्त, कपालि, भीषण और संहार भैरव का पूजन करे॥१४७॥

षट्कोणेषु षडङ्गानि यजेद्देवि यथाविधिः।
ततोऽष्टदलपद्मान्तः षट्कोणाद्बहिरद्रिजे॥१४८॥

हे अद्रिजे! षट् कोणों पर षडङ्गों का विधि पूर्वक पूजन कर, षट्कोणों पर पूजन के बाद अष्टदलों पर पूजन के बाद॥१४८॥

पूर्वादीशानपर्यन्तं वक्ष्यमाणान्समर्पयेत्।
डाकिनीपुत्रकान्देवि! राकिनीपुत्रकानपि॥१४९॥

पूर्व से ईशान तक वक्ष्यमाण विधि से डाकिनीराकिन्यादि पुत्रों का विधि पूर्वक अर्चन करे॥१४९॥

शाकिनीपुत्रकान्भूयोहाकिनीपुत्रकान्ततः।
मालिनीपुत्रकान्देवि! देवीपुत्रानतः परम्॥१५०॥

हे देवि! शाकिनी पुत्र से लेकर हाकिनी पुत्रों तक पूजन करने के बाद मालिनी पुत्र से देवि पुत्र तक विधि पूर्वक यजन करे॥१५०॥

उमापुत्रान्रुद्रपुत्रान्मातृपुत्रानपीश्वरि।
वामभागे तु देवस्य यजेद्देवान्क्रमेण वै॥१५१॥

हे ईश्वरि! उमापुत्र, रुद्रपुत्र, मातृकापुत्रों का देवता के वायें भाग में क्रम से पूजन करना चाहिए॥१५१॥

इन्द्रेशाग्निदिशोर्मध्ये ऊर्ध्वमुख्याः सुतान् यजेत्।
अधोमुख्याः सुतान्देवि यजेद्रक्षोजलेशयोः॥१५२॥

हे देवि! इन्द्र, ईशान, अग्नि आदि दिशाओं में मध्य और ऊर्ध्व में मुख्य में पुत्रों का यजन करे, अधो मुखादि स्थानों पर राक्षसादि तथा जलेशादि पुत्रों का यजन करे॥१५२॥

अन्तराले महेशानि पुत्रवर्गास्त्रयोदश।
देशग्रामाधिपौ चैव स्थानाधिपमनुक्रमात्॥१५३॥

हे महेशानि! अन्तराल में त्रयोदश पुत्र वर्गो का पूजन करे, देश ग्रामादि अधिपतियों को भी स्थानाधिप क्रम से पूजन करे॥१५३॥

मेघनादं प्रचण्डाग्रे कालदूतं तथैव च।
इत्युक्तं यथोपदेशमन्त्राः अपीति ज्ञायते॥१५४॥

प्रचण्ड में आगे मेघनाद तथा कालदूत का पूजन करे, समस्त देवताओं का पूजन उनकें बतलायें गये मन्त्रों से करे॥१५४॥

इत्थं सम्पूज्य तद्बाह्ये पद्मपत्रेषु पूजयेत्।
ब्रह्माणीपुत्रकं पूर्वे माहेशीपुत्रमीश्वरि॥१५५॥

हे महेश्वरि! इस प्रकार पूजन कर चक्र के बाहर पद्म पत्रों पर ब्रह्माणी पुत्र, माहेशी पुत्रों का पूजन करे॥१५५॥

वैष्णवीपुत्रकं सौम्ये कौमारिपुत्रमानिले।
इन्द्राणीपुत्रकं देवि! पश्चिमे पूजयेत्ततः॥१५६॥

हे देवि! वैष्णवी पुत्र का सौम्य में, कौमारि पुत्र का अग्नि कोण में, इन्द्राणि पुत्र का पश्चिम में पूजन करे॥१५६॥

देवेशि नैर्ऋते पश्चान्महालक्ष्मीसुतं यजेत्।
वाराहीपुत्रकं देवि दक्षिणे वह्निकोणके॥१५७॥

हे देवेशि! नैर्ऋत्य में महालक्ष्मी पुत्र का तथा हे देवि! अग्निकोण में वाराही पुत्र का पूजन करे॥१५७॥

चामुण्डापुत्रमभ्यर्च्य लोकेशं वटुकं नमेत्।
अष्टपत्राद्बहिर्देवि चतुरस्त्रान्तरे पुनः॥१५८॥

हे देवि! दक्षिण में चामुण्डा पुत्र का पूजन करने के बाद लोकेशादि वटुकों का अभ्यर्चन कर अष्ट पत्रों के बाहर चतुरस्रान्त तक पूजन करे॥१५८॥

अष्टदिक्षु यजेदेतान्हेतुकं त्रिपुरान्तकम्।
वेतालमग्निजिह्वाञ्च कालान्तकमतः परम्॥१५९॥

आठों दिशाओं में हेतुक से त्रिपुरान्तक तक पूजन करने के बाद वेताल, अग्नि जिह्वा तथा कालान्तक का पूजन करे॥१५९॥

करालमेकपादं च भीमरूपं महेश्वरि।
अभ्यर्च्यदशयोमध्ये यजेदचलमद्रिजे॥१६०॥

हे महेश्वरि! कराल, एकपाद तथा भीमरूप का पूजन कर दशों दिशाओं के मध्य में अचलादि का पूजन करे॥१६०॥

हाटकेशं महेशानि पाशीराक्षसयोस्तथा।
चतुरस्त्रादिरेखयां दिग्विदिक्षु सुरेश्वरि॥१६१॥

हे महेशानि! हाटकेशादि के साथ राक्षसपाशी का पूजन हे सुरेश्वरि! चतुरस्त्रादि रेखाओं पर दिशाओं विदिशाओं में पूजन करे॥१६१॥

अन्तरालेषु वाभ्यर्चेच्छ्रीकण्ठादीन्सुरेश्वरि।
ततो द्वितीयरेखायां क्रोधीशादीन्सुरेश्वरि॥१६२॥

हे सुरेश्वरि! अन्तराल में श्रीकण्ठादि का पूजन कर हे सुरेश्वरि! द्वितीय रेखाओं पर क्रोधीशादि का पूजन करे॥१६२॥

आशाद्यन्तानसमभ्यर्च्य तृतीयायां समर्चयेत्।
दण्डीश्वरादिभृग्वंताँल्लकुलीशादिकान् शिवे॥१६३॥

हे शिवे! अन्त में आशादि का पूजन कर तृतीय रेखाओं पर दण्डीशादि से भृङ्गी तक लकुलीशादि का पूजन करे॥१६३॥

देवस्य वामभगे तु पूजयेत्परमेश्वरि।
दिव्यन्तरिक्षभूमिस्थान्योगीशान् शक्तिसम्युतान्॥१६४॥

हे परमेश्वरि! देवता के वाम भाग में शक्ति युक्त दिव्यन्तरिक्षभूमिस्थ योगिनियों का पूजन करे॥१६४॥

योगिनीश्च समभ्यर्चेदीशनादिषु सुन्दरि!।
कोणेषु देवदेवोशि दिगीशानायुधैः सह॥१६५॥

हे सुन्दरि! योगिनियों के पूजन के पश्चात् कोणों के सहित दिग् पतियों का आयुधों के साथ पूजन करे॥१६५॥

चतुरस्त्राष्टके देवि! पूजयेदुक्तमार्गतः।
इति सम्पूजयेद्देवं वटुकं भक्तितत्परः॥१६६॥

हे देवि! चतुरस्त्र और आष्टक में रक्तमार्ग तक पूजन कर वटुकभैरव का भक्ति पूर्वक पूजन करे॥१६६॥

धर्मार्थकाममोक्षाणां प्रापितर्भवति निश्चयात्।
उद्धरेद्वटुकं ङेऽन्तमापदुदद्धारणं तथा॥१६७॥

जो साधक श्रीमद्वटुकभैरव का इस विधि से पूजन करता है उसको धर्मार्थकाममोक्षादि की सिद्धि प्राप्त होती है ङकारान्त आपदुद्धारण वटुकभैरव मन्त्र का उद्धार करना चाहिए॥१६७॥

कुरूद्वयं पुनर्ङेऽन्तं वटुकं तं समुद्धरेत्।
एकविंशत्यक्षरात्मा शक्तिरुद्धो महामनुः॥१६७॥

कुरु पद का दो बार, पुनः ङकारान्त वटुक पद का उद्धार करने से एकविंशति अक्षरों को आत्मा तथा शक्ति से रुद्ध करने पर वटुक का महामनु(मन्त्र) होता है॥१६८॥

अभीष्टफलसन्सिद्ध्यै कीर्तितः सुरपादपः।
बृहदारण्यकऋषिश्छन्दोऽनुष्टबुदाहृम् ॥१६९॥

इससे अभीष्ट फल की सिद्धि प्राप्त होती है इस मन्त्र के बृहदारण्यक ऋषि तथा अनुष्टुप् छन्द है॥१६९॥

आपदुद्धारणो देवो भैरवो देवता बुधैः।
अङ्गुलीदेहवक्त्रेषु मूर्तिर्न्यस्य यथा पुरा॥१७०॥

आपदुद्धारण वटुकभैरव देवता है जिसका अङ्गुलि, देह, वक्त्रादि स्थानों पर मूर्ति का पूर्व में बतलाये गये विधि से न्यासों को करना चाहिए॥१७०॥

संपादिपञ्चह्रस्वाढ्यं शक्तिबीजपुरःसरम्।
मकारपञ्चह्रस्वाढ्यमीशानादिषु योजयेत्॥१७१॥

पाद युक्त पञ्च ह्रस्व को शक्ति तथा वटुकभैरव बीज से युक्त कर पञ्च मकार के साथ पञ्च ह्रस्व युक्त ईशानादि का योजन कर न्यास करे॥१७१॥

षड्दीर्घयुक्तया शक्तया वकारेण च तद्वतः।
अङ्गानि जातियुक्तानि प्रणवाद्यानि कल्पयेत्॥१७२॥

षड्दीर्घ से युक्त शक्ति तथा वकार अमृत बीज से युक्त कर अङ्गो पर प्रणवादि से योजन कर न्यास करे॥१७२॥

तस्य ध्यानं त्रिधा प्रोक्तं सात्त्विकादिविभेदतः।
सात्त्विकं ध्यानमाख्यातमपमृत्युनिवारणम्॥१७३॥

श्रीमद्वटुकभैरव का तीन प्रकार के सात्त्विकादि भेद से ध्यान करे, सात्त्विक नामक ध्यान अपमृत्यु का निवारण करता है॥१७३॥

आयुरारोग्यजननमपवर्गफलप्रदम्।
राजसं ध्यानमाख्यातं धर्मकामार्थसिद्धिम्॥१७४॥

आयु: आरोग्य की वृद्धि तथा अपवर्ग फल की प्राप्ति करानेवाला श्रीमद्वटुकभैरव का राजस ध्यान होता है जो धर्मकामार्थ को प्रदान करता है॥१७४॥

तामसं शत्रुशमनं कृत्याभूतमदापहम्।
वर्णलक्षं जपेन्मन्त्रं हविष्याशी जितेन्द्रियः॥१७५॥

श्रीमद्वटुकभैरव का तामस ध्यान शत्रुओं का शमन तथा परकृत्यादि भूतादि का शमन करनेवाला है, साधक को मन्त्र में जितने वर्ण है उतनी ही (लाख की) सङ्ख्या में हविष्याशी तथा जितेन्द्रिय होकर जप करना चाहिए॥१७५॥

तद्दशांशं च जुहुयात्तिलैर्मधुरसम्युतैः।
धर्माधर्मादिभिः क्लृप्ते पीठे पङ्कजशोभिते॥१७६॥

जप का दशांश, तिलादि मधुर युक्त हवन करे, धमाधर्म से युक्त पङ्कजादि युक्त पीठ पर यजन करना चाहिए॥१७६॥

षट्कोणान्तस्त्रिकोणस्थं व्योमपङ्कजशोभिते।
वटुकं पूजयेद्देवं मूर्तिं मूलेन कल्पयेत्॥१७७॥

षट्कोण के भीतर त्रिकोण के मध्य व्योमपङ्कज से शोमित स्थान में वटुकभैरव की मूलमन्त्र से कल्पना करना चाहिए॥१७७॥

सद्योजातेन मन्त्रेण देवमावाहयेत्ततः।
मूलादिवामदेवेन स्थापयेत्परमेश्वरम्॥१७८॥

मूल मन्त्र के साथ सद्योजातादि मन्त्र का योजन कर वटुकभैरव का अवाहन करना चाहिए, मूल मन्त्र के साथ वामदेव मन्त्र से स्थापन करना चाहिए॥१७८॥

मूलमन्त्रेण कर्तव्यं सान्निध्यं तदनन्तरम्।
अघोरेण सुधीः कुर्यात्सन्निरोधमनन्तरम्॥१७९॥

बुद्धिमान साधक को मूल मन्त्र से सन्निधान कर, मूल मन्त्र से अघोर मन्त्र का योजन कर सन्निरोधन करना चाहिए॥१७९॥

पुरुषाख्येन मनुना योनिमुद्रां प्रदर्शयेत्।
देवाय वन्दनं कुर्यादीशनेने समाहितः॥१८०॥

पुरुष संज्ञक मनुओं से युक्त मन्त्र से योनि मुद्रा का प्रदर्शन कर, मूल मन्त्र के साथ ईशान मन्त्र से देवता का वन्दन करना चाहिए॥१८०॥

एतत्सर्व विधातव्यं तत्तन्मुद्रा प्रदर्शनात्।
ईशानादीन्यजेद्देवान्यासमार्गेण देशिकः॥१८१॥

इन समस्त आचारों का विधान करने के बाद तत्तद् मुद्राओं का प्रदर्शन कर, ईशानादि देवताओं का तत्तद्, न्यास के साथ पूजन करे॥१८१॥

सकलीकरणं कृत्वा येन मूर्तिं यथा पुरा।
व्योमपद्मदलेष्वर्चेदसिताङ्गादिभैरवान् ॥१८२॥

पश्चात् मूर्ति में सकलीकरण करे, पश्चात् व्योम पद्मदलों पर असिताङ्गादि भैरवों का पूजन करे॥१८२॥

असिताङ्गं रुरुं चण्डं क्रोधमुन्मत्तभैरवम्।
कपालिनं भीषणाख्यं संहारं च क्रमादमुन्॥१८३॥

असिताङ्ग, रुरु, चण्ड, क्रोध, उन्मत्त, कपालि, भीषण तथा संहार नामवाले भैरवों का क्रमशः पूजन करे॥१८३॥

षट्कोणेषु षडङ्गानि क्रमेणाभ्यर्चयेत्सुधीः।
पूर्वादीशानपर्यन्तं तद्बहिः पूजयेदिमान्॥१८४॥

बुद्धिमान साधक षट् कोणों में तथा षडङ्गों में क्रम से पूजन कर, पूर्वादि से ईशान पर्यन्त क्रमशः पूजन करे॥१८४॥

डाकिनीपुत्रकान्पूर्वं राकिनीपुत्रकान्ततः।
लाकिनीपुत्रकानर्चेत्काकिनीपुत्रकांस्ततः ॥१८५॥

डाकिनी पुत्र का पहले पूजन कर राकिनी पुत्र का पूजन करे पश्चात् लाकिनी पुत्र का पूजन कर काकिनी पुत्र का पूजन करे॥१८५॥

शाकिनीपुत्रकान्भूयो हाकिनीपुत्रकान्पुरः।
याकिनीपुत्रकानर्चेद्देवीपुत्रांस्तथापरान् ॥१८६॥

शाकिनी पुत्र का पूजन करने के बाद हाकिनी पुत्र का पूजन कर, याकिनी पुत्र का पूजन कर देवी पुत्र का पूजन करे॥१८६॥

अथोमारुद्रमातृणां पुत्रान्दक्षिणतो यजेत्।
ऊर्ध्वमुख्याः सुतानूर्ध्वमधोमुख्याः सुतानधः॥१८९॥

उमा, रुद्र तथा मातृपुत्रों का दक्षिण में पूजन करने के बाद ऊर्ध्व मुख्य पुत्रों का पूजन करने के बाद अधोमुख्यादि पुत्रों का पूजन करे॥१८७॥

इति सम्पूजयेन्मन्त्री पुत्रवर्गोस्त्रयोदश।
तद्बहिः पद्मपत्रेषु लोकेशवटुकान्यजेत्॥१८८॥

वटुक मन्त्र का साधना करनेवाले साधक को त्रयोदश पुत्रवर्गों का पूजन करने के बाद बाहर पद्म पत्रों पर लोकेशादि वटुकों का पूजन करे॥१८८॥

ब्रह्माणीपुत्रकं पूर्वे माहेशीपुत्रमीश्वरे।
वैष्णवीपुत्रकं सौम्ये कौमारीपुत्रमानिले ॥१८९॥

हे माहेशि! ब्रह्माणी पुत्र का पूर्व में पूजन कर माहेशी पुत्र का पूजन करे वैष्णवी पुत्र का सौम्य में पूजन करने के बाद कौमारी पुत्र का पूजन करे॥१८९॥

इन्द्राणीपुत्रकं भूयः पूजयेत्पश्चिमे ततः।
महालक्ष्मीसुतं पश्चाद्रक्षोदिशि समर्चयेत्॥१९०॥

इन्द्राणि पुत्र का पूजन करने के बाद में महालक्ष्मी पुत्र का रक्षादि दिशाओं में पूजन करे॥१९०॥

वाराहीपुत्रकं याम्ये चामुण्डासुतमानिले।
वटुकान्दशदिक्ष्वर्चेद्धेतुकं त्रिपुरान्तकम्॥१९१॥

वाराही पुत्र का पूजन करने के बाद चामुण्डा पुत्र का पूजन कर, हेतुकादि से त्रिपुरान्तक वटुकों का पूजन करे॥१९१॥

वेतालवह्निजीवाख्यं कलान्ताख्यं करालकम्।
एकपादं भीमदंष्ट्रमचलं हाटकेश्वरम्॥१९२॥

वेताल, वह्नि, जीव, नामधारि, कालान्तक, कराल, एकपाद, भीमदंष्ट्र, अचल, हाटकेशादि नामों वाले वटुकों का पूजन करे॥१९२॥

दिशि दिक्ष्वन्तरालेषु श्रीकण्ठादीन्यजेत्पुनः।
क्रोधीश्वरादीन्भृग्वन्तास्तत्तद्बह्ये समर्चयेत्॥१९३॥

भूपुर की दिशाओं, विदिशाओं के मध्य श्रीकण्ठादि का पूजन कर क्रोधीश्वर से भृङ्गी तक उसके बाहर पूजन करे॥१९३॥

ततस्त्रीन्नकुलीशादीन्दक्षिणे पूजयेत्सुधीः।
दिव्यान्तरिक्षेभूमिस्थान्योगीनी शक्तिसंयुतान्॥१९४॥

उसके बाद नकुलीशादि का पूजन कर दिव्य, अन्तरिक्ष और भूमि में रहनेवाले योगिनियों का शक्ति युक्त कर पूजन करे॥१९४॥

योगिनीभिः सहाभ्यर्चे दिशाग्निनिर्ऋतिस्थितान्।
इति सम्पूजयेद्देवं वटुकं प्रोक्तवर्त्मना॥१९५॥

योगिनियों के साथ दिशाओं के अधिपतियों का सम्यग् रूप से पूजन कर श्रीमद्वटुकभैरव का पूजन करे॥१९५॥

धर्मार्थकाममोक्षाणां पतिर्भवति मानवः।
विघ्नदुर्गो समाराध्य बलिं दत्त्वा विधानतः॥१९६॥

इस प्रकार श्रीमद्वटुकभैरव का पूजन कर, साधक धमार्थकाममोक्षादि प्राप्त कर लेता है, दुर्गम विघ्न उपशमन के लिए वटुक का पूजन कर विधान पूर्वक बलि प्रदान करे॥१९६॥

काम्यादीन्साध्येन्मन्त्री यथोक्तं सिद्धिमाप्नुयात्।
शाल्यन्नं पललं सर्पिर्लाजाचूर्णानि शर्करा॥१९७॥

कामना होने पर इस मन्त्र का साधक वटुक का पूजन कर, बलिदान से अपने कामनाओं को पूर्ण कर लेता है, बलिदान में शल्यन्न, पलल, सर्पि, लाजा तथा शर्करा चूर्ण रखे॥१९७॥

गुडमिक्षुरसापूपैर्मध्वक्तैः परिमिश्रितः।
कृत्वा ग्रासं समाराध्य देवं प्रागुक्तवर्त्मना॥१९८॥

गुड, इक्षुरस, अपूप, मधु निर्मित तथा परिमिश्रित कर न्यूनतम एक ग्रास की मात्र रख कर देवता को पूजन पूर्वक बलि प्रदान करे॥१९८॥

रक्तचन्दनपुष्पाद्यैर्निशिस्तस्मै बलिं हरेत्।
ततः सिध्यन्ति कर्याणि बलिनानेन मन्त्रिणः॥१९९॥

रक्त चन्दन पुष्पादि से पूजन कर बलि प्रदान करे, इस प्रकार बलिदान प्रदान करने से साधक अपने समस्त कामनाओं को पूर्ण कर लेता है॥१९९॥

जुहुयात्सर्पिषा मन्त्री यथोक्तं सिद्धिमाप्नुयात्।
वश्याय जुहुयादिक्षुशकलैर्वशयेज्जनान्॥२००॥

पूजन कर बलिदान प्रदान करने के बाद मन्त्र का साधक, घी से हवन कर, अपने कामनाओं को पूरा कर लेता है, वशीकरणादि में इक्षु खण्ड से हवन कर समस्त जन को वश में कर लेता है॥२००॥

जुहुयात्पुत्रलाभाय प्रफुल्लैः करवीरजैः।
धनधान्यादिसम्पत्त्यै जुहुयात्तिलतन्दुलैः॥२०१॥

खिले हुए करवीर(कनईल) पुष्प के हवन से साधक पुत्रादि का लाभ प्राप्त करता है,

तिलादि में चावलादि मिश्रित कर हवन करने से साधक धनधान्यादि समस्त सम्पत्ति प्राप्त करता है॥२०१॥

विल्वप्रसूनैर्जुहुयान्महतीं विन्दते श्रियम्।
लवणैर्मधुसंसिक्तैर्वशयेद्वनिताजनान् ॥२०२॥

विल्व पत्रों के हवन से साधक महत् श्रिय प्राप्त करता है, लवण युक्त मधु के हवन से साधक वनिता जन को वश में कर लेता है॥२०२॥

वृष्टिकामेन होतव्यं वेतसानां समिद्वरैः।
अन्नेन जुहयान्नित्यं धनधान्यादिसम्पदैः॥२०३॥

वर्षा की कामना से वेत की समीधा में हवन करे, अन्नों से हवन कर साधक धनधान्यादि सम्पत्ति प्राप्त करता है॥२०३॥

वश्याय जुहुयानमन्त्री मधुना दिवसत्रयम्।
रोगोक्तौषधहोमेन रोगा नश्यन्ति तत्क्षणात्॥२०४॥

मधु से तीन दिन तक हवन करके साधक सबको वश में कर लेता है, रोग उपस्थित होने पर औषधि के हवन से रोग को तक्षण ही नष्ट कर देता है॥२०४॥

कृत्याद्रोहे ग्रहद्रोहे भूतापस्मारसम्भवे।
व्याघ्राजिने समासीनो जुहुयादयुतं तिलैः॥२०५॥

कृत्या द्रोह, ग्रहद्रोह तथा भूतादि द्रोह उपस्थित होने पर व्याघ्रचर्म के आसन पर बैठ कर तिलादि से अयुत हवन करे॥२०५॥

भूतादयः पलायन्ते त्यक्ष्यन्ते तां दिशं भयात्।
कृष्णाष्टमीं समारम्य यावत्यां तच्चतुर्दशी॥२०६॥

कृष्ण पक्ष की अष्टमी से आरम्भ कर चतुर्दशी पर्यन्त हवन करने से इस प्रकार हवन से भूतादि त्वरित ही भय वश उस स्थान को छोड़ कर भाग जातें हैं॥२०६॥

तिलैस्तन्दुलसम्मिश्रैर्मधुरत्रयलोलितैः ।
त्रिसहस्त्रं प्रतिदिनं जुहुयात्संस्कृतेऽनले॥२०७॥

बुद्धिमान साधक तिल में चावलादि मिला कर त्रिमधु से युक्त कर तीन हजार आहुती संस्कृत अग्नि में प्रतिदिन हवन करे॥२०७॥

वटुकेशं समम्यर्च्य भक्ष्यभोज्यफलान्वितः।
नित्यं निवेद्य समये मध्यरात्रे बलिंहरेत्॥२०८॥

श्रीमद्वटुकभैरव का पूजन कर भक्ष्यभोज्यफल से युक्त नित्य मध्यरात्री के समय बलिदान प्रदान करे॥२०८॥

एवं जपित्वा प्रयतः सहस्त्राण्येकविंशतिः।
समाप्तिदिवसे रात्रावजं हुत्वा बलिंहरेत्॥२०९॥

बलिदानादि प्रदान कर इक्कीस हजार जप करे तथा जप समाप्ति दिवस पर हवन कर रात्रि में अज का बलिदान प्रदान करे॥२०९॥

ततः कारयिता राजा तोषयेत्साधकं धनैः।
प्रयोगदिवसे नित्यं भक्ष्यभोज्यैः सदक्षिणैः॥२१०॥

राजा यदि वटुकभैरव को बलिदान प्रदान करे तो वटुक भैरव के साधकों को प्रयोग के दिवस भक्ष्यभोज्यादि दक्षिणादि से पूर्ण करे॥२१०॥

विप्रान्सप्त महादेवि तोषयेद्वाञ्छिताप्तये।
समाप्तिदिवसे विप्रान्सप्तसप्त समाहितः॥२११॥

हे महादेवि! अपने समस्त कामना की सिद्धि के लिए अनुष्ठान के समाप्ति के दिवस वटुकभैरव के भक्त विप्रों का पूजन कर सात सात की संख्या में पूजन करे॥२११॥

भोजयेद्वस्त्रवित्ताद्यैस्तोषयेज्जगदीश्वरि ।
विधिनानेन सन्तुष्टो बटुकेशः प्रयच्छति॥२१२॥

हे जगदीश्वरि! भोजन, वस्त्र, वित्तादि से विधान पूर्वक सन्तुष्ट करने से वटुकेश प्रसन्न होतें हैं॥२१२॥

तेजो बलं यशः पुत्रान्कान्तिं लक्ष्मीं मनोरमाम्।
नश्यन्ति शत्रवः सर्वे वर्द्धते मित्रवान्धवाः॥२१३॥

साधक को तेज, बलं, यश, पुत्र, कान्ति, लक्ष्मी तथा मनोरम पत्नि प्राप्त करता है तथा उसके समस्त शत्रुवर्ग नष्ट हो जाते है तथा उसके मित्रवर्ग बढतें हैं॥२१३॥

अवग्रहो न जायेत विषये तस्य भूपतेः।
जुहुयात्केवलैर्लोणैरयुतं स्तम्भनेक्षया॥२१४॥

वटुकभैरव के साधक का कभी अवग्रह नहीं होता है, स्तम्भन की कामना के लिए केवल नमक से हवन करे॥२१४॥

निगडादिविमोक्षाय प्रयोगोऽयमुदाहृतः।
वचाचूर्णपलं कृत्वा गव्येनाज्येन लोलितम्॥२१५॥

निगडादि से मुक्ति के लिए इस प्रयोग को करना चाहिए, वचा चूर्ण को गव्य और आज्य से युक्त कर॥२१५॥

मन्त्रयेनमनुना तेन देवीसाग्रं सहस्त्रकम्।
विभजेच्चूर्ण पञ्चाशद्भागेन परमेश्वरि॥२१६॥

हे देवि! मिश्रण को मूल मन्त्र से सहस्त्र अभिमन्त्रित कर उस चूर्ण का हे परमेश्वरि! पचास भाग करे॥२१६॥

दिनेशो भागेकैकं भक्षयेद्रोघृतानिवत्।
विभज्य भक्षयेद्वन्ध्यामण्डलं पुत्रकांक्षिणी॥२१७॥

दिन के प्रारम्भ में एक एक भाग को गोघृत से भक्षण करे, इस प्रकार प्रतिदिन भक्षण करने से पुत्र की कामनावाली बन्ध्या भी पुत्र प्राप्त करती है॥२१७॥

विनीतपुत्रमाप्नोति मेधारोग्यबलान्वितम्।
दीर्घायुष्यं च वन्ध्यापि किं पुनः कन्यकाप्रसूः॥२१८॥

विनीत भाव से वन्ध्या भी यदि भक्ति करती है तो मेधा, दीर्घ आयुष्य, आरोग्य तथा बल से युक्त पुत्र प्राप्त करती है, कन्यादि की तो कोई शंका ही नहीं॥२१८॥

आदावन्ते प्रयोगस्य वटुकाय बलिं हरेम्।
द्विविधो बलिराख्यातो राजसः सात्त्विको बुधैः॥२१९॥

प्रयोग करने से पहले तथा अन्त में जो भक्त विनीत भाव से बलि प्रदान करते हैं तो वे सब कुछ प्राप्त कर लेते हैं, राजस और सात्त्विक दो प्रकार का बलि होता है॥२१९॥

राजसो मांसरक्ताढ्यपलत्रयसमन्वितः।
मुद्गपायस संयुक्तो मधुरत्रयसंयुतः॥२२०॥

राजस बलि में मांस रक्तादि से समन्वित मधुर त्रय से संयुक्त मुद्ग पायसादि का प्रयोग होता है॥२२०॥

सात्त्विको मांसरहितः शेषमन्यपुरोक्तवान्।
ब्रह्मणो नियतः शुद्धः सात्त्विकं बलि माहरेत॥२२१॥

सात्त्विक बलि मांसादि रहित होता है, शेष सभी पदार्थ पूर्व में कहे गये के अनुसार होता है, ब्राह्मण नित्य शुद्ध होकर सात्त्विक बलि प्रदान करे॥२२१॥

साध्यान्विधिनानेन भस्म सर्वार्थसिद्धिम्॥
उशीरं चन्दनं कुष्ठं घनसारं सकुङ्कुमम्॥२२२॥

विधि विधान से भस्म का विधान कर, उस सर्वार्थसिद्ध भस्म का अनुलेपन करके उशीर, चन्दन, कुष्ठ, घनसार तथा कुङ्कुमादि से अलङ्कृत करे॥२२२॥

श्वेतार्कमूलवाराहिलक्ष्मीक्षीरमहीरूहाम् ।
त्वचो बिल्वतरर्मूलं शोषयित्वा सुचूर्णयेत्॥२२३॥

श्वेत अर्क(मदार वृक्ष) का जड़, वाराही तथा लक्ष्मिवृक्षो के तनाओं के छाल तथा जड़ को लाकर चूर्ण करे॥२२३॥

चूर्ण व्योम्नि गृहीतेन गोपयेन विमिश्रितम्।
कृत्वा पिण्डाभिसंशोध्य संस्कृते हव्यवाहने॥२२४॥

चूर्ण को व्योम मन्त्र से ग्रहण कर गोपन पूर्वक मिश्रित कर पिण्ड बनाकर शोधन कर संस्कार की हुई अग्नि से संस्कृत करे॥२२४॥

मूलेन दग्ध्वा तद्भस्म शुद्धे पात्रे विनिक्षिपेत्।
केतकीमालतीपुष्पैर्वासयेद्भस्मशोभितम् ॥२२५॥

मूल मन्त्र से पिण्ड को भून कर उसके भस्म को शुद्ध पात्र रख कर केतकी, मालती, इत्यादि पुष्पों से ढ़क कर भस्म को शोभित करे॥२२५॥

अयुतं प्रजपेनमन्त्रं स्पृष्ट्वा भस्म सुपूजितम्।
एतदादाय दिनशः प्रातः पुण्ड्रं करोति यः॥२२६॥

भस्म को अयुत वटुकभैरव मूल मन्त्र से अभिमन्त्रित कर पूजन करके, भक्त दिन के प्रात: काल में भस्म का त्रिपुण्ड्र धारण करे॥२२६॥

ब्राह्मणो वेदविधिना त्रिपुण्ड्रं धारयेत्सुधीः।
शुद्राद्यैर्मूलमत्रेण सर्वे वा मूलमन्त्रतः॥२२७॥

बुद्धिमान ब्राह्मण वैदिक विधि से त्रिपुण्ड्र धारण करे, शूद्रादि अन्य वर्ण के साधक मूल मन्त्र से धारण करे॥२२७॥

तस्य रोगाः प्रणश्यन्ति कृत्यद्रोहमहाग्रहाः।
रिपुचोरमृगादिभ्यो भयमस्य न जायते॥२२८॥

भस्म का त्रिपुण्ड्र धारण करनेवाले को कोई रोग नहीं होता, कृत्यादि तथा ग्रहों का द्रोह कभी नहीं होता, रिपु, चोर मृगादि का कभी कोई भय नहीं होता॥२२८॥

वर्द्धेते सम्पदः सर्वाः पूज्यते सकलैर्जनैः।
राजा वशे भवेत्तस्य सामत्यः सपरिच्छदः॥२२९॥

भस्म का त्रिपुण्ड्र धारण करनेवाले भक्त की समस्त सम्पत्ति सदैव वृद्धि को प्राप्त होती है, समस्त जन का पूज्य होता है, राजा तथा सामन्त जन सेवकों के साथ उस भक्त के वश में हो जातें हैं॥२२९॥

अभिषेकं प्रकुर्वीत राज्ञो विजयकाङ्क्षिणः।
पूर्वोक्तमण्डपे क्लृप्तेवितानध्वशोभिते॥२३०॥

विजय की कामना से राजा श्रीमद्बटुकभैरव का पूर्व में कहे गये के अनुसार ध्वजा पताकाओं से अलंकृत मण्डप में अभिषेक करे॥२३०॥

सर्वतोभद्रमालिख्य कर्णिकां तस्य पूजयेत्।
अष्टद्रोणप्रमाणेन शालिभिः शोभितैः शुभैः॥२३१॥

सर्वतो भद्र निर्मित कर उसकी कर्णिका में श्रीमद्बटुकभैरव् का आठ दोन सुन्दर शालि अन्न से पूजन करे॥२३१॥

तदर्धास्तण्डुलास्तस्मिन्न्यस्य दूर्वाक्षतान्वितम्।
हेमादिविहितं कुम्भं नवरत्नसमन्वितम्॥२३२॥

अथवा उसका आधा अर्थात् चार दोन सुन्दर शालि के चावल को रख कर उसके उपर दुर्वाक्षतादि से समन्वित कर सुवर्ण रंग का नव रत्नों से अलंकृत कर कुम्भ रखे॥२३२॥

संस्थाप्य विमलैस्तोयैरापूर्यास्मिनिवनिक्षिपेत्।
क्षीरद्रुमप्रवालानि लक्ष्मीदूर्वासहैर्युतः॥२३३॥

कलश की स्थपना कर शुद्ध निर्मल जल से पूरित कर प्रवालादि का प्रक्षेप कर, दुधवाले वृक्षों के पल्लव सहित विल्व वृक्ष दूर्वादि से युक्त करे॥२३३॥

कर्पूरं चन्दनं बिल्वमुशीरं कुङ्कुमं पुनः।
कङ्कोलमगुरूं जातिं मल्लिकाचम्पकोत्पलैः॥२३४॥

कर्पूर, चन्दन, विल्पपत्र, उशीर, कुङ्कुम, कङ्कोल, अगुरू, जाति पुष्प, मल्लिका, चम्पादि पुष्पों तथा पत्रों से अलंकृत करे॥२३४॥

गोमेददाडिमं पश्चात्पट्टसूत्रेण वेष्टयेत्।
तस्मिन्नावाह्य वटुकं राजसं सम्प्रपूजयेत्॥२३५॥

गोमेद, दाडिम से अलङ्कृत करने के पश्चात् वस्त्र से वेष्टन कर, उसमें वटुकभैरव का आवाहन कर, राजस विधि से पूजन करे॥२३५॥

बहिरष्टसु कुम्भेषु भैरवानष्टपूजयेत्।
त्रयोदशेषु कुम्भेषु त्रयोदशगणान्यजेत्॥२३६॥

वटुकभैरव कुम्भ के बाहर आठ कुम्भ स्थापित कर असिताङ्गादि अष्ट भैरवों का पूजन कर, उनके बाहर त्रयोदश कुम्भ स्थापित कर त्रयोदश गणों का पूजन करे॥२३६॥

बाह्यदशसु कुम्भेषु लोकेशानर्चयेत्सुधीः।
तद्बहिर्द्व्यष्टकुम्भेषु श्रीकण्ठादीन्सुरेश्वरान्॥२३७॥

बुद्धिमान साधक को बाहर के दश कुम्भों में लाकेशादि का अर्चन करना चाहिए उसके बाहर सोलह कुम्भों पर श्रीकण्ठादि देवताओं का अर्चन करना चाहिए॥२३७॥

पञ्चत्रिंशद्घटेष्वर्चेत्कादिवर्णेश्वरानक्रमात् ।
इतिगन्धादिभिः सम्यक्पञ्चावरणमर्चयेत्॥२३८॥

इसी प्रकार पैतिस कादि वर्णोंवाले वटुओं का क्रम से अर्चन करना चाहिए, इस प्रकार पूर्ण रूप से पाँचवें आवरण के देवताओं का पूजन कर समर्पण करना चाहिए॥२३८॥

अयुतं प्रजपेत्स्पृष्ट्वा तान्घटान्देशिकोत्तमः।
पायसैः सर्पिषा शुद्धैस्तिलैर्दशशतं पृथक्॥२३९॥

घटों में वटुकादि का पूजन करने के बाद अयुत संख्यात्मक जप करना चाहिए, पायस का घृत के साथ शुद्धतिलादि से युक्त कर पृथक् पृथक् दश दश की सङ्ख्या में बलिदान प्रदान करना चाहिए॥२३९॥

जुहुयात्तान्घटान्स्पृष्ट्वा प्रत्यहं बलिमाहरेत्।
राजसोक्तप्रकारेण रात्रौ देशिकसत्तमः॥२४०॥

हवन कर घटों को स्पर्श कर प्रत्येक को बलि प्रदान करे, उक्त प्रकार से राजस विधि से रात्रि में बलि प्रदान करे॥२४०॥

सुदिने शोभने लग्ने वाचायित्वाद्विजातिभिः।
स्वस्तिमङ्गलवाक्यानि विशुद्धैर्वेदपारगैः॥२४१॥

सुदिन शुभ लग्न में वेद पठित द्विज जाति को बुलाकर स्वस्ति मङ्गल श्लोकों का पाठ करना चाहिए ॥२४१॥

नन्दत्सु पञ्चवाद्येषु प्रणम्य वटुकेश्वरम्।
जितेन्द्रियं शुद्धकार्ये राजानं ब्राह्मणप्रियम्॥२४२॥

शुद्ध कार्य में जितेन्द्रिय तथा ब्राह्मण प्रिय राजाओं को, वटुकभैरव को प्रणाम कर पाँच प्रकार का वाद्यों के साथ उत्सव मनाना चाहिए॥२४२॥

आस्तिकं शुद्ध वचनमभिषिञ्चेत्प्रसन्नधीः।
अभिषिक्तो नरपतिः प्रणिपत्य गुरुं परम्॥२४३॥

आस्तिक प्रसन्न मनबुद्धि से शुद्ध वचन राजा के पद पर अभिषिक्त राजा गुरु को प्रणाम करे॥२४३॥

भूयसीं दक्षिणां दद्यात्प्रसीदति यथागुरुः।
राजाभिषिक्तो भवति साक्षाद्भूमिपुरन्दरः॥२४४॥

अपने गुरु को भूयसी इत्यादि दक्षिणा प्रदान कर प्रसन्न कर साधक राजा पद पर अभिषिक्त होता है तथा साक्षात् भूमि पर इन्द्र के समान होता है॥२४४॥

परान्विजयते भूपान्स्तूयते सकलैर्नरैः।
भक्ष्यैर्भोजयर्धनैर्धान्यैः पूजयन्ति यशस्विनः॥२४५॥

जो साधक भक्ष्यभोज्य धनधान्यादि से पूजन करता है वह यशस्वी तथा दूसरे राजाओं पर विजय प्राप्त करता है तथा मनुष्यों के द्वारा स्तुत होता है॥२४५॥

कृत्वाभिषेकं षण्मास प्रतिमांस महीपतिः।
चतुरम्भोधिवलां शास्तिसर्वेवसुन्धराम्॥२४६॥

छः मास तक जो राजा वटुकभैरव का प्रति माह अभिषेक करता है वह चारों दिशाओं की वसुन्धरा पर शासन करता है॥२४६॥

गजाश्वशान्तिविधये तेषां शालासु साधकः।
कुण्डं कृत्वा विधानेन होमं कृत्वा यथाविधि॥२४७॥

जो साधक शान्ति विधान में मण्डप तथा कुण्ड का निर्माण कर शास्त्र में बताये हुए विधि का अनुशरण पूर्वक हवन करता है वह गज, अश्वादि से उसका शाला भरा रहता है॥२४७॥

पायसाज्यतिलैर्विद्वानयुतत्रितयावधिः ।
ब्राह्मणान्भोजयेन्नित्यं भक्ष्यभोज्यफलादिभिः॥२४८॥

पायस, आज्य, तिल को मिला कर जो विद्वान तीनों समय हवन करता है तथा ब्राह्मणों को भक्ष्यभोज्यफलादि से भोजन कराता है॥२४८॥

प्राक्प्रोक्तविधिना कुम्भानस्थापयित्वात्र देशिकः।
अभ्यर्च्य गन्धपुष्पाद्यैस्तज्जलैः प्रोक्षयेद्गजान्॥२४९॥

पूर्व में कहे गये विधि से कुम्भों की स्थापना कर गन्धपुष्पाक्षतादि युक्त संस्कारित जल से पूजन करता है वह गजों से भरा रहता है॥२४९॥

अश्वशालामनेनैव वर्द्धते सा दिने दिने।
युद्धेषु महती शक्तिर्जायते पूर्वतोऽधिका॥२५०॥

उसकी अश्वशाला दिनों दिन बढ़ती रहती है, युद्ध में उसके पास पहले से अधिकाधिक शक्ति हो जाती है॥२५०॥

सर्वेरोगाः प्रणश्यन्ति कृत्याद्रोहाः परैः कृताः।
अस्मात्परतरारक्षानास्तितेषांमहीतले ॥२५१॥

साधक के समस्त रोग समाप्त हो जाते हैं, द्रोह वश दूसरों के द्वारा किये गये कृत्यादि कर्म नष्ट हो जातें हैं, इस उपासना से अतिरिक्त कोई रक्षा विधि इस भूमि पर कोई नहीं है॥२५१॥

अभिषिञ्च महीपालं परेषां विजयोद्यताम्।
उक्तेन विधिनामन्त्री यामिन्यां बलिमाहरेत्॥२५२॥

विजय के उद्यत होने के लिए महीपाल वटुकभैरव का बतलाये गये विधि से अभिषिञ्चन कर बलि प्रदान करे॥२५२॥

अन्यूनाङ्गमजं हत्वा राजसं प्रागुदाहृतम्।
बलिप्रदानसमये रिपूणां सर्वसैन्यकम्॥२५३॥

शत्रूओं के सैनिकों के विनाश लिए पूर्ण अङ्गोंवाले अज की बलि प्रदान करे, बलि प्रदान करने के समय वटुकभैरव का अर्चन करे॥२५३॥

निवेशयेद्बलित्वेन वटुकाय विशिष्टधीः।
विदर्भयेच्छत्रुनाम्ना बलिमन्त्रं यथा सुधीः॥२५४॥

विशिष्ट बुद्धिमान साधक वटुकभैरव के लिए बलि प्रदान करने के समय शत्रूओं के नाम का योजन बलिमन्त्र में योजन करे॥२५४॥

शत्रुपक्षस्य रूधिरं पिशितञ्च दिनेदिने।
भक्ष्यन्स्वगणैः सार्द्धेसारमेयसमन्वितः॥२५५॥

वटुकभैरव के लिए बलिदान करने से साधक राजा अपने गणों के साथ शत्रूपक्ष का दिनोदिन रूधिर बहाता है अर्थात् शत्रूओं का विनाश करता है॥२५५॥

बलिमन्त्रोऽयमाख्यातः सर्वेषां विजयप्रदः।
अनेक बलिना हृष्टो वटुकः परसैन्यकम्॥२५६॥

समस्त शत्रूओं पर विजय प्राप्त करानेवाला यह बलिदानमन्त्र तथा वटुकभैरव के लिए किये जानेवाला बलिदान कर्म शत्रूओं के सैनिकों को नष्ट करनेवाला है॥२५६॥

सर्वगणेभ्यो विभजेदामिषं क्रुद्धमानसः।
एवं कृते परबले क्षीयते नात्रसंशयः॥२५७॥

आमिष बलि को सभी गणों के लिए विभाग कर, क्रूद्ध मानस होकर वटुकभैरव के लिए किया गया बलिदान शत्रूओं के बल को सद्यः त्वरित नष्ट कर देता है॥२५७॥

साधकः स्वहितार्थाय कुर्याद्यन्त्रं मनुञ्जपेद्।
विजये श्रियमेतेन राजा प्राप्नोत्ययत्नतः॥२५८॥

साधक अपने हित के लिए वटुकभैरव का यन्त्र बनाकर, मनु(मन्त्र) का जप करे, राजाओं को विशेषतया श्रीप्राप्ति के लिए तथा विजय प्राप्त करने के लिए प्रयत्न पूर्वक करना चाहिए॥२५८॥

श्रीमायास्मरकूटमन्त्रमुल्लिखेन्मध्ये दलेष्वष्टसु,
द्विः प्रोक्तं वटुकाय शब्दमपरानमंत्रस्य वर्णान्बहिः।
अष्टद्विदलेषु तद्बहिरपितुत्संख्य पत्रेष्वथ,
द्वा त्रिंशद्दलकादिसान्तसहितं यन्त्रं लिखेद्भूपुरे॥२५९॥

श्री, माया ह्रीं, स्मर क्लीं कूटों को अष्टदलों के मध्य में लिखकर दो बार वटुकाय शब्द का उल्लेख कर सोलह पत्रो पर मन्त्र के अन्य वर्णों को बाहर से लिखकर उसके बाहर बत्तीस दलों पर सान्त मालिनी मन्त्रों को लिख, यन्त्र के भूपुर को लिख कर यन्त्र निर्मित करे॥२५९॥

आपदुद्धारणं यन्त्रमपमृत्यभयापहम्।
सर्वसम्पत्प्रदं नित्यं सर्वसौभाग्यदायकम्॥२६०॥

यह आपदुद्धारण यन्त्र अपमृत्यु और भयों को नष्ट करनेवाला है तथा नित्य सर्व सम्पत्ति और सर्व सौभाग्य प्रदान करता है॥२६०॥

रक्षाकरं ग्रहतारां राज्ञां विजयवर्द्धनम्।
मन्त्रेषु नास्ति मन्त्रोऽन्य इत्याहुर्मन्त्रवेदिनः॥२६१॥

ग्रह ताराओं आदि से रक्षा करनेवाला तथा राजाओं के लिए विजय का वर्द्धन करनेवाला है, मन्त्रज्ञ विद्वान इस मन्त्र से अधिक रक्षक अन्य कोई मन्त्र नहीं है ऐसा कहतें हैं॥२६१॥

देव्युवाच

भगवन्देवदेवेश रहस्यं वटुकस्य मे।
ब्रूहि येन वशीकुर्युः साधकाः भैरवं शिव॥२६२॥

देवि कहती है, हे देव देवेश भगवान् शङ्कर! वटुकभैरव के गुप्त रहस्य को हमें बतायें जिससे शिवावतार वटुकभैरव साधकों के वश में हो जातें हैं॥२६२॥

श्रीशिव उवाच

श्रृणु देवि परं गोप्यं कथयामि सुशोभने।
रहस्यं सिद्धिं साक्षाद्वटुकस्य महात्मनः॥२६३॥

श्रीशिव कहतें हैं, हे देवि! परम गोपनीय वटुकभैरव के रहस्य को कहते हैं जिससे साधकों को साक्षात् महात्मा वटुकभैरव की कृपा प्राप्त होती है॥२६३॥

सर्वे वटुकदेवस्य साधने ये निरूपिताः।
उपाया निष्फला एवं विनैकं वीरसाधनम्॥२६४॥

वटुकभैरव के जितने भी साधन बतलायें गयें है सभी बिना वीरसाधन के निष्फल हो जाती है॥२६४॥

येनान्यसाधनं हित्वा उपायं चान्यमाश्रयेत्।
न स सिद्धिमवाप्नोति नरो वर्षशतेरपि॥२६५॥

जो साधक अपने हित के लिए अन्य साधन अथवा अन्य उपायों का आश्रय ग्रहण कर साधना करतें हैं उन्हें सैकड़ों वर्ष तक साधना का किसी भी उपाय से फल नहीं प्राप्त होता॥२६५॥

माषान्मुद्गानमसूरांश्च चणकानोदनं तथा।
क्षारं तथा पूपमपि शष्कुलीरपि शोभनाः॥२६६॥

माष, मुदग, मसूर, चणक के भात बनाकर क्षार, पूप तथा सुन्दर सुहाली बलिदान के लिए लेकर॥२६६॥

आदाय सूत्रं कार्पासं कन्याकर्तितमेव च।
कुङ्कुमेनापि संरज्य कारयित्वाष्टकिलकान्॥२६७॥

उसमें कन्या के द्वारा काते गये सूत को लेकर कुङ्कुमादि से अलङ्कृत कर आठ कीलों को लेकर॥२६७॥

स्तम्भार्थमेकं कीलं च गृहीत्वा सुरसुन्दरि।
गच्छेच्छमशाननिकटे सुधीः सोत्तरसायकः॥२६८॥

हे सुर सुन्दरि! बुद्धिमान साधक श्मशान के निकट जाकर स्तम्भन के लिए एक एक कील ग्रहण कर तथा उत्तराभिमुख होकर॥२६८॥

पादप्रक्षालनं कृत्वा ततः स्मृत्वा सदेवताम्।
बद्धाञ्जलिमिदं वाक्यं प्रवदेत्साधकोत्तमः॥२६९॥

शुद्ध जल से पैर को धोकर देवता का स्मरण ध्यान करके दोनों हाथ धोकर उत्तम साधक अधोलिखित वाक्यों को कहे॥२६९॥

अत्र श्मशाने याः कश्चिद्देवता निवसन्ति हि।
ताः प्रयच्छन्तु मे सिद्धिं प्रसन्नाः सन्तु पान्तु माम्॥२७०॥

श्मशान में जो कोई देवता निवास करते हैं वे हमारे ऊपर प्रसन्न होकर सिद्धि प्रदान करें॥२७०॥

पूर्वे मां शङ्करः पातु तथाग्नेय्यां च शूलधृक्।
कपाली दक्षिणे पातु नैर्ऋत्ये जटिलोऽवतु॥२७१॥

पूर्व दिशा से शङ्कर हमारी रक्षा करें, आग्नेय दिशा से शूल धारण करनेवाले हमारी रक्षा करें, कपाली हमें दक्षिण दिशा से रक्षा करें, नैर्ऋत्य दिशा से जटाधारण करनेवाले हमारी रक्षा करें॥२७१॥

पश्चिमे पार्वतीनाथो वायव्ये प्रमथाधिपः।
उत्तरे मुण्डमालोऽव्यादीशाने वृषभध्वजः॥२७२॥

पश्चिम दिशा से पार्वतीनाथ हमारी रक्षा करें, वायव्य दिशा से प्रमथादि गणों के स्वामी रक्षा करें, उत्तर दिशा से मुण्डमाला को धारण करनेवाले रक्षा करें, ईशान में वृषभध्वज रक्षा करें॥२७३॥

ऊर्ध्वे पातु तथा शम्भुरधस्ताद्धूलिधूसरः।
अग्रतो भैरवः पातु पृष्ठतः पातु खेचरः॥२७३॥

ऊपर से शम्भु हमारी रक्षा करें, अधोदिशा से धूलिधूसर रक्षा करें, आगे से भैरव हमारी रक्षा करें, पीछे से खेचर हमारी रक्षा करें॥२७४॥

दक्षिणे भूचरः पातु वामे च पिशिताशनः।
केशन्पातु विशालाक्षो मूर्द्धानं च मरुत्प्रियः॥२७४॥

दाहिनें से भूचर हमारी रक्षा करें, वायें से पिशिताशन हमारी रक्षा करें, केशों की विशालाक्ष रक्षा करें, हमारे मूर्द्धा की मरुत्प्रिय रक्षा करें॥२७५॥

मस्तकं पातु भृग्वीशो नेत्रे पातु महामनाः।
कपोलौ पातु वीरेशो गण्डौ गण्डाभिमर्दनः॥२७५॥

हमारे मस्तक की भृग्वीश रक्षा करें, हमारे नेत्र की महामना रक्षा करें, हमारे कपोल की वीरेश रक्षा करें, हमारे गण्डस्थल की गण्डाभिमर्दन रक्षा करें॥२७६॥

उत्तरोष्ठे विरूपाक्षो ह्यधरे योगिनीप्रियः।
अक्षेषु दक्षविध्वंसी चिबुके तु कपालधृक्॥२७६॥

ऊपर के ओठ की विरूपाक्ष रक्षा करें, अधरोष्ठ की योगिनीप्रिय रक्षा करें, हमारे अक्ष की दक्षविध्वंसी रक्षा करें, हमारे चिबुक् की कपाल धारण करनेवाले रक्षा करें॥२७७॥

कण्ठे रक्षतु मां देवो नीलकण्ठो जगद्गुरुः।
दक्षस्कन्धे गिरीन्द्रेशो वामस्कन्धे वसुञ्जयः॥२७७॥

हमारे कण्ठ की जगद्गुरु नीलकण्ठ रक्षा करें, दाहिने कन्धें की गिरीन्द्रेश रक्षा करें, वायें स्कन्ध की वसुञ्जय रक्षा करें॥२७८॥

दक्षिणे च भुजे सर्वमन्त्रनाथः सदावतु।
वामभुजे सर्वभौमो हृदये पातु पाण्डुरः॥२७८॥

हमारे दक्षिण भुजा की समस्त मन्त्रों के नाथ सदा रक्षा करें, हमारे वायें भुजा की सर्वभौम रक्षा करें, हमारे हृदय की पाण्डुर रक्षा करें॥२७९॥

दक्षस्तने पशुपतिर्वामे पातु महेश्वरः।
उदरे सर्वकल्याणकरकोऽवतु मां सदा॥२७९॥

हमारे दक्षस्तन की पशुपति रक्षा करें, हमारे वायें स्तन की महेश्वर रक्षा करें, हमारे उदर की सर्वकल्याण कारक सदा रक्षा करें॥२८०॥

नाभौ कामप्रविध्वंसी जङ्घापातु दयामयः।
जानुनी पातु जामित्रो गुल्फौ गौरीपतिः सदा॥२८०॥

हमारे नाभि की काम का विध्वंस करनेवाले रक्षा करें, हमारे जङ्घा की दयामय रक्षा करें, हमाने जानुओं की जामित्र रक्षा करें, हमारे गुल्फों की गौरिपति सदा रक्षा करें॥२८१॥

पादपृष्ठे सामनिधिस्तथापादाङ्गुलिर्हरः।
पादाधः पातु सततं व्योमकेशो जगत्प्रियः॥२८१॥

हमारे पैर के पीछे के भाग की सामनिधि रक्षा करें तथा पैर के अङ्गुलियों की हर रक्षा करें, पैर के अधों भाग की हमेशा जगत्प्रिय व्योमकेश रक्षा करें॥२८१॥

इति रक्षां समाधाय मन्त्ररक्षां ततश्चरेत्।
एवं रक्षां समाधाय दिक्पालार्चनमाचरेत्॥२८२॥

इस प्रकार बतायें गयें विधि के अनुसार रक्षा का विधान करने के बाद मन्त्र से रक्षा का विधान करें, इस प्रका रक्षा का विधान करने के बाद दिग्पालों का अर्चन करना चाहिए॥२८२॥

ॐ ह्राँ ह्रीँ ह्रूँ ह्रः पूर्वे॥ ॐ ह्रीँ ह्रुँ ह्रौँ आग्नेये॥ ॐ ह्रीँ ह्रूँ दक्षिणे॥ ॐ ग्लूँ न्लूँ नग नग नैर्ऋत्ये॥ ॐ यूँ म्रूँ पूँ सँ सः पश्चिमे॥ ॐ म्राँ म्राँ वायव्ये॥ ॐ भ्राँ भ्राँ भैरव उत्तरे॥ ॐ ब्रँ ब्रँ बूँ फट् ईशाने॥ ॐ ग्लौँ ब्लूँ ऊर्ध्वे ॥ ॐ घ्राँ घ्रँ घः अधोदेशे॥

ॐ ह्राँ ह्रीँ ह्रूँ ह्रः पूर्व से रक्षा करें॥ ॐ ह्रीँ ह्रुँ ह्रौँ आग्नेय से रक्षा करें॥ ॐ ह्रीँ ह्रूँ

दक्षिण से रक्षा करें।। ॐ ग्लूँ न्लूँ नग नग नैर्ऋत्य से रक्षा करें।। ॐ ग्रूँ म्रूँ प्रूँ सँ स: पश्चिम से रक्षा करें।। ॐ म्राँ म्राँ वायव्य से रक्षा करें।। ॐ भ्राँ भ्राँ भैरव उत्तर से रक्षा करें।। ॐ ब्रँ ब्रँ बूँ फट् ईशान से रक्षा करें।। ॐ ग्लौँ ब्लूँ ऊर्ध्व से रक्षा करें।। ॐ घ्राँ घ्रँ घ: अधोदेश से रक्षा करें।।

ॐ ह्लौँ वँ भां भैरव भैरवाय नमः भां भैरव भैरव भयङ्करहर मां रक्ष रक्ष हुं फद् स्वाहा।।

ॐ ह्लौँ वँ भां भैरव (भासमान भैरव) भैरवाय (भैरव के लिए) नम: (नमस्कार है) भां भैरव (तेजोवान) भैरव भयङ्कर हर (भयङ्कर हर भैरव) मां रक्ष रक्ष हुं फट् स्वाहा। अपने अस्त्र से हमारी रक्षा करें।

ततो वाक्यं पुनर्ब्रूयातसाधकः प्रीतिसंयुतः।
इति प्रार्थयित्वा तथा भैरवं सुखवर्धनः॥२८३॥

साधक प्रेम से युक्त होकर इस मन्त्र को बार बार उच्चरित कर भैरव से अपने सुख के बर्धन के लिए प्रार्थना करें।।२८३।।

एकस्मिन्भाजने कृत्वा पालाशस्य महात्मनः।
सिद्धमाषान् व्रजेत्प्राच्यां दिशि पूजार्थमादरात्॥२८४॥

पलास के एक दोनें में महात्मा वटुकभैरव के लिए पके हुए माषों को रख कर पूजा के लिए पूर्व दिशा में रखे।।२८४।।

तत्र स्थित्वा तु पुटकं करे धृत्वा विचक्षणः।
सम्भ्रमेण सुधीः प्रोक्तं दद्यादिन्द्राय वै बलिम्॥२८५॥

पूर्व दिशा में रखे पलास पुटक को हाथ में ग्रहण कर घूम कर पूर्व में आकर इन्द्र को बलि प्रदान करे।।२८५।।

ॐ ह्लाँ ह्लीँ ह्लुँ समुच्चार्य भो इन्द्र सुरनायक।
प्रसन्नो भव में शीघ्रं देहि सिद्धिं सनातनीम्॥२८६॥

ॐ ह्लाँ ह्लीँ ह्लुँ का उच्चारण कर हे सुरनायक इन्द्र प्रसन्न होकर हमें शीघ्र सनातनी सिद्धि प्रदान करें।।२८६।।

इमं बलिं गृह्णगृह्ण हुँ फड्डुच्चार्य साधकः।
बलिं दत्त्वा महाभागे सिद्ध्यर्थे प्राणवल्लभे॥२८७॥

हे प्राणवल्लभे! साधक को सिद्धि के लिए इमं बलिं गृह्ण गृह्ण हुं फट् का उच्चारण कर बलि प्रदान करना चाहिए।।२८७।।

ततो रँ राँ समुच्चार्य रुँ रूँ रीमपि च प्रिये।
अग्रे ह्लूँ ह्लूँ मया दत्तं बलिं हुँ फट् समुच्चरेत्॥२८८॥

उसके बाद रँ राँ रुँ रूँ ऋँ ॠँ अग्ने हूँ हूँ बलिं मया दत्तं हुँ फट् का उच्चारण करना चाहिए।।२८८।।

मुद्रान्पात्रे समाधाय प्रदद्याद्बलिमादरात्।
ततो दक्षिणदेशांशे समागत्य विचक्षणः॥२८९॥

हे विचक्षण! पात्र में मुद्रों को रख कर आदर पूर्वक बलि प्रदान करना चाहिए, उसके बाद दक्षिण देश में आकर।।२८९।।

ॐ प्रां प्रीं समुच्चार्थ तथा प्रां प्रीमिति त्रिधा।
प्रेतनाथपदस्यति बलिं गृह्णेति चोच्चरेत्॥२९०॥

ॐ प्राँ प्रीँ का तीन बार उच्चारण करके प्रेत नाथ आप बलि ग्रहण करें पद का उच्चारण कर प्रार्थना करे।।२९०।।

हुं फडन्तोऽयमाख्यातो यममन्त्री वरानने।
अनेन दक्षिणे देशे पात्रं मसूरपूरितम्॥२९१॥

साधक हुं फट् का उच्चारण कर दक्षिण देश में मसूर से भरे हुए पात्र को ग्रहण कर बलि प्रदान करे।।२९१।।

स्थापयित्वा नमस्कृत्य नैर्ऋत्यांशे ततो व्रजते्।
बलिंचणकपात्रस्य दद्यात्साधकसत्तमः॥२९२॥

नैर्ऋत्य में प्रदान करने के लिए भरे हुए चणक पात्र स्थापित कर उत्तम साधक बलि प्रदान करे।।२९२।।

ॐ फ्रैँ फ्रैँ फ्रैँ समुच्चार्य ततो हूँ हूँ तथैव च।
ख्रैँ ख्रैँ ख्रैँ च ततो ब्रूयात्तो ह्रौँ ह्रौँ समुच्चरेत्॥२९३॥

ॐ फ्रैँ फ्रैँ फ्रैँ के उच्चारण करने के बाद हूँ हूँ का उच्चारण कर ख्रैं ख्रैं ख्रैं के उच्चारण के साथ ह्रौं ह्रौं का उच्चारण करे।।२९३।।

रक्षेनाथपदं ब्रूयाद् गृह्ण हुं फट् समन्वितः।
अनेन मनुना दद्याद्रक्षोनाथबलिं बुधः॥२९४॥

पूर्व कथित बीजों के उच्चारण के बाद रक्षेनाथ पद का उच्चारण कर गृह्ण गृह्ण हुं फट् को उच्चारित करे, इन मनुओं से रक्षनाथ निर्ऋति को बुद्धिमान साधक बलि प्रदान करे।।२९४।।

ततः पश्चिमदेशस्थो भूत्वा देशिकसत्तमः।
जलनाथाय सुबलिंदद्यात्स्वस्यार्थसिद्धये॥२९५॥

निर्ऋति को बलि प्रदान करने के बाद पश्चिम दिशा में आकर जलनाथ को सुसाधक को अपने कार्य की सिद्धि के लिए बलि प्रदान करना चाहिए।।२९५।।

ॐ ब्रां ब्रीं ब्रूं समुच्चार्य ततो वरुणमुच्चरेत्।
बलिमेनं मया दत्तं गृहाण परमेश्वर॥२९६॥

ॐ ब्राँ ब्रीँ ब्रूँ बीज का उच्चारणर करने के बाद वरुण पद का उच्चारण कर बलिमेनं मया दत्तं गृहाण परमेश्वर पदों का उच्चारण करे॥२९६॥

अनेन मन्त्रवर्येण वरुणायौदनस्य च।
बलिं दद्यानमहाभाग स्वार्थसिद्धय आदिशेत्॥२९७॥

पूर्व कथित मन्त्र से वरुण को ओदन की बलि प्रदान करना चाहिए साधक के कार्य की सिद्धि के लिए आदेश दिया गया है॥२९७॥

वायुदेशं समासाद्य ततो वायोर्बलिं हरेत्।
पायसं पात्रमादाय परमादर संयुतः॥२९८॥

वरुण को बलि प्रदान करने के बाद पायस पात्र को परम आदर से ग्रहण कर वायु कोण देश में आकर वायु के लिए बलि प्रदान करे॥२९८॥

ॐ वां वीं वूं समुच्चार्य ॐ ब्रां ब्रीं ब्रूं तथैव च।
हुँ फडन्तो मनुरयं वायोः सिद्धिप्रदायकः॥२९९॥

ॐ वाँ वीँ वूँ बीज के साथ ब्राँ ब्रीँ बूँ बीजों का योजन कर हुं फट् पद को समायोजित करे, यह वायु का मनु(मन्त्र) सर्व सिद्धि प्रदायक है॥२९९॥

अनेन मनुना प्राज्ञो वायवे बलिमाहरेत्।
ॐ क्रूँ क्रूँ क्रूँ समुच्चार्य ॐ क्राँ क्राँ क्राँ समुच्चरेत् ॥३००॥

पूर्व कथित बीजों से बुद्धिमान साधक वायु के लिए बलि प्रदान करे, वायु को बलि प्रदान करने के बाद उत्तर दिशा में ॐ क्रूँ क्रूँ क्रूँ बीजों के साथ ॐ क्राँ क्राँ क्राँ बीज का उच्चरण कर बलि प्रदान करे॥३००॥

हुँ फडन्तेन मनुना बलिं दद्याद्विचक्षणः।
ऐशान्यां दिशि ह्याश्रित्य साधकप्रवरस्ततः॥३०१॥

हे विचक्षणे! उत्तर दिशा के लिए कथित बीजों में हुँ फट् पद को योजित कर निर्मित मनु से बलि प्रदान करे॥३०१॥

ईशानाय बलिं दधात्सर्वकामार्थसिद्धये।
ॐ श्राँ श्रीँ श्रूँ समुच्चार्य ॐ श्राँ श्राँ श्रामथोच्चरेत् ॥३०२॥

ॐ श्राँ श्रीँ श्रूँ के बाद ॐ श्राँ श्राँ श्राँ बीज का उच्चारण कर ईशान के लिए समस्त कामना की सिद्धि के लिए बलि प्रदान करे॥३०२॥

हुँ फडन्तः समाख्यातो मन्त्रोऽयं लोकदुर्लभः।
अनेन मनुना दद्याच्छष्कुलीः पात्रसंस्थिताः॥३०३॥

ईशान के लिए कथित बीजों में हुँ फट् का योजन करे, यह मन्त्र लोक में दुर्लभ है, इस मनु से शष्कुली से भरे हुए पात्र को ग्रहण कर ईशान को बलि प्रदान करे।।३०३।।

बल्यर्थे सर्वकामार्थसिद्धो साधकोत्तमः।
एवमष्टबलीन्दद्यात्सर्वकामार्थसिद्धिः ।।३०४।।

उत्तम साधक अपने समस्त कामनाओं की सिद्धि के लिए दश दिग्पालों को उनके तत्तद मन्त्रों से बलि प्रदान करे, इस प्रकार से बलि प्रदान करने से साधक की सामस्त कामना सिद्ध हो जाती है।।३०४।।

स्तम्भाधोभागमाश्रित्य कार्यमग्रे समाचरेत्।
पुष्पाक्ष तान्समादाय ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं समुच्चरेत्।।३०५।।

स्तम्भ के अधो भाग में आश्रित होकर आगे का कार्य सम्पादित करे, हाथ में गन्ध-पुष्पाक्षत लेकर ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं बीज उच्चारित करे।।३०५।।

स्तम्भमन्त्रोऽयमाख्यातः सर्वकामर्थसिद्धये।
अनेन मनुना प्राज्ञ स्तम्भं सम्पूज्य निर्भयः।।३०६।।

स्तम्भ नाम से कहा जानेवाला मन्त्र समस्त कामनाओं की सिद्धि प्रदान करनेवाला है स्तम्भ मन्त्र से प्राज्ञ पुरुष स्तम्भों का पूजन कर साधक निर्भय हो जाता है।।३०६।।

ततः पठेन्मन्त्रमिमं कवचं कार्यसिद्धये।
यस्य प्रसादमासाद्य साधको निर्भयो भवेत्।।३०७।।

पूजनादि के बाद कवच की सिद्धि के लिए इन मन्त्रों का पाठ करे, जिसके प्रसाद से साधक निर्भय हो जाता है।।३०७।।

ह्लाँ ह्लीँ ह्लूँ ह्लः समुच्चार्य क्षाँ क्षीँ क्ष्रूँ क्षः समुच्चरेत्।
ख्राँ ख्रीं ख्रूँ ख्रः समुच्चार्य घ्राँ घ्रीँ घ्रूँ घ्रः ततो वदेत्।।३०८।।

ॐ ह्लाँ ह्लीँ ह्लूँ ह्लः बीजों का उच्चारण करने के बाद क्षाँ क्षीँ क्ष्रुँ क्षः बीजों को उच्चारित कर, ख्राँ ख्रीँ ख्रूँ ख्रः को उच्चारित कर घ्राँ घ्रीँ घ्रूँ घ्रः बीजों का उच्चारण करे।।३०८।।

म्राँ म्रीँ म्रूँ म्रः समुच्चार्य म्रँ म्रैँ म्रोँ म्रौँ ततो वदेत्।
ह्लौँ ह्लौँ ह्लौँ ह्लौँ समुच्चार्य क्लौँ क्लौँ क्लौँ क्लौँ पुनर्वदेत्।।३०९।।

पश्चात् म्राँ म्रीँ म्रूँ म्रः बीज का उच्चारण कर म्रँ म्रैं म्रों म्रौँ बीजों का उच्चारण कर, ह्लौं ह्लौं ह्लौं ह्लौं बीज उच्चारित कर क्लौं क्लौं क्लौं क्लौं बीज को उच्चारित करे।।३०९।।

श्रौँ श्रौँ श्रौँ साधकः प्रोच्य ज्रौँ ज्रौँ ज्रौँ ज्रौँ समुच्चरेत्।
हुँ हुँ हुँ हुँ समुच्चार्य हुँ हुँ हुँ हुँ फट् अथोच्चरेत्।।३१०।।

पश्चात् श्रौं श्रौं श्रौं बीज उच्चारित कर ज्रौं ज्रौं ज्रौं ज्रौं बीज उच्चारित कर, हुँ हुँ हुँ हुँ बीज के बाद पुनः हुँ हुँ हुँ हुँ बीज उच्चारित करे।।३१०।।

सर्वतो रक्षरक्षेति रक्षरक्षेति भैरव।
नाथ नाथ पदं प्रोच्य फडन्तोऽयं महामनुः॥३११॥

पश्चात् सर्वतो रक्ष रक्ष रक्ष रक्ष भैरव नाथ उच्चारण कर हुँ फट् पद का उदच्चारण करे यह महामनु सर्व रक्षा करक है॥३११॥

सर्वरक्षाकरः प्रोक्तः: साधकाभीष्टदायकः।
एवं विधाय मतिमान् तनौ रक्षां विशालधीः॥३१२॥

यह मनु सर्व रक्षा कर कहा जाता है तथा साधकों का अभिष्ट फलदायक है, बुद्धिमान साधक को इन मनुओं से अपने शरीर की रक्षा करनी चाहिए॥३१२॥

वीरशान्तिमथो कुर्यात्सर्वकार्यस्य सिद्धये।
या या सिद्ध्यन्ति कार्याणि साधकानां महेश्वरि॥३१३॥

हे महेश्वरि! समस्त कामना की सिद्धि के लिए साधकों को विहित विधि से वीर शान्ति करनी चाहिए, इस प्रकार साधक जिस जिस कामना से साधन करता है उन उन कामनाओं को पूरा कर लेता है॥३१३॥

यावत्कुर्यान्न वीराणां शान्तिं साधकसत्तमः।
तावन्नजायते सिद्धिः साधकस्य कथञ्चन॥३१४॥

जबतक साधक वीर शान्ति नहीं करता है तबतक साधक को सिद्धि नहीं प्राप्त होती है इस लिए साधकों को अपने कामनाओं की सिद्धि के लिए वीर साधन करना चाहिए॥३१४॥

श्मशानदेशे ये वीराः शिरस्यादाय शासनम्।
मनः स्थितानि कृन्तन्ति साधकानां मनोरथान्॥३१५॥

श्मशान स्थान में वीर साधन के लिए मन लाकर उनको अनुशासित करे, इस प्रकार से साधक अपने मनोरथों को पूरा कर लेता है॥३१५॥

अपूजिताः पूजितास्ते सर्वकामफलप्रदाः।
वीरशान्तिमथो वक्ष्ये साधकानां हिताय वै॥३१६॥

अपूजित हो या पूजित हो फिर भी वीर शान्ति साधकों को अपने हित के लिए निश्चय करनी चाहिए॥३१६॥

यस्याः प्रसादमासाद्य साधकः सुखमेधते।
पद्ममष्टदलं कृत्वा तद्बाह्ये षोडशं तथा॥३१७॥

वीर शान्ति के प्रसाद से साधक सुख प्राप्त करता है, साधक को पूजन करने के लिए अष्ट दल बनाकर उसके बाहर षोडश दल पद्म बनायें॥३१७॥

तद्बाह्येऽष्टदलं चापि भूपुरं च ततो लिखेत्।
एवं मण्डमालिख्य साधको निर्भयः स्थितः॥३१८॥

उस अष्टदल के बाहर भूपुर लिख कर मण्डल बनाकर साधक निर्भय हो बैठकर साधना करे।।३१८।।

मूलमन्त्रेण नैवेद्यं भैरवाय समर्पयेत्।
आद्यपद्यस्य मध्ये तु ततश्चैवाष्टभैरवान्।।३१९।।

मूल मन्त्र से भैरव को नैवेद्य समर्पित करे, नैवेद्यादि से पूर्व पाद्यादि प्रदान कर, मध्य अष्ट दल में अष्टभैरवों के पूजन को निवेदित करे।।३१९।।

षोडशाब्दे महापद्मे ततः साधकसत्तमः।
सम्पूज्य प्रयतो दद्यान्नैवेद्यं पायसस्य च।।३२०।।

षोडशदल पद्म में साधक पूजन कर पायस का नैवेद्य प्रदान करे।।३२०।।

मित्राणि षोडशप्राज्ञे भैरवस्य महात्मनः।
कुलीशं सुकुलीशं च जामित्रं रामठारिभौ।।३२१।।

बुद्धिमान साधक महात्मा भैरव के षोडश मित्रों का षोडश पद्मों में पूजन करे, कुलीश, सकुलीश, जामित्र, राम, अरिभादि का पूजन कर।।३२१।।

प्रचण्डं चण्डकोशं च चण्डात्मानं च चामरम्।
चारित्रं च चमत्कारं चञ्चलं चारुभूषणम्।।३२२।।

प्रचण्ड, चण्डकोश, चण्डात्मा, चामर, चारित्र, चमत्कार, चञ्चल तथा चारुभूषण नामधारियों का पूजन कर।।३२२।।

चामीकरं चारुवह कितवं चेति षोडश।
नत्यन्तनामाभिः पूज्याः षोडशानन्दपूरिताः।।३२३।।

चामीकर, चारुवह, कितवादि षोडश आनन्द भैरवों का इनके चतुर्थ्यन्त नामों से आनन्द पूर्वक पूजन करे।।३२३।।

ततोऽष्टपत्रे सम्पूज्य ब्राह्मयाद्या मातृसत्तमाः।
स्वस्वदिक्षु महेन्द्रादीन्पूजयेत्साधकोत्तमः।।३२४।।

उसके बाद अष्टपत्रों पर ब्राह्मी इत्यादि अष्टमातृकाओं का पूजन कर इन्द्रादि दिग्पालों का उनके दिशाओं विदिशाओं में उत्तम साधक पूजन करे।।३२४।।

ततोऽक्षतान् समादाय विकिरश्चक्रमण्डले।
वीरशान्तिं पठेत्सम्यक्साधकः प्रीतमानसः।।३२५।।

पश्चात् अक्षत लेकर मण्डल के चारों ओंर प्रक्षेप कर साधक पूर्णरूप से प्रसन्न मन होकर वीरशान्ति का पाठ करे।।३२५।।

चण्डप्रचण्डोर्ध्वकेशभीषणाभीषणाभिधाः ।
व्योमकेशो व्योमवाहुर्व्योमव्यापक एव च।।३२६।।

चण्ड, प्रचण्ड, ऊर्ध्वकेश, भीषण, अभीषण, व्योमकेश, व्योमवाहु, व्योमव्यापक नामधारि वीरों का आवाहन करे॥३२६॥

एतान्वीरानसमाहूय ह्यायाहीति समुच्चरन्।
मण्डले साधकश्रेष्ठो नैवेद्यादिभिरर्चयेत्॥३२७॥

आवाहयामि पद का उच्चारण पूर्वक आठों वीरों का साधक श्रेष्ठ मण्डल में नैवेद्यादि के द्वारा अर्चन करे॥३२७॥

एवमर्चा समाधाय साधको निर्भयः स्थितः॥
पूर्वप्राक्तान्सुधीः कृत्वा न्यासानत्यन्तसिद्धिदान्॥३२८॥

इस प्रकार अर्चन कर साधक निर्भय होकर स्थिरता पूर्वक बैठकर पूर्व में बतलाये हुए सिद्धि प्रदान करनेवाले न्यासों को करे॥३२८॥

पश्चिमाभिमुखो भूत्वा मालामादाय पाणिना॥
उच्चैस्तरां जपं कुर्यादागताय महात्मने॥३२९॥

पश्चिम मुख होकर माला हाथ में ग्रहण कर उच्च उद्घोष पूर्वक महात्मा वटुकभैरव के आगमन के लिए जप करे॥३२९ ॥

भैरवाय समीपे तु वामहस्तेन पायसम्।
भोजयेच्च जपं कुर्यान्निर्भयः प्रींतमानसः॥३३०॥

भैरव के समीप में वाये हाथ से भोग के लिए पायस रखकर प्रसन्नमन से निर्भय होकर जप करे॥३३०॥

तृप्तो देवो यदा ब्रूयाद्वरं वरय वाञ्छितम्।
प्रणम्य दण्डवद्भूमौ वाञ्छितं वरमुच्चरेत्॥३३१॥

तृप्त होकर यदि देवता साधक से वाञ्छित वर मांगने के लिए कहें तो दण्डवत् भूमि में प्रणाम कर, वाञ्छित वर भैरव से कहे॥३३१॥

गृहेचागत्यप्रयत उत्सवं च समाचरेत्।
अनेनमनुनादेवि सिद्धये जगतीतले॥३३२॥

वर प्राप्त होने के बाद घर आकर प्रसन्नता पूर्वक उत्सव मनायें, हे देवि! इस प्रकार मन्त्र से सिद्ध साधक संसार में निर्भय हो जाता है॥३३२॥

असाध्यं नास्ति लोकेषु सत्यं सत्यं मयोदितम्।
वचाचूर्णे पलस्यार्धे तन्मानं घृतसंयुतम्॥३३३॥

उस साधक के लिए संसार में कोई भी चीज असाध्य नहीं रह जाता है, यह हम बार बार सत्य कह रहें हैं, इस प्रकार सिद्ध किये गये मन्त्र से साधक अन्य प्रयोग के लिए एक पल वचा के चूर्ण में आधा पल घृत मिलाये॥३३३॥

पद्मपात्रे विनिक्षिप्य त्रिशतद् प्रजपेद् बुधः।
प्राशये नयतोभूत्वा पुनर्लक्षत्रयं जपेत्॥३३४॥

कमल के पञ्च पर लेकर तीन सौ बार बुद्धिमान साधक जप करे, इस प्रकार अभिमन्त्रित वचा का प्राशन कर पुनः तीन लाख मूल मन्त्र जप करे॥३३४॥

तस्यैवं कुर्वतः प्रज्ञा निःसीमा भवति ध्रुवम्।
गद्यपद्यमयी वाणीरुतस्याप्यवधारणम्॥३३५॥

इस प्रकार से प्रयोग करने पर साधक के प्रज्ञा की कोई सीमा नहीं होती है यह निश्चय है, वह गद्य पद्य मयी वाणी में सम्भाषण करने लग जाता है॥३३५॥

अत्र वचाचूर्णभक्षणं तु यावद्भिर्दिनैस्त्रिलक्षजपोभवति तावद्भागान्कृत्वा प्रत्येकमेकं भागं प्राशयेदिति साम्प्रदायिकाः॥ विवादप्रयोगे विशेषो रूद्रयामले।

यहाँ प्रकार वचा चूर्ण का भक्षण जितने भी दिन तीन लाख सङ्ख्या जप चलेगा तबतक प्रत्येक में एक एक भाग अभिमन्त्रित कर प्राशन करे। विवादादि में विशेष प्रयोक्तव्य है।

शुक्लपक्षे द्वितीयायां शुक्रवारे समाहितः।
पूर्ववत्पूजयेद्देवं सिद्धान्नं च निवेदयेत्॥३३६॥

शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथी को जब शुक्रवार रहे तो पूर्ववत् देव पूजन कर देवता को सिद्धान्न निवेदन करे॥३३६॥

पलार्द्धे च वचाचूर्णे तन्मानघृतसंयुतम्।
पद्मपत्रे विनिक्षिप्य त्रिसहस्त्रं जपेद् बुधः॥३३७॥

बुद्धिमान साधक पश्चात् आधा पल वचा का चूर्ण और उतना ही घृत मिला कर कमल के पत्ते पर रख कर तीन सहस्र जपे॥३३७॥

त्रिसहस्त्रजपो विशेषः, अन्यत्सर्वे समानम्। यहाँ तीन सहस्र जप विशेष है अन्यत्र सभी जगह समान है।

विवादक्षेत्रमध्ये तु देवं ध्यात्वा च तत्क्षणात्।
अभिमन्त्र्य मृदं प्राश्य सन्ध्योपास्य स्वयं प्रभुम्॥३३८॥

विवाद क्षेत्र के मध्य देवता का ध्यान कर तत्क्षण सन्ध्योपासना से निवृत्त होकर मृदा या वच तीन सहस्र अभिमन्त्रित कर प्राशन करे॥३३८॥

ससप्ताहान्त्रिकाले तु तत्तपश्चैव सिद्ध्यति।
मृत्युञ्जयमहं वक्ष्ये यथावच्छ्रृणु सुन्दरि॥३३९॥

पूरे सप्ताह भर त्रिकाल जप कर अभिमन्त्रित करे, हे सुन्दरि! साधक मृत्यु को जीत लेता है॥३३९॥

उत्तरायणकाले तु दक्षिणायन एव च।
कालज्ञानमिदं ज्ञात्वा तत्त्वज्ञानं जपेत्पुमान्॥३४०॥

उत्तरायण काल हो या दक्षिणायन काल हो साधक यदि त्रिकाल जप करता है तो उसे काल ज्ञान हो जाता है और वह तत्त्वज्ञानी हो जाता है।।३४०।।

कृष्णाष्टम्यां चतुर्थ्यो वाप्यङ्गारकदिने ततः।
सात्त्विकं बालरूपं च द्विभुजं चिन्तयेद् बुधः।।३४१।।

कृष्णपक्ष की अष्टमी अथवा चतुर्थी तिथी को यदि मङ्गल वार हो तो वटुक भैरव का द्विभुज सात्त्विक बालक रूप का बुद्धिमान साधक ध्यान करे।।३४१।।

अर्चयित्वा यथान्यायं सिद्धान्नं च निवेदयेत्।
यद्रूपं कथितं पूर्वमादिमध्यान्तवर्जितम्।।३४२।।

विधि पूर्वक अर्चन करके सिद्धान्न को निवेदित कर वटुकभैरव का आदिमध्यान्त वर्जित रूप का ध्यान करे।।३४२।।

तुषारकर्णिकाभासं ध्यात्वा देवं समाहितः।
सूकरीमुद्रया युक्तं खेचरीबहुमेलम्।।३४३।।

तुषार के कर्णिका के समान भासमान देवता का सूकरी मुद्रा से या खेचरी मुद्रा से युक्त ध्यान करना चाहिए।।३४३।।

ध्यानयोगेन मन्त्रञ्च मनापि जपेद् बुधः।
इत्येवं तु जपेल्लक्षं तदा मृत्युञ्जयो भवेत्।।३४४।।

मन में देवता का ध्यान करते हुए मन्त्र का बुद्धिमान साधक एक लाख जप कर मृत्यु को जीत लेता है अर्थात् मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है।।३४४।।

मृत्युनङ्गालिकांक्षीबेत्सात्त्विकं श्वेतरूपकम्।
हृदये स्वासनं ध्यात्वा तन्मध्ये देवमा स्थितम्।।३४५।।

मृत्यु की उपस्थिति में साधक को श्वेत स्वरूपवाला अपने हृदय के आसन पर देवता का सात्त्विक ध्यान करे।।३४५।।

न तस्य कालनी कान्तिमूर्तिमण्डलमाप्नुयात्।
कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां भूमिपुत्रस्य वासरे।।३४६।।

तो साधक को काल कभी नहीं स्पर्श करता उसका शरीर कान्तिमान हो जाता है उसका मुख मण्डल तेजोवान हो जाता है, कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भौम वार होने पर साधक देव की स्थापना करे।।३४६।।

आराध्य विधिवद्देवं तस्याग्रे स्थापयेद् बुधः।
रोचनाहेमजे पात्रे सम्पूज्य विधिनाथताम्।।३४७।।

बुद्धिमान साधक आराध्य देव की विधिवत् स्थापना कर पीतवर्ण से अलङ्कृत पात्र में विधिपूर्वक वटुकनाथ का पूजन करे।।३४७।।

गन्धपुष्पादिना स्पृष्ट्वा तां जपेदयुतत्रयम्।
तद्वतवर्त्ति प्रज्वाल्य कपिलाघृतसेविताम्॥३४८॥

बताये गये विधि के अनुसार कपिला घृत से दीप स्थापित कर उसमें देव का गन्धादि से विधिपूर्वक पूजन कर स्पर्श पूर्वक तीन आयुत अर्थात् तीस हजार जप करे॥३४८॥

सौवर्णे नृकपाले वा पात्रे संगृह्य चाञ्जनम्।
सम्पूज्यञ्च पुनर्जप्त्वा तत्पात्रं मन्त्रसंग्रहम्॥ ३४९॥

सुवर्ण के पात्र अथवा नर कपाल के पात्र में दीपक स्थापित कर अञ्जन बनाकर पुनः पूजन करने के पश्चात् मूल मन्त्र का जप कर कज्जल संग्रह करे॥३४९॥

ध्यात्वा वादवदंशोरेतदा चाञ्जनमाचरेत्।
वश्या भवन्ति ते सर्वे यान्यान्पश्यति साधकः॥३५०॥

वादादि उपस्थित होने पर, निर्मित कज्जल को देव ध्यांन पूर्वक आखों में लगाकर साधक जिसको जिसको देखता है सभी उसके वश में हो जाते हैं॥३५०॥

वन्ध्याचिकित्सां कुर्वाणो वालार्काभं समर्चयेत्।
हरिद्रार्धपलं चैव वचाचूर्णे च तत्समम्॥३५१॥

वन्ध्या की चिकित्सा करने के समाय वाल सूर्य के समान आभावाले देवता का ध्यान और पूजन कर आधा पल हरिद्रा को आधा पल वचा के चूर्ण मिश्रित करे॥३५१॥

पेषयित्वा तु गोमूत्रे गोलकं घृतसंयुतम्।
पद्मपत्रे विनिक्षिप्य स्थापयेद्देवसन्निधौ॥३५२॥

हरिद्रा और वचाचूर्ण के मिश्रण को गोमूत्र में सान कर गोली बनाकर कमल पत्र पर रखकर देवता के सम्मुख रखे॥३५२॥

प्राणिपत्य नमस्कृत्य जपेदच्चैः सहस्त्रकम्।
एवमेव प्रकारेण प्राशयेत्तु महौषधम्॥३५३॥

देवता का प्रणिपात पूर्वक नमस्कार कर मूल मन्त्र का उच्चारण पूर्वक सहस्त्र जप पूर्वक अभिमन्त्रित कर एक एक गोली प्रतिदिन प्रशन करे॥३५३॥

श्रीमन्तमायुष्मन्तं च बलवन्तं सुदर्शनम्।
विद्यावन्तं पुत्रवन्तं सद्यः पुत्रमवाप्नुयात्॥३५४॥

इस प्रकार अभिमन्त्रित गोलीयों के प्राशन से श्रीमान्, आयुवान, बलवान सुन्दर दिखनेवाला विद्यावान् पुत्र निश्चय ही प्राप्त करती है॥३५४॥

वर्णलक्षं जपेन्मन्त्रं ततः सिद्धिर्भविष्यति।
हविष्य भक्षणं कुर्याद् भूमिशायी जितेन्द्रियः॥३५५॥

मन्त्र के वर्णों की सङ्ख्या के अनुसार साधक हविष्यान्न का भक्षण कर भूमि पर शयन करते हुए विधि पूर्वक जप करने से निश्चय ही सिद्धि प्राप्त करता है॥३५५॥

दशांशं हवनं कुर्यात्तिलाज्यमधुभिर्द्विजः।
कोटिजपकृतेमर्त्यो श्रियमाप्नोत्यनुत्तमाम्॥३५६॥

जप पूरा होने पर जप का दशांश तिल, घी तथा मधु से हवन करे, मृत्यु लोक में कोटि जप से साधक उत्तम श्री प्राप्त करता है॥३५६॥

वश्यार्थमयुतं जप्त्वां रक्तपुष्पैर्दशांशतः।
होमं कुर्यात्करवीरैः श्वेतौर्विद्यामवाप्नुयात्॥३५७॥

वशीकरण में अयुत सङ्ख्या जप कर, रक्त पुष्प से दशांश हवन करने से श्री तथा करवीर पुष्पों के हवन से साधक विद्या की प्राप्ति करता है॥३५७॥

लक्ष्म्याप्त्यै कमलैर्होमो दीर्घायुर्दूर्वया हुते॥
गुडेन रोगनाशः स्यादपमृत्यु निवारणम्॥३५८॥

कमल के होम से साधक धनवान हो जाता है, दूर्वा का हवन करने से दीर्घायुः होता है, गुण के हवन से रोग नष्ट होता है तथा अपमृत्यु का निवारण होता है॥३५८॥

वस्त्रेण वस्त्रप्राप्तिः स्याद्धान्याप्तिर्धान्यहोमतः।
पुत्रजीविफलैर्होमे सर्वासिद्धिमवाप्नुयात्॥३५९॥

वस्त्र से अर्चन कर हवन करने से वस्त्र की प्राप्ति होती है, धान्य से हवन करने पर धान्य की प्राप्ति होती है, पुत्रजीवक फल के हवन से पुत्र दीर्घजीवी होता है तथा समस्त सिद्धियाँ प्राप्त होती है॥३५९॥

अश्वत्थसमिधा होमे पुत्राप्तिः सर्वसिद्धयः।
लवणघृतहोमेन शत्रून्मादकरं भवेत्॥३६०॥

अश्वत्थ की समीधा में हवन करने से पुत्र प्राप्ति तथा सर्वसिद्धि प्राप्त होती है, लवण में घी मिश्रित कर हवन करने से शत्रु उन्माद रोग से ग्रस्त हो जाता है॥३६०॥

काको लूकमांसहोमाच्छत्रून्मारयते ध्रुवम्।
सप्तरात्रेण देवेशि श्मशाने च त्रिलक्षकम्॥३६१॥

कौवे तथा उलूक के मांस के होम से शत्रूओं का निश्चय मरण होता है, हे देवेशि! श्मशान में सात दिन तक जप कर तीन लाख हवन करे॥३६१॥

सर्वसिद्धिः प्राप्नुयाद्देवि! वटुकस्य प्रसादतः।
ध्यानं सात्त्विकं कुर्यात् विधिवत् प्राज्ञसाधकः॥३६२॥

बुद्धिमान साधक वटुकभैरव का सात्त्विक ध्यान कर, श्मशान के जप हवन कर महात्मा वटुकभैरव की कृपा से समस्त सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है॥३६२॥

रसायनञ्च गुटिकां चेटकां सिद्धिमाप्नुयात्।
विभीतकवृक्षतले यदिलक्षं जपेन्नरः॥३६३॥

चेटका सिद्धि के लिए रसायन की गुटिका बनाकर विभीतक वृक्ष के नीचे यदि साधक एक लाख मूल मन्त्र जप करता है तो गुटिका चेटक सिद्ध हो जाती है॥३६३॥

वेतालभूतप्रेताश्च वश्या भवन्ति निश्चयात्।
जुहुयाद्दारूणैर्भोजैरजोदोषैर्मुधुराप्लुतैः ॥३६४॥

गुटिका सिद्धि से वेताल, भूत, प्रेतादि निश्चय ही साधक के वशीभूत हो जाते है, इसके लिए साधक आरूण तथा रक्त भोज पत्र को मधुरत्रय से आप्लुत कर हवन करे॥३६४॥

लक्षसङ्ख्या तदर्धं वा प्रत्यहं भोजयेद् द्विजान्।
वनितां युवतीं रम्यां प्रीणयेद्देवताधिया॥३६५॥

एक लाख अथवा उसका आधा पचास हजार जप कर, हवनादि के बाद ब्राह्मणों, सुहागिनीयों तथा सुन्दर युवतीयों को भोजन कराकर देवता की स्तुति इत्यादि करे॥३६५॥

होमान्ते धनधान्याद्यैस्तोषयेद्गुरुमात्मनः।
एवं कृते जगद्वश्यो रमाया भवनं भवेत्॥३६६॥

इस प्रकार से जप हवन पूजनादि करने के बाद धनधान्यादि से मन्त्रदाता गुरुं का पूजन कर उनको सन्तुष्ट करे, इस प्रकार मन्त्र दाता गुरु को सन्तुष्ट कर उनके अनुग्रह से साधक संसार को वश में कर लेता है तथा उसका घर धनधान्यादि से भरा रहता है॥३६६॥

रक्तोत्पलैस्त्रिमध्वक्तैररुणैर्वा हरिद्रजैः।
पुष्पैः पयोऽन्नैः सघृतैर्होमाद्विश्वं वशं नयेत्॥३६७॥

रक्त कमल के पत्रों, त्रिमधु अथवा हरिद्रा के पुष्पों का पायस(खीर) का घी के साथ हवन करने से साधक विश्व को वश में कर अपने आगे झुका लेता है अर्थात् विश्व पर अधिकार प्राप्त कर लेता है॥३६७॥

वाक्सिद्धिं लभते मन्त्री पालाशकुसुमैर्हुते।
कर्पूरागुरूसंयुक्तं गुग्गुलं जुहुयात्सुधीः॥३६८॥

पलास वृक्ष के पुष्पों के हवन से साधक वाक् सिद्धि प्राप्त कर लेता है, कपूर, अगुरू को गुग्गुल के साथ मिश्रित कर हवन करा॥३६८॥

ज्ञानं दिव्यमवाप्नोति तेनैव स भवेत्कविः।
क्षीराक्तैरमृताखण्डैर्होमः सर्वापमृत्युजित्॥३६९॥

साधक दिव्य ज्ञान प्राप्त कर कवि हो जाता है, हरे हरे दूध से युक्त अमृता(गुरुच) खण्ड के होम से अपमृत्यु जीत लेता है॥३६९॥

दूर्वाभिरायुषे होमः क्षीराक्ताभिर्दिनत्रयम्।
गिरिकर्णिभवैः पुष्पैर्नवधूकर्णिकारजैः॥३७०॥

हरे हरे दूधवाले दूर्वाओं के तीन दिन तक होम करने से बन्ध्या स्त्री भी रजस्वला होकर पुत्रवान हो जाती है तथा नव वधू की तो कोई बात ही नहीं॥३७०॥

मालतीकुसुमैर्हुत्वा तत्पुत्रांश्च वशंनयेत्।
कारण्डकुसुमैर्वैयावृषलान् पाटलोद्भवैः ॥३७१॥

मालती पुष्प के हवन से साधक के पुत्र पौत्रादि वश में रहते हैं, कारण्डव पुष्प के हवन से साधक का घर पशुओं से भरा रहता है।।३७१।।

आत्मानमविलेपान्तस्थितसाध्याह्वयानिवत् ।
मन्त्रमुच्चार्य जुहुयान्मन्त्री मधुरलोडितैः॥३७२॥

मन्त्रोच्चार पूर्वक त्रिमधु का हवन करके, त्रिमधु अभिमन्त्रित कर अपने शरीर पर अनुलेपन कर, साधक अपने साध्य को आकर्षित कर लेता है।।३७२।।

सर्षपैः पटुसंमिश्रैर्वशयेत्पार्थिवानक्षणात्।
अनेनैव विधानेन सपत्नीं तत्सुतानपि॥३७३॥

सरसों को घी से मिश्रित कर हवन करने से पृथिवी पर रहनेवालों को साधक तक्षण वश में कर लेता है, इसी प्रकार सपत्नी और उनके पुत्रों को भी वश में करता है।।३७३।।

जातिबिल्वफलैः पुष्पैर्मधुरत्रयसंयुतैः।
नरनारीनरपतीन्होमतो वश्येद् ध्रुवम्॥३७४॥

जाति और बिल्व फल मिश्रित कर, इनके पुष्पों के साथ मधुरत्रय से संयुक्त कर हवन करने से साधक नरनारी और राजाओं को वश में कर लेता है।।३७४।।

मालतीकुसुमोद्भूतैः पुष्पैश्चन्दनलोडितैः।
जुहुयात्कवितां मन्त्री लभते वत्सरान्तरे॥३७५॥

मालती पुष्प से उत्पन्न पुष्प तथा केशरों को चन्दन में मिला कर हवन करने से साधक कवित्व प्राप्त कर लेता है तथा एक वत्सर तक हवन करने से मन्त्री हो जाता है।।३७५।।

मधुरत्रय संयुक्तैः फलैर्बिल्वसमुद्भवैः।
जुहुयाद्वशयेल्लोकान् श्रियं प्राप्नोति वाञ्छिताम्॥३७६॥

विल्व फल को मधुर त्रय से संयुक्त कर हवन करने से लोक को वश में कर लेता है तथा वाञ्छित श्री प्राप्त करता है।।३७६।।

पाटलैः कुसुमैः कुन्दैरूत्पलैर्नागचम्पकैः।।
नद्यावर्तौर्विकसितैः कृतमालैर्जुहोतियः॥३७७॥

पाटली, कुन्द, नाग, चम्पक, नद्यावर्त्तों से निर्मित मालिका से जो साधक वर्षान्त हवन करता है।।३७७।।

जायते वत्सराद्दूर्वाक्छ्रिया विजितपार्थिवः।
साज्यमन्त्रं प्रजुहुयाद्भवेदन्नसमृद्धिमान्॥३७८॥

वह इच्छानुसार संसार के प्राणियों पर विजय प्राप्त कर लेता है, घी के साथ दूर्वा का वर्ष पर्यन्त हवन करनेवाला साधक अन्नधनधान्यादि से समृद्ध हो जाता है।।३७८।।

कस्तुरीकुङ्कमोपेतं कर्पूरं जुहुयाद्वशी।
कन्दर्पादधिकं सद्यः सौन्दर्यमाधिगच्छति॥३७९॥

कस्तुरी और कुङ्कुम को मिला कर कपूर के साथ हवन करने पर साधक कामदेव से भी अधिक सुन्दरता को प्राप्त करता है॥३७९॥

लाजान्प्रजुहुयान्मन्त्री दधिक्षीरघृतप्लुतान्।
विजित्य रोगानखिलाञ्जीवेच्च शरदां शताम्॥३८०॥

लाजा (धान के लावा) को दधि, क्षीर तथा घृत से मिश्रित कर हवन करने से साधक समस्त रोगों पर विजय प्राप्त कर सौ वर्ष तक जीता है॥३८०॥

पादद्वयं मलयजं पादं कुसुमकेसरम्।
पादं गोरोचनायाश्चश्रीणि पिष्ट्वा हिमाम्भसा॥३८१॥

दो भाग मलय चन्दन तथा आधा भाग पुष्प केसर में आधे भाग गोरोचन का मिश्रण कर हिमाम्भस के साथ पीस कर साधक मूल मन्त्र से अभिमन्त्रित करे॥३८१॥

विदद्ध्यात्तिलकं भाले यान्पश्चादीन्विलोकयेत्।
यान्स्पृशेत्स्पृतो यो वै वश्याः स्युस्तस्य तेऽचिरात्॥३८२॥

अभिमन्त्रित चन्दनादि का साधक ललाट पर तिलक करे तो पश्चादि जिसको भी देखता है या जिस किसी को स्पर्श करता है उसे दीर्घ काल तक वश में कर लेता है॥३८२॥

कर्पूरकपिकाष्टयोर्चतुर्भागोजटामासी ।
तावतीरोचनामता वश्याःस्युःसकलाजनाः॥३८३॥

कपूर और कपिकाष्ट को बराबर भाग में लेकर उसमें चतुर्थ भाग जटामासी और गोरोचन मिश्रितकर लेप बनाकर लगाये तो दीर्घकाल तक किसी को भी वश में कर लेता है॥३८३॥

एवमेव विनिर्माय सहस्राभिमन्त्रयेत्।
वश्याःस्यु अचिरात्काले वटुकस्य प्रसादतः॥३८४॥

इस प्रकार से चन्दनादि का लेप निर्मित कर मूल मन्त्र एक सहस्र अभिमन्त्रित कर ललाट पर तिलक लगाने से साधक वटुकभैरव के प्रसाद से जगत् के समस्त प्राणियों को चिर काल तक वश में कर लेता है॥३८४॥

कुङ्कमं सप्तभागं स्याद्द्विभागं चन्दनं मतम्।
अगुरूं नवभागं स्यादेवं भागक्रमेण च॥३८५॥

सात भाग कुङ्कुम तथा दो भाग मलयागिरि चन्दन में अगुरू नव भाग क्रम से मिश्रित करे॥३८५॥

हिमाद्रिः कन्यकापिष्टमेतत्सर्वे सुसाधितम्।
यो भाले तिलकं धत्ते कुर्याद्भूमिपतीन्नरान्॥३८६॥

पश्चात् हिम पुष्प के साथ कन्या द्वारा पीसवा कर वटुकभैरव का ध्यान पूर्वक जप कर मूल मन्त्र से एक सहस्र अभिमन्त्रित कर ललाट पर तिलक का लेपन करने से साधक नरों तथा भूमि पतियों को वश में कर लेता है।।३८६।।

वासितामदगर्वाढ्यान्मदोनमत्तान्मतङ्गजान् ।
सिंहान्व्याघ्रान्महासर्पान्भूतवेतालराक्षसान् ।।३८७।।

सुवासित तथा मद से गर्वित उन्मत्त मतङ्ग, हाथियों, सिंहों, व्याघ्रों, विशलसर्पों, भूतों, वेतालों तथा राक्षसों को वश में कर लेता है।।३८७।।

अथ स्तवराजपुरश्चरणप्रयोगानाह शिवागमसारे। (यह प्रयोग शिवागमसागर में वटुकभैरव पुरश्चरण में भी निर्दिष्ट है)

दर्शनादेव वशयेत्तिलकं धारयेन्नरः।
हविष्यान्नं च माषान्नं यवान्नं तन्दुलानि वा।।३८८।।

इस प्रकार से तिलक का निर्माण कर साधक जिसको भी देखता है उसे वश में कर लेता है, हविष्यान्न, माषान्न, यवान्न अथवा तन्दुलान्नों का सेवन करता हुआ।।३८८।।

सकृज्जग्ध्वा वाग्यश्च भूमिशायी जितेद्रियः।
एकादशसहस्त्रं वै पुरश्चरमाचरेत्।।३८९।।

भूमिशायी, जितेन्द्रिय तथा अपशब्दों के सम्भाषण को पूर्णरूप से त्याग करता हुआ वटुकभैरव के ध्यान में निमग्न होकर ग्यारह हजार जप कर पुरश्चरण करे।।३८९।।

स्तोत्रादौ मूलमन्त्रं च ह्यष्टोत्तरशतं जपेत्।।
स्तोत्रान्ते च शतावृत्तिं कृत्वा स्तोत्रं पठेत्पुनः।।३९०।।

वटुकभैरव अष्टोत्तरशतनाम स्तोत्र के पूर्व मूल मन्त्र को अष्टोत्तरशत जप कर पुंनः पाठ के बाद मूल मन्त्र का अष्टोत्तरशत जप करे इस प्रकार शतावृत्ति पाठ करे।।३९०।।

एवं सम्पुटितं कृत्वा देवं नत्वापठेत्स्तवम्।
दशांशं हवनं कुर्यात्तद्दशांशेन तर्पणम्।।३९१।।

इस प्रकार मूल मन्त्र से सम्पूटित कर वटुकभैरव को नमन कर दशांश हवन कर तद्दशांश तर्पण करे।।३९१।।

मार्जनं तद्दशांशेन दशांशं विप्रभोजनम्।
एवं कृते मनुष्यो वै प्राप्नुयान्मनसेप्सिताम्।।३९२।।

इस प्रकार हवन तर्पण कर तर्पण का दशांश मार्जन कर तर्पण का दशांश ब्राह्मण भोजन कराये, इस प्रकार से जो साधक वटुकभैरव का ध्यानार्चन करता है वह अपने अभिप्सित कामना को पूर्ण कर लेता है।।३९२।।

मतान्तरं प्रवक्ष्यामि तं कृत्वा सुमन्त्रकः।।
जप्त्वा च विधिपूर्वे हि यथाशक्ति पुनः सुधीः।।३९३।।

अन्य प्रयोग बताते हैं जिसका प्रयोग बुद्धिमान साधक को करना चाहिए, मूल मन्त्र को यथा शक्ति विधि पूर्वक जप करे॥३९३॥

स्तोत्रपाठं पुनः कृत्वा पूर्वोक्तन्नियमांश्चरेत्।
स्तोत्राभ्यां सम्पुटं कृत्वा होमादि पूर्ववत्सुधीः॥३९४॥

मूल मन्त्र जप करने के बाद स्तोत्र का पाठ कर, पूर्वोक्त नियमों के अनुपालन पूर्वक, स्तोत्र को मूल मन्त्र से सम्पुटित कर, पुनः पाठ करने के बाद, पूर्ववत् बुद्धिमान साधक हवनादि करे॥३९४॥

मया मतद्वयं प्रोक्तं सर्वेषां सुखहेतवे॥
प्रयोगांश्च प्रवक्ष्यामि लोकानां हितकाम्यया॥३९५॥

हमने लोक में समस्त प्राणियों को सभी प्रकार का सुख प्राप्त हो इस कामना से दो प्रयोग बतलाये हैं॥३९५॥

आपदुद्धारकं ये वै पठन्ति प्रत्यहं प्रिये॥
तेषां न दुर्लभं किञ्चिदसाध्यं यत्सुरैरपि॥३९६॥

आपदुद्धारक नामक स्तोत्र का जो साधक प्रति पाठ करता है उसको इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं होता॥३९६॥

दशावर्त्ते च मन्त्रस्य पुरा कृत्वा पठेत्स्तवम्॥
यन्त्रादिपूर्ववत्कृत्वा त्रिकालं यः पठेदिह॥३९७॥

यन्त्रादि का पूर्ववत् बताये विधि से पूजन कर मन्त्र तथा स्तोत्र का दश आवृत्ति पाठ साधक त्रिकाल करे॥३९७॥

रात्रौ वारत्रयं यो वै तस्य वश्यं जगद्भवेत्।
प्रातश्चैकादशावृत्ति रात्रौ वा पुनरेव हि॥३९८॥

जो साधक रात्री को तीन बार पाठ करता है उसके वश में संसार हो जाता है, प्रातः एकादश आवृत्ति तथा रात्री में भी एकादश आवृत्ति पुनः पाठ करे॥३९८॥

पूर्ववच्च विधिं कृत्वा पठनीयः स्तवः शुभः।
महानिशि त्रिरावृत्तिं यः करोति सदा शुचिः॥३९९॥

इस प्रकार पूर्व कथित विधि से पूजनादि कर मूल मन्त्र से सम्पुटित कर शुभकारी स्तोत्र का पाठ करे इसी प्रकार अर्धरात्री को भी सदैव शुद्ध होकर करे॥३९९॥

राजानो वशमायान्ति सभाशोभाकरो भवेत्।
शनौ च प्रातरूत्थाय दशावृत्तिं चरेदिह॥४००॥

इस प्रकार पाठ करनेवाले साधक के राजा भी वश में हो जाते हैं तथा सभा में शोभायमान हो जाता है, इसी प्रकार शनिवार को प्रातः उठ कर विधि पूर्वक पूजनादि कर दश आवृत्ति पाठ करे॥४००॥

होमादिकं च सम्पाद्य षण्मासादतुलां श्रियम्।
शनौ चैवाश्वत्थमूले पूजयित्वा शिवं प्रिये॥४०१॥

शनिवार को पिपल के वृक्ष के नीचे वटुकभैरव का पूजन कर पूर्व विधि से होमादि का सम्पादन कर छ: माह में साधक अतुल श्री को प्राप्त करता है॥४०१॥

शतावृत्तिं पठित्वा तु जगद्वल्लभतामियात्।
रवौ च नाभिमात्रे हि जले स्थित्वा पठेदिह॥४०२॥

रवि वार को नाभि तक जल में स्थिर होकर शतावृत्ति पाठ करनेवाला साधक जगत् का प्रिय हो जाता है तथा संसार की वल्लभता प्राप्त करता है॥४०२॥

एकादश तथावृत्तिं पठित्वा प्राप्नुयाच्छ्रियम्।
पठेच्च रोगशान्त्यर्थे नक्षत्रे पुष्यसंज्ञके॥४०३॥

एकादश आवृत्ति पाठ करनेवाला साधक श्री प्राप्त करता है, रोग शान्ति के लिए पुष्य संज्ञक नक्षत्र में पाठ करना चाहिए॥४०३॥

अष्टावृत्तिं पठेद्यो वै आरोग्यं लभते ध्रुवम्।
रवौ च ब्रह्मणान्पूज्य पाठयेच्छतवारकम्॥४०४॥

रवि वार को ब्राह्मणों का पूजन कर आठ आवृत्ति पाठ करनेवाला, साधक निश्चय ही आरोग्यता को प्राप्त करता है॥४०४॥

वारेवारे च षण्मासं पठित्वा सुतमाप्नुयात्।
सप्तजन्मभवा वन्ध्या जीवित्पुत्राभवेदिह॥४०५॥

प्रत्येक रवि वार को छ: महीने तक पाठ करनेवाला साधक निश्चय ही पुत्र प्राप्त करता है, सात जन्मों से वन्ध्यात्व प्राप्त करनेवाली स्त्री भी दीर्घजीवी पुत्र प्राप्त करती है॥४०५॥

कन्याकामो भवेद्यो वै त्रिकालं रविवासरे।
षण्मासादप्सरातुल्यां लभते ह्युत्तमा सुताम्॥४०६॥

कन्या की कामनावाला साधक रवि वार को प्रात:, मध्याह्न तथा सायं तीनों काल पाठ करनेवाला छ: मास में अपने अभिष्ट को प्राप्त करता है तथा अप्सरातुल्य कन्या को प्राप्त करता है॥४०६॥

वैद्यानां चैवदु:साध्यो रोगो भवति तस्य च।
सस्वरोगस्य शान्त्यर्थ पठेत्स्तोत्रमनुत्तमम्॥४०७॥

वैद्यों के द्वारा दु:साध्य रोग की शान्ति के लिए उत्तम स्तोत्र का मूल मन्त्र से सम्पुटित कर पाठ करने से असाध्य रोगों की निश्चय ही शान्ति होती है॥४०७॥

निष्फलश्च क्रतुर्यस्य भवतीह सदाप्रिये।
सहस्त्रावर्तनं कृत्वा सफलश्च क्रतुर्भवेत्॥४०८॥

हे प्रिये! जिनके कार्य निष्फल हो जाते हैं उनको आपदुद्धारण स्तोत्र को मूल मन्त्र से सम्पुटित कर सहस्र पाठ करने से समस्त कार्य सफल हो जाते है।।४०८।।

ग्रहणे च पठेद्यो वै विधिना चन्द्रसूर्ययोः।
मनोद्दिष्टां तदा सिद्धिं प्राप्नुयान्नात्र संशयः।।४०९।।

सूर्य अथवा चन्द्र ग्रहण काल में जो आपदुद्धारण स्तोत्र का मूल मन्त्र सम्पुटित कर पाठ करता है उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण हो जाती हैं इसमे कोई संशय नहीं है।।४०९।।

तीर्थे चैव शुभे क्षेत्रे शिवस्य सन्निधौ प्रिये।
पठित्वा स्तोत्रं मन्त्रं च सद्यः सिद्धिः लभेदिह।।४१०।।

हे प्रिये! तीर्थ स्थान अथवा शुभ क्षेत्र में शिव का सानिध्य प्राप्त कर आपदुद्धारण वटुकभैरव स्तोत्र का पाठ करता है तो निश्चय ही समस्त सिद्धि प्राप्त करता है।।४१०।।

त्रिरावृत्तिं दशावृत्तिं विंशति वा शतावधिम्।
सहस्त्रसंख्यया वाथ चैकादशसहस्त्रकम्।।४११।।

अपदुद्धारण स्तोत्र की तीन आवृत्ति, दश आवृत्ति, शतावृत्ति, सहस्रावृत्ति अथवा एकादशसहस्रावृत्ति पाठ का पुरश्चरण बतलाया गया है।।४११।।

पुरश्चरणकं प्रोक्तं भैरवस्य महात्मनः।
पुरश्चरणकं कृत्वा पठते नित्यमेव च।।४१२।।

महात्मा वटुकभैरव का पुरश्चरण निर्देशित किया गया है। भाग्यवान साधक को निर्दिष्ट पुरश्चरण करने के बाद नित्य आपदुद्धारण स्तोत्र का पाठ करना चाहिए।।४१२।।

सद्यः सिद्धिं यथोक्तां हि प्राप्नुयान्नात्र संशयः।
मानुष जन्म चासाद्य दुःखभाजो भवन्ति ये।।४१३।।

मनुष्य जन्म पाकर जो दुःखभागी है वे लोग यदि पुरश्चरण करने के बाद नित्य स्तोत्र पाठ करते हैं तो निश्चय ही सिद्धि प्राप्त करते हैं इसमें कोई संशय नहीं है।।४१३।।

ते भजन्तु सदा देवं भैरवं सुखदायकम्।
तद्दुःखं नैव विद्येत भैरवो नाशयेदिह।।४१४।।

जो साधक सदा सुखदायक देवता वटुकभैरव का नित्य भजन करते हैं उन्हें कभी कोई दुःख नहीं व्याप्त करता उसके दुःखों का वटुकभैरव निश्चय ही नाश कर देते हैं।।४१४।।

तस्माद्दुःखविनाशय भैरवः सेव्यतेजनैः।
सर्वदुःखविनाशाय भैरवं रूपमीरितम्।।४१५।।

इस लिए दुःखों के विनाश के लिए साधक जन भैरव का नित्य सेवन करते हैं तथा समस्त दुःखों के विनाश के लिए एक मात्र साधन वटुकभैरव ही हैं।।४१५।।

भैरवः सेवितो येन तेनैव सेवितो ह्यहम्।
अहं भैरवरूपेण लोकानां सुखदः सदा।।४१६।।

जो साधक नित्य वटुकभैरव की सेवा करते है उनकी रक्षा हम करते है, मै ही वटुक भैरव रूप से संसार के जनों को सदा सुख प्रदान करता हूँ।।४१६।।

मया वै भैरवस्यैव विधिराराधनस्य च।
विविधाराधनं कामान्प्राप्नुवन्ति तथा प्रिये।।४१७।।

हे प्रिये! हमारे तथा भैरव की आराधना की विधि जो लोग जानते है वे अपनी समस्त कामनाओं को निश्चय ही पूरा कर लेते हैं।।४१७।।

तत्ततथा मया देवि प्रोक्तं त्वञ्च प्रियासि मे।
स्थापनीयं त्वया लोके सर्वेषां सुखहेतवे।।४१८।।

हे देवि! आप हमारी प्रिया हो इसलिए तुम्हारे सम्मुख लोक में सभी को सुख प्रदान करने के लिए हमने वटुकभैरव अर्चनाविधि का वर्णन किया।।४१८।।

तिलानाञ्च तथा होमो गुग्गुलस्य तथा पुनः।
मधुकानां च पुष्पैश्च ब्रह्मवृक्षभवैस्तथा।।४१९।।

तिलक तथा होम बार बार गुग्गुल से करना चाहिए और मधुक पुष्प तथा ब्रह्मवृक्ष के पुष्पों से पूजन हवन करना चाहिए।।४१९।।

बिल्वदलैस्तथा देवि गुडूचीखण्डकैस्तथा।
करवीरस्य कुसुमैर्बन्धुजीवैस्तथा पुनः।।४२०।।

हे देवि! बिल्व वृक्ष के पत्रों तथा गुडूची के खण्डों तथा करवीर के पुष्पों और बन्धुजीवक(पुत्रजीवक) वृक्षों के पुष्प फल तथा समीधाओं से पूजन तथा हवन करना चाहिए।।४२०।।

औदुम्बरसमिद्भिश्च पलाशस्य तथा प्रिये।
अनेकैश्च फलैर्देवि कदलीबीजपूरकैः।।४२१।।

औदुम्बर तथा पलाश की समीधाओं का हवन में प्रयोग करे, कदली तथा बीज पूरक वृक्ष के फलों को वटुकभैरव की आराधना में प्रयोग करे।।४२१।।

माधुर्यैर्विविधैस्तस्य प्रीत्या होमं प्रकल्पयेत्।
घृतेनसितयाप्रीतिर्जायते भैरवस्य च।।४२२।।

भोग में विविध प्रकार के मधुर पक्वान्नों का उपयोग करे तथा हवन में प्रिय लगनेवाले मधुर वृक्षों का घी के साथ प्रयोग, वटुकभैरव को प्रसन्न करता है।।४२२।।

कुण्डानिविविधानीह प्रोक्तानिकामभेदतः।
ब्रह्मभोज्यं प्रकर्त्तव्यं तस्य प्रित्या प्रिये सदा।।४२३।।

हवन के लिए विविध प्रकार के कामना भेद से कुण्डादि निर्माण बतलाये गये हैं। वटुकभैरव के प्रीति के लिए ब्राह्मण भोजन करना चाहिए।।४२३।।

त्रिकोणं चैव षट्कोणं चतुष्कोणमथापि वा।
हस्तमात्रं द्विहस्तं वा द्वात्रिंशदुङ्गुलं तथा॥४२४॥

कामना के अनुसार त्रिकोण, षट्कोण तथा चतुष्कोण स्वरूपवाला एक हाथ, दो हाथ अथवा तीन हाथ अर्थात् बत्तीस अङ्गुल के प्रमाणवाला कुण्ड बनायें॥४२४॥

दशाङ्गुलं च नित्यं चेदेकादशाङ्गुलावधिः।
महाहोमे महत्प्रोक्तं लघुहोमे लघुस्मृतम्॥४२५॥

नित्य हवन के लिए दश अङ्गुल का अथवा एकादश अङ्गुल के प्रमाणवाला कुण्ड बनाये महाहोम में महाकुण्ड निर्माण करे तथा लघुहोम में लघुकुण्ड निर्माण करे॥४२५॥

एतत्ते सर्वमाख्यातं तव प्रीत्यै मया शुभे।
दाम्भिकाय न वक्तव्यं वदभ्रष्टाय वा तथा॥४२६॥

इस प्रकार वटुकभैरव की आराधना विषयक समस्त कार्य कहा, इन विधियों को दम्भियों तथा भ्रष्टों के सम्मुख कभी नहीं कहना चाहिए॥४२६॥

सन्ध्याहीनाय नो वाच्यमभक्ष्याभक्षाय च।
दुर्वृत्तिसेवकायादि न वक्तव्यकथञ्चन॥४२७॥

सन्ध्या हीन तथा अभक्ष्य भक्षक के सम्मुख कभी वटुकभैरव आराधना विधि नहीं बतानी चाहिए, दुर्वृत्तियों के सेवन करनेवालों से कभी भी नहीं कहना चाहिए॥४२७॥

पापिष्ठाय तथा देवि विश्वासहिताय च॥
न वक्तव्यं त्वया देवि सत्यं सत्यं वदामि ते।४२८॥

पापियों तथा विश्व का अहित करनेवाले के सामने कभी नहीं कहना चाहिए, मैं सत्य निश्चय ही सत्य कहता हूँ॥४२८॥

इति श्रुत्वा तथा देवि सदृष्टा च पुनः पुनः।
नमस्कृत्य तदा शम्भुं स्थापयामास वै भुवि॥४२९॥

इस प्रकार भगवान् शङ्कर के उपदेश से सन्तुष्ट हो कर उनको बार बार नमस्कार करते हुए शम्भु के सामने बैठ कर पुनः श्रीशङ्कर से श्रीदेवि! ने वटुकभैरव के उपासना में प्रयुक्त विशेष न्यासों को पूछा॥४२९॥

अथ न्यासविशेषो ही उक्तं भैरवेकल्पे।
ईशानं मूर्ध्नि विन्यस्य मुखे तत्पुरूषं न्यसेत्॥४३०॥

वटुकभैरव की उपासना में उपयोगी विशेष न्यासों को कहते है। मूर्धा में ईशान का न्यास करने के बाद मुख में तत्पुरुष का न्यास करे॥४३०॥

अघोरं हृदये न्यस्य वामदेव च गुह्यके।
सद्योजातं पदे न्यस्य पञ्चब्रह्मापि विन्यसेत्॥४३१॥

अघोर का हृदय पर न्यास कर, वामदेव का गुह्य स्थान में न्यास करे, सद्योजात का पैर में न्यास करने के बाद पञ्चब्रह्म का न्यास करे॥४३१॥

आवाहयेत्तदादेवं सद्योमन्त्रेण मूलतः।
मूलमन्त्रेण सम्युक्तं चासनं वामदेवतः॥४३२॥

न्यासादि करने के बाद देवता का मूल मन्त्र तथा सद्योजात मन्त्र से आवाहन कर मूल मन्त्र के साथ वामदेव मन्त्र योजितकर असन प्रदान करे॥४३२॥

सान्निध्यं मूलमन्त्रेण चाघोरेण च पाद्यकम्।
तत्पुरूषेण योगार्त्ती ईशाने देवमुद्रयोः॥४३३॥

मूल मन्त्र से सन्निधान करे और अघोर मन्त्र से पाद्य प्रदान करे, वटुकभैरव आराधना करनेवाले को तत्पुरुष मन्त्र से योग तथा ईशान मन्त्र से देवमुद्राओं को प्रदर्शित करे॥४३३॥

एव तु मन्त्रयोगेन मुद्राषट्कं प्रदर्शयेत्।
नष्टद्रव्यस्य प्राप्त्यर्थे कुमारं बटुकं जपेत्॥४३४॥

मूल मन्त्र के योग से छः मुद्राओं को प्रदर्शित कर नष्टद्रव्यों की प्राप्ति के लिए कुमार वटुकभैरव के मूल मन्त्र का जप करे॥४३४॥

पूर्ववत्पूजयित्वातु सिद्धान्नञ्च निवेदयेत्।
सहस्त्रं तु जपं कृत्वा विशेषाद्देवसन्निधौ॥४३५॥

पूर्व में बतायें विधि के अनुसार पूजन कर विविध प्रकार के पके हुए अन्नों को भोग के लिए निवेदित कर देवता के विशष सन्निधान के लिए एक सहस्त्र जप करे॥४३५॥

आराध्य प्रणिपातेन नष्टद्रव्यं च लभ्यते।
शत्रुसेनाविनाशाय राजा दद्याद्बलिं प्रिये॥४३६॥

इस प्रकार आराधना करके साष्टाङ्ग दण्डवत् करने से नष्टद्रव्य को साधक प्राप्त करता है, शत्रुओं की सेनाओं के विनाश के लिए राजाओं को विधिपूर्वक बताये गये बलि को प्रदान करे॥४३६॥

पूर्वोक्तं राजसं देवि बलिं निष्पाद्य मन्त्रवित्।
सम्पूज्य पूर्ववद्देवं मध्यरात्रे महेश्वरि॥४३७॥

पूर्व में बताये विधि के अनुसार राजस बलि देवता को प्रदान करना चाहिए, पहले के बताये विधि के अनुसार मध्यरात्री में पूजन कर बलि प्रदान करे॥४३७॥

अन्यूनाङ्गमजं देवि सर्वलक्षणसम्युतम्।
आनीय मूलमन्त्रेण स्नापयित्या शुभैर्जलैः॥४३८॥

समस्त शुभ लक्षणों से युक्त अन्यूनाङ्ग बकरे को लाकर मूल मन्त्र से शुद्ध जल से स्नान करा कर॥४३८॥

गन्धमाल्यैरलङ्कृत्य देवस्याग्रे निधाप्यतम्।
मूलमन्त्रेण सम्प्रोक्ष्य संरक्ष्योस्त्रेण तं प्रिये॥४३९॥

गन्ध तथा माल्यादि से अलङ्कृत कर देवता के सम्मुख स्थापित कर मूल मन्त्र से सम्प्रोक्षण करके मूल ही मन्त्र से संरक्षण करे॥४३९॥

कवचेनावगुण्ठ्याथ मुद्रया धेनुसंज्ञया।
अमृतीकृत्य सर्वा ते देवताय रूपिणं बलिम्॥४४०॥

कवच मुद्रा से अवगुण्ठन कर धेनु मुद्रा से अमृती करण कर समस्त बलियों को देवता के लिए मान कर॥४४०॥

धूपयेत्पशवेत्यक्त्वा नम इत्यर्चयेत्रिधा।
गन्धादिकैस्ततो देवि कर्णे तस्य प्रनिक्षिपेत्॥४४१॥

बलि के पशुओं को ढ़क कर नमः पद से बलि का अर्चन करने के बाद गन्धादि से अर्चित कर, हे देवि! बलि के कान में बलिगायत्री मन्त्र के वाक्यों को सुनाये॥४४१॥

पशुपाशाय इत्युक्त्वा विद्महे तदनन्तरम्।
विप्रकर्णाय देवेशि धीमहीति ततः परम्॥४४२॥

हे देवेशि! पशुपाशाय बोल कर पुनः विद्महे पद उच्चारित कर विप्रकर्णाय धीमहि उच्चारित करे॥४४२॥

तन्नो जीवः समुच्चार्य वदेद्देवि प्रचोदयात्।
इत्येतां पशुगायत्रीं तर्पयित्वा महेश्वरि॥४४३॥

हे माहेश्वरि! पुनः तन्नो जीवः पद के उच्चारण के बाद प्रचोदयात् पद का उच्चारण करे, इस प्रकार पशुगायत्री मन्त्र से पशुओं को तर्पित करे॥४४३॥

निधाय पुरतः खड्गं ॐ ह्रीं काली विधीयते।
काली वज्रेश्वरि लौहान्ते दण्डायै नम इति॥४४४॥

सामने खड्ग स्थापित कर उसपर ॐ हीं काली काली वज्रेश्वरि लौह दण्डायै नमः लिखे॥४४४॥

त्रिधा च पूजयेद्देवि! मुष्टौ तस्य ततोऽर्चयेत्।
वागीश्वरीं च ब्रह्माणीं लक्ष्मीनारायणौ ततः॥४४५॥

खड्ग का तीन बार पूजन कर मुष्ठिका पर पूजन करे, वागीश्वरी, ब्रह्माणी तथा लक्ष्मीनारायण का पूजन करे॥४४५॥

मध्ये ग्रहेशं देवेशि! उमामहेश्वरौ यजेत्।
इत्यर्चितं समादाय खड्गं हस्ते महेश्वरि॥४४६॥

हे देवेशि! मध्य में ग्रहेश का पूजन कर उमामहेश्वर का पूजन करे इस प्रकार अर्चन कर खड्ग को हाथ में ग्रहण करे॥४४६॥

आदाय मन्त्रयेनमन्त्रीमन्त्रेणानेन सुव्रते।।
वज्रायासुरनाशाय देवकार्यार्थतत्पर।।४४७।।

हे सुव्रते! मन्त्र की उपासना करनेवाला साधक खड्ग को इन मन्त्रों से अभिमन्त्रित कर वाक्योच्चार पूर्वक प्रार्थना करे।।४४७।।

पशुच्छेद्य स्वयं शीघ्रं खड्गनाथ नमोऽस्तु ते।
तत उच्चार्य विधिवत्तिथ्युल्लेखाव सानकम्।।४४८।।

जिस प्रकार असुरों के नाश रूपी देवताओं के शीघ्र कार्य सिद्धि के लिए वज्र सदैव तत्पर रहते हैं उसी प्रकार हे खड्ग नाथ! आपको नमस्कार है इस पशु का स्वयं शीघ्र छेदन करें।।४४८।।

गोत्रं नाम च संकीर्त्य कामनां समुदीर्य च।
श्रीभैरव इमं छागबलिं तुभ्यमहं वदेत्।।४४९।।

गोत्रादि के सहित नामोच्चार तथा कामना का उल्लेख पूर्वक श्रीभैरव इमं छाग बलिं तुभ्यं अहं बोले।।४४९।।

प्रददेतत्समुच्चार्य कुशपुष्पाक्षतानितम्।
जलं पशोस्तु निक्षिप्य शिरसि श्रीशिवे ततः।।४५०।।

हे श्रीशिवे! पश्चात् सम्प्रददे पद का उच्चारण कुश, पुष्प, अक्षतादि जल को पशु के शिर के ऊपर छोड़ कर प्रार्थना करे।।४५०।।

यज्ञार्थे पशवः सृष्टा यज्ञार्थे पशुघातनम्।
अतस्त्वां घातयिष्यामि तस्माद्यज्ञे वधोऽवधः।।४५१।।

यज्ञ के लिए स्रष्टा ने पशुओं की सृष्टि की है तथा यज्ञ में ही पशुओं का बध करना चाहिए इस लिए इस यज्ञ में हे पशु! तुम्हारा घात करता हूँ।।४५१।।

इमं सम्बोधयेत्तस्य शिरेः स्पृष्ट्वा युतं पशुम्।
अस्त्रमन्त्रं समुच्चार्य छिन्धि युग्मं ततो वदेत्।।४५२।।

इस प्रकार से सम्बोधन कर उस पशु के शिर को पकड़ कर अस्त्र मन्त्र के साथ दो बार छिन्धि छिन्धि पद का उच्चारण करे।।४५२।।

स्वाहेत्युच्चार्य तं खड्गं तस्य स्कन्धे नियोजयेत्।
स्वात्मानं भैरवं ध्यायन्नामैकेन महेश्वरि।।४५३।।

पश्चात् स्वाहा पद का उच्चारण कर पशु के कन्धे पर खड्ग को रख कर अपनी आत्मा में एकात्मभाव से भैरव स्वरूप ध्यान करे।।४५३।।

प्रहारेण समुच्छेद्य बलिमन्त्र मिमं पठेत्।
शत्रुपक्षस्य रूधिरं पिशितं च दिने दिने।।४५४।।

बलि मन्त्र का पाठ करते हुए एक प्रहार से पशु का शिरश्छेद कर प्रार्थना करे, शत्रु पक्ष के रूधिर का दिनोदिन पान करें।।४५४।।

भक्षयस्व गणैः सार्धे सारमेयसमन्वितः।
शत्रुनामाक्षरैर्मन्त्रविदर्च्य मनुवित्तमः।।४५५।।

अपने गणों के साथ सार के सहित भक्षण करें, मन्त्र को जाननेवाले शत्रु के नामाक्षरों का उच्चारण करे।।४५५।।

सैन्यं शत्रोर्बलित्वेन कल्पयित्वा महेश्वरि।
पशुना सह तत्सैन्यं सम्यक्तस्मै निवेदयेत्।।४५६।।

हे महेश्वरि! बलि के लिए शत्रुओं के सैनिकों की कल्पना विधाता ने किया है इस लिए पशु के साथ शत्रुओं के सैनिकों का निवेदन करे।।४५६।।

अनेन बलिदानेन सन्तुष्टो भैरवः स्वयम्।
शत्रुसैन्यं विभज्याथ स्वगणेभ्यः प्रचच्छति।।४५७।।

इस प्रकार से बलिदान से सन्तुष्ट भैरव स्वयं साधक के शत्रुओं को अपने गणों के साथ विदीर्ण करते हैं।।४५७।।

कुद्धसभां जयेत् शीघ्रं नात्र कार्या विचारणा।
गजानां च तुरङ्गाणां विशेषाच्छान्तये ततः।।४५८।।

क्रूद्ध सभा को शीध्र ही जीत लेता है इसमें विचार नहीं करना चाहिए, हाथियों तथा तुरङ्गों की विशेष शान्ति करना चाहिए।।४५८।।

तदा विप्रानभक्ष्यभोज्यैस्तोषयेच्च सदक्षिणैः।
पूर्वोक्तेन प्रकारेण कलशान्स्थापयेत्ततः।।४५९।।

पश्चात् दक्षिणा के सहित ब्राह्मणों को भक्ष्य, भोज्य पदार्थों से सन्तुष्ट करे, पूर्व में कहे गये विधियों से कलश की स्थापना करे।।४५९।।

तत्र गन्धादिभिः सम्यक् वटुकेशं समर्चयेत्।
अभिषिञ्चेज्जलैस्तैस्तान् गजानश्वांश्च मन्त्रवित्।।४६०।।

उस कलश पर ही वटुकेश का समर्चन कर मन्त्र का अनुष्ठाता साधक कलश के जल से हाथियों और अश्वों के ऊपर अभिषिञ्चन करे।।४६०।।

वर्द्धते प्रत्यहं चैते गजाश्चापि तुरङ्गमाः।
तेषां च समरे शक्तिर्महती जायते ततः।।४६१।।

